3 बस्तर संभाग
पीडब्लूडी के अधिकारी दे रहे चहेते ठेकेदारों को ही टेंडर फार्म

6 अभिमत
पंजाब चुनाव में मुख्यमंत्री चेहरे

10 संस्कारधानी
अंततः रेत ठेकेदार आये सामने कहा खदान में सब कुछ वैध

11 न्यायधानी
घाटे में चलने वाला नया बस स्टैंड में टिकट दलालों का...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 23 जनवरी 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 155 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### रैलियों पर प्रतिबंध की अवधि 31 जनवरी तक बढ़ायी गयी

**नयी दिल्ली।** पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग ने इन राज्यों में रैलियों पर लगे प्रतिबंध को 31 जनवरी तक बढ़ा दिया है। चुनाव आयोग की ओर से शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राजनीतिक दलों को इस अवधि तक केवल वर्चुअल रैली करने की इजाजत दी गई है।

### मुंबई में आग से सात लोगों की मौत, 17 झुलसे


**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक बीस मंजिले रिहायशी इमारत के 18वें मंजिल पर आग लगने से शनिवार को सात लोगों की मृत्यु हो गई तथा 17 अन्य झुलस गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सेंट्रल मुंबई के टरडियो में नाना चौक के पास कमला रिहायशी इमारत में हुई। इस हादसे में 17 अन्य लोग झुलसकर जख्मी हुए हैं जिन्हें भाटिया अस्पताल पहुंचाया गया।

### सुप्रिया एरन सपा में शामिल हुई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में बरेली सीट से कांग्रेस का टिकट हासिल करने के महज एक सप्ताह बाद सुप्रिया एरन समाजवादी पार्टी (सपा) में शामिल हो गयीं। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने बरेली की पूर्व मेयर सुप्रिया एरन को बरेली सीट से 13 जनवरी को उम्मीदवार घोषित किया था।

# सीएम भूपेश ने धान खरीदी एक सप्ताह बढ़ाने का किया ऐलान

## अब 7 फरवरी तक किसानों से की जाएगी धान की खरीदी



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा फैसला लिया। राज्य में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने धान खरीदी की निर्धारित अवधि में एक सप्ताह की वृद्धि किए जाने का एलान किया। राज्य में अब 7 फरवरी तक किसानों से धान खरीदी की जाएगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा, सहकारिता सचिव हिमशिखर गुप्ता, नान के एमडी निरंजन दास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान उपार्जन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सीधे सोसायटियों से मिलर्स द्वारा धान का उठाव किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे उपार्जित धान के परिवहन व्यय बचने के साथ ही कस्टम मिलिंग तेजी से होगी। मुख्यमंत्री ने अप्रैल माह तक शत-प्रतिशत धान का उठाव सुनिश्चित करने के साथ ही कस्टम मिलिंग के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने धान के उपार्जन के साथ-साथ किसानों की राशि के भुगतान का भी विशेष रूप से ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री ने एफसीआई में स्थिति में 6 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराए जाने को एक उपलब्धि बताया और इसकी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एफसीआई में लगातार लक्ष्य के अनुरूप चावल जमा होते रहे, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि राज्य में 21 जनवरी की स्थिति में 78.92 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है, जो कि इस साल के अवमानित लक्ष्य का 75 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि इस साल धान बेचने के लिए 24 लाख 5 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। धान का पंजीकृत रकबा 30 लाख 21 हजार हेक्टेयर है। इस साल पंजीकृत किसानों की संख्या में 2 लाख 52 हजार तथा रकबे में 2 लाख 28 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई है, जो कि गत वर्ष की तुलना में क्रमशः 11.76 प्रतिशत एवं 8.20 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 19 लाख किसान धान बेच चुके हैं। समर्थन मूल्य पर क्रय किए जा चुके धान का मूल्य 15 हजार 335 करोड़ रूपए है। किसानों को शत-प्रतिशत राशि का भुगतान किया जा चुका है। किसानों द्वारा इस साल 71 हजार गठान बारदाना धान खरीदी के लिए उपलब्ध कराया गया, जिसकी कुल राशि 88.20 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि उपार्जित धान में से 41 लाख मीट्रिक टन का उठाव किया जा चुका है। धान खरीदी के लिए राज्य में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है। राज्य में अब शेष अवधि में धान की खरीदी के लिए 1.30 लाख गठान बारदाने की आवश्यकता होगी, जबकि इसके लिए 1.52 गठान बारदाना उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस साल उपार्जित धान के एवज में एफसीआई में लगभग 6 लाख मीट्रिक टन तथा नान में 4.63 लाख मीट्रिक टन इस प्रकार कुल 10.57 लाख मीट्रिक टन जमा कराया जा चुका है।

## राज्य में मिशन के रूप में संचालित है गोधन न्याय योजना

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना को पूरे देश में एक आदर्श योजना के रूप में स्वीकार किया है। इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के राजपथ पर गोधन न्याय योजना की झांकी देश-दुनिया के लोग देखेगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को छत्तीसगढ़ राज्य में मिशन के रूप में संचालित किया जा रहा है। गांवों में स्थापित गौठानों में आजीविका के साधनों को बढ़ाने के उद्देश्य से यहां रूरल इंडस्ट्रियल पार्क तेजी से विकसित किए जा रहे है। गौठानों में अब तेल मिल एवं दाल मिल स्थापित किए जाने का काम शुरू कर दिया गया है। प्रथम चरण में राज्य के 148 गौठानों में तेल मिल और 188 गौठानों में दाल मिल की स्थापना की जा रही है। इससे गौठानों में आय मूलक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री बघेल अपने निवास कार्यालय में आयोजित गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पशुपालक ग्रामीणों, गौठान समितियों और गौठानों से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों को 4 करोड़ 21 लाख रूपए की राशि का ऑनलाइन भुगतान किया, जिसमें बीते एक पखवाड़े में क्रय गोबर के एवज में 2 करोड़ 76 लाख रूपए गौठान समितियों को 87 लाख रूपए और महिला स्व-सहायता समूहों को 58 लाख रूपए की लाभांश राशि शामिल है। गोबर खरीदी की एवज में अब तक गौपालकों को 122 करोड़ 17 लाख रूपए किया गया है। गौठान समितियों को 45.31 करोड़ रूपए एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 29.46 करोड़ रूपए की लाभांश राशि भुगतान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना के माध्यम से जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देकर राज्य में कृषि लागत को कम करने में मदद मिली है। फसल विविधीकरण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है और कृषि उत्पाद के प्रोसेसिंग की व्यवस्था गौठानों में कर रहे है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी। उन्होंने गौठानों में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट एवं अन्य उत्पाद तैयार करने में जुटी महिला स्व-सहायता समूह की सराहना की और कहा कि हमारी महिला बहनों ने अब तक 10.38 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट तथा 4.36 लाख क्विंटल से अधिक सुपर कम्पोस्ट खाद तैयार किया है, जिससे राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा मिला है और रासायनिक उर्वरकों की कमी को भी पूरा करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि गौठानों में आय की विविधगतिविधियों को अपनाकर हमारी महिला बहनों ने अबतक 50 करोड़ 57 लाख रूपए की आय अर्जित की है। इससे महिला समूहों में स्वावलंबन के प्रति एक नया आत्मविश्वास जगा है।

# परिस्थिति बनी तो कांग्रेस उत्तर प्रदेश में सपा को देगी समर्थन : प्रियंका वाड्रा

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में परिस्थिति आने पर समाजवादी पार्टी (सपा) को सरकार बनाने के लिए समर्थन देने का संकेत दिया है। वाड्रा ने एक निजी समाचार चैनल से बातचीत के दौरान इस बारे में पूछे गये एक सवाल के जवाब में कहा, यदि ऐसी परिस्थितियां आईं तो मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई दिक्क त होगी। इसी से संबंधित इस सवाल पर कि यदि सपा कुछ सीटों से पिछड़ती है तो क्या कांग्रेस उन्हें सरकार बनाने के लिए समर्थन दे सकती है, वाड्रा ने कहा, बशर्ते मेरे युवाओं, महिलाओं का एजेंडा लागू हो। वाड्रा ने इस बातचीत में यह भी कहा कि वह विचारधारा की लड़ाई लड़ रही हैं और उनका मकसद महिलाओं को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा, हम बहुत मजबूती से लड़ रहे हैं। सत्ता पाएंगे या नहीं? यह भविष्यवाणी तो मैं कर नहीं सकती हूं। लेकिन मैं ये कहना चाहती हूं कि जो हमारा संघर्ष हैं, वह महिलाओं और युवाओं के लिए है। किसी न किसी को तो इनकी बात करनी पड़ेगी। ये सिर्फ सत्ता में आने का माध्यम नहीं है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि कांग्रेस ने जिन गरीब और कमजोर महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि प्रदेश में कांग्रेस के टिकट से लड़ रहे उम्मीदवारों के लिए चुनाव लड़ना आईसीयू में पड़े मरीज को मैराथन दौड़ने जैसा है, वाड्रा ने कहा, उनका काम है कहना, हमारा काम है करके दिखाना।... वह हल्की बातें कर रहे हैं।

### जन अधिकारों को खत्म करने पर तुली है मोदी सरकार : राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार को जन अधिकार विरोधी करार देते हुए कहा है कि वह शुरू से ही जनता के अधिकारों को खत्म करने की साजिश करती रही है। गांधी ने एक बयान में सवाल किया है कि जन अधिकारों के बिना दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं होता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार शुरू से जन अधिकारों को ख़त्म करने की कोशिश करती आ रही है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि मौलिक अधिकारों समेत क्या इन अधिकारों के बिना भारत की कल्पना की जा सकती है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जन अधिकारों को महत्त्व दिया है और कहा है कि उनकी पार्टी ने जनता को भोजन का अधिकार दिया ताकि किसी को भूख का सामना ना करना पड़े। इसी तरह से शिक्षा का अधिकार दिया है और यही वजह है कि बच्चा-बच्चा स्कूल जाता है। एक बेहतर कल बनाता है अपने लिए और देश के लिए। उन्होंने रोज़गार के अधिकार का भी सवाल उठाया और कहा कि भाजपा के कट्टर विरोध के बावजूद कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने जनता को रोज़गार की सुरक्षा दी। कोविड के मुश्किल समय में भी इससे देशवासियों को सहारा मिला। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी सरकार ने सूचना का अधिकार देश की जनता को दिया है क्योंकि लोकतंत्र का दूसरा नाम पारदर्शिता है। जनता को सवाल करने और जवाब पाने का अधिकार है और आर टी आई का अधिकार भी कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने ही दिया है। उन्होंने सवाल किया कि इनमें से किस अधिकार से प्रधानमंत्री को आपत्ति है और क्यों है।

# बेरोजगारों से 1 करोड़ से भी अधिक राशि वसूलने वाले अधिकारी पर एफआईआर की मांग

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार


79 कर्मचारियों की फर्जी नियुक्ति : 64 लोगों को सरकारी फंड से वेतन के लिए 18 लाख रुपए का हुआ भुगतान
पुराने लोगों को वेतन नहीं मिलने पर हुआ मामले का खुलासा, हाईकोर्ट तक पहुंचे पीड़ित
1 करोड़ 18 लाख की वसूली का आरोप, 79 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की फर्जी नियुक्ति

बेरोजगारों से आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा नौकरी देने के नाम पर ठगी करने के मामले में संसदीय सचिव और कुनकुरी विधायक यूडी मिंज ने कड़ा रूख अख्तियार किया है। उन्होंने पायनियर संवाददाता से चर्चा करते हुए कहा, बेरोजगारों से 1 करोड़ से अधिक की अवैध वसूली करने और उसे छिपाने के लिए सरकारी खजाने से 18 लाख रुपए का वेतन दिए जाने की घटना को बेहद निंदनीय घटना बताया और कहा, इस घटना को अंजाम देने वाले जिम्मेदारी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अपराध दर्ज होना चाहिए। उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा जाना नहीं चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह सुनियोजित ढंग से किया गया व्यापक भ्रष्टाचार है जिसे बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए जो कुछ भी करना पड़े वह करेंगे।

### सीएम से करेंगे शिकायत

विधायक यूडी मिंज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार को बिलकुल भी बर्दास्त नहीं करती है। अबतक जशपुर में जितने भी मामले सामने आए उसपर प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोगों को न्याय दिलाया है। 79 चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की भर्ती के नाम पर हुई ठगी के मामले की शिकायत भी प्रदेश के मुखिया से की जाएगी और इसपर कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी तााकि भविष्य में कोई भी इस तरह से बेरोजगारों से वूसली करने के बारे में सोच न सके।

### ठगी करने की हद पार कर दी

संसदीय सचिव मिंज ने कहा कि नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वालों की तरह ही आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ने सभी हदें पार करते हुए जशपुर के बेरोजगार युवाओं और उनके परिजनों को ठगा है। फर्जी दस्तावेज देकर उन्हें नौकरी का झांसा दिया और लाखों रुपए वसूल लिए। इस वसूली के लिए सरकारी खजाना तक को खाली किया गया है।



आदिवासी विकास विभाग के तत्कालीन सहायक आयुक्त एसके वाहने की पदस्थापना के दौरान यह गड़बड़ी हुई है। उनके साथ ही अन्य उनके साथियों के खिलाफ जांच होनी चाहिए और कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार से इसकी मांग की जाएगी।

**यूडी मिंज,** विधायक कुनकुरी

### प्रदेश में वसूली तथा ठगी का मॉडल चल रहा : विष्णुदेव साय



भारतीय जनता प्रार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने अपने ट्वीटर एकाउंट में राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर में प्रकाशित समाचार पत्र की कटिंग अपलोड़ करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा, साय ने कहा प्रदेश में वसूली तथा ठगी का मॉडल चल रहा है। उन्होंने कहा की क्या यह मॉडल सह से चल रहा है। तो वही बीजेपी के नितिन राय ने बताया कि सोमवार को इस घटना के संबंध में कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## परिवर्तनकारी कदमों से सत्ता में जनता की भागीदारी ग्राम स्तर पर हो रही

# अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में आतंकवादी हमलों में कमी, सत्ता में जनभागीदारी बढ़ी : शाह


एजेंसी ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के निष्प्रभावी होने के बाद कश्मीर घाटी में कानून व्यवस्था में गिरावट के दावे को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि पहले की तुलना में वहां आतंकवाद और वारदात में मौत में कमी दर्ज की गयी है। शाह जम्मू कश्मीर में ज़िला सुशासन सूचकांक का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में 2019 में मोदी सरकार द्वारा उठाए गए परिवर्तनकारी कदमों से सत्ता में जनता की भागीदारी ग्राम स्तर पर हो रही है। पहले जिस कश्मीर में केवल 87 विधायक, छह सांसद और तीन परिवार ही सत्ता की हिस्सेदारी में होते थे, वहां आज ग्रामस्तर से लेकर राज्य तक 30 हज़ार से अधिक जनता के नुमाइंदे जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ राजनीतिक पार्टियां आहत हैं क्योंकि उनके परिवार की गिरफ़्त में निकलकर जम्मू-कश्मीर में पंचायतीराज आया है। ऐसे लोग कहते हैं जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद यहां क़ानून व्यवस्था बिगड़ी है। मैं इन लोगों को बताना चाहता हूं कि अप्रैल, 2017 से 2019 और 2019 से 2021 के काल का अगर तुलनातत्मक अध्ययन करें तो आतंकवादी घटनाओं में 40 प्रतिशत की और मृत्यु में 57 प्रतिशत की कमी हुई है। उन्होंने कहा कि पंचायत अधिनियम के लागू होने के परिणाम आने वाले एक दशक में कश्मीर की जनता के सामने होंगे।

### जम्मू कश्मीर को जल्द मिलेगा राज्य का दर्जा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में मौजूदा परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसके राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जायेगा। शाह ने वर्चुअली जिला सुशासन सूचकांक को जारी करते हुये कहा कि परिसीमन की कवायद शुरू हो गई है तथा इसके पूरा हो जाने के बाद चुनाव कराये जायेंगे और जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। शाह ने कहा, मैंने संसद में आश्वासन दिया था कि एक बार स्थिति सामान्य होने पर चुनाव कराये जायेंगे और जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जायेगा। मैं कश्मीर घाटी के लोगों, विशेषकर युवाओं से भी अपील करना चाहता हूं कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई चल रही विकासात्मक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनें।



# जल-जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश
# नागरिकता प्रदान करने के आवेदन होंगे ऑनलाइन

## होम आइसोलेशन में रहने वाले संक्रमित मरीजों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश

- उत्पादन और सेवा क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने बनायी जाए कार्ययोजना
- मुख्य सचिव ने वर्चुअल बैठक में संभागायुक्तों और कलेक्टरों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने समस्त संभागायुक्तों और कलेक्टर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में जल-जीवन मिशन के कार्यों की धीमी गति को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्य के प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश राज्य स्तरीय अधिकारियों को दिए। जैन ने भारत की नागरिकता प्रदान करने के लिए प्राप्त हुए आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री करने और सभी जरूरी प्रक्रिया समयावधि में पूरा करने और आगे की कार्यवाही के लिए राज्य स्तर पर आवेदनों को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। मुख्य सचिव ने कोविड संक्रमण से ग्रस्त, होम आइसोलेशन में रहकर उपचार कराने वाले मरीजों के डेटा का संकलन करने कहा है। वेक्सीन की प्रथम डोज ले चुके लोगों को दूसरे डोज की अनिवार्यता समझाते हुए दूसरे डोज का टीकाकरण लेने के लिए सूचित करने के निर्देश दिए। जैन ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग के पास कोविड-19 के टीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अतः पात्र सभी लोगों को टीकाकरण के लिए टीकाकरण केन्द्र तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने संक्रमण की जांच के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। जिला स्तर पर गठित कंट्रोल रूम में कोविड-19 से बचाव के लिए टीकाकरण केन्द्र, अस्पतालों में उपलब्ध बिस्तर आदि सभी जानकारियां रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह भी कहा गया है कि कलेक्टर स्वयं प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्थानीय मीडिया को समय-समय पर जानकारी उपलब्ध कराते रहें। जैन ने कलेक्टरों से कहा है कि कोविड-19 संक्रमण के तीसरे लहर में गंभीर संक्रमित मरीजों के अस्पतालों में भर्ती होने की दर बेहद कम है। उसके बाद भी संक्रमण के कारण होने वाले मौतों को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत जानकारी संकलित की जाएं और मरीजों का इलाज सुनिश्चित किया जाएं। मुख्य सचिव ने छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के तहत आगामी पांच साल में 12 से 15 लाख रोजगार के अवसर निर्मित किए जाने की दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि स्थानीय जरूरतों के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने की कार्ययोजना बनायी जाए। उत्पादन और सेवा क्षेत्र में विशेष रूप से रोजगार के अवसर निर्मित किए जाए। उन्होंने युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने कहा है। जैन ने अगले एक माह के भीतर प्रत्येक जिला से इस संबंध में कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव और छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आलोक शुक्ला, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. मनिन्दर कौर द्विवेदी और गृह विभाग के सचिव अरूण देव गौतम भी उपस्थित थे।

## महिलाओं के साथ हो रहे अपराध को रोकने में प्रदेश सरकार पूरी तरह नाकाम : शालिनी राजपूत



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की उदासीनता के चलते आज छत्तीसगढ़ में नारी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। हमेशा से नारी जाति को कांग्रेस वोट बैंक का हिस्सा ही मानती रही है। महिला सुरक्षा को लेकर प्रदेश की सरकार जरा भी रुचि नहीं दिखा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधी लगातार हत्या, बलात्कार, छेड़छाड़, लूटपाट, चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे और प्रदेश की शासन व्यवस्था और प्रशासन व्यवस्था कुंभकरण की निद्रा में सोए हुए हैं।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती राजपूत ने कहा कि प्रदेश में आए दिन महिलाओं के साथ हो रहे घटनाओं को रोकने के लिए ना तो पुलिस प्रशासन रुचि दिखा रही है और न ही प्रदेश की सरकार इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में एक युवती जब मंदिर से घर लौट रही थी तो उसी दौरान चार युवकों ने उस लड़की का रास्ता रोककर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। राजधानी रायपुर में एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ एक नाबालिग लड़के ने दुराचार किया। वहीं कांकेर जिले के पुरियारा निवासी 25 साल की युवती 4 जनवरी से लापता थी, जिनकी लाश एक बड़े व्यापारी के नए मकान के पीछे सड़ी गली स्थिति में मिली। बालोद जिले में एक युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को हैदराबाद ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बालोद जिले के देवरी थाना अंतर्गत एक गांव की 50 वर्ष की महिला को ब्लैकमेलिंग कर डरा धमकाकर 3 साल तक उसके साथ दैहिक शोषण किया गया। उन्होंने कहा कि भिलाई में प्रताड़ना से तंग आकर एक महिला ने आत्महत्या कर लिया। मैनपुर में एक युवक द्वारा युवती को जबरदस्ती अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## सिल्क विवर्स द्वारा गुरुतेग बहादुर भवन में जारी भव्य प्रदर्शनी को भारी प्रतिसाद

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com





सिविल लाइन्स स्थित गुरु तेग बहादुर भवन में दिनांक 20 जनवरी से 25 जनवरी तक सिल्क विवर्स द्वारा एग्जिबिशन कम सेल का भव्य आयोजन किया जा रहा है। रायपुर उत्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी में वैवाहिक सीजन के कपड़े एवं विंटर कलेक्शन प्राप्त होंगे प्रदर्शनी प्रातः 10:30 बजे से शाम 8:30 बजे तक जारी रहेगी प्रदर्शनी में कोरोना प्रोटोकॉल का पूरा पालन किया गया है। सिल्क विवर्स प्रदर्शनी में साड़ी, ड्रेस मटेरियल, दुपट्टा, कुर्ती, स्टोल्स, ज्वेलरी एवं अन्य कलेक्शन उपलब्ध होंगे प्रदर्शनी में बिहार, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, वेस्ट बंगाल, आसाम, जम्मू एंड कश्मीर एवं राजस्थान की प्रदर्शनी लगाई गई है प्रदर्शनी में डिजाइनर सिल्क एवं कॉटन के वस्त्र उपलब्ध कराए गए हैं प्रदर्शनी में मैरिजआयटम, बुटीक एवं होलसेल शॉपिंग करने पर आकर्षक डिस्काउंट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## आवास मंत्री अकबर ने 'मोर जमीन मोर मकान योजना' के तहत 58 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र तथा पूर्णता पत्र का किया वितरण

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय से वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से 'मोर जमीन मोर मकान योजना' के तहत कवर्धा के 50 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र और 8 हितग्राही को पूर्णता का प्रमाण पत्र वितरित किया।

स्वीकृति पत्र का वितरण करते हुए वन मंत्री अकबर ने कहा कि योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा निम्न आय वर्ग के हितग्राहियों को बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्के आवास उपलब्ध कराना है। आवास योजना-सबके लिए आवास मिशन÷ में आवास निर्माण के 4 मॉडल उपलब्ध हैं। भूमि का संसाधन के रुप में उपयोग करते हुए स्थायी झुग्गी बस्तियों का पुनर्विकास, ऋण के ब्याज दर में अनुदान द्वारा कमजोर आय वर्ग अथवा निम्न आय वर्ग के लिए किफायती आवास निर्माण को प्रोत्साहन, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की भागीदारी से किफायती आवास निर्माण और हितग्राही द्वारा स्वयं आवास निर्माण के लिए अनुदान है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा चतुर्थ मॉडल 'हितग्राही द्वारा स्वयं आवास निर्माण' के क्रियान्वयन के लिए 'मोर जमीन-मोर मकान योजना' प्रारंभ की गई है।

मंत्री मोहम्मद अकबर ने विडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से वार्ड क्रमांक 5 के मो. सलीम तवर, वार्ड क्रमांक 6 के तसरीफून निशा, परवीन बानो, वार्ड क्रमांक 8 के कन्हैयालाल साहू, वार्ड क्रमांक 11 श्यामबाई यादव, वार्ड क्रमांक 13 सविता झारिया, वार्ड क्रमांक 16 के गंगासिंह पाली और राखी पाली को पूर्णता प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शुद्ध लाभ दोगुना होकर 325 करोड़ रुपए



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफमहाराष्ट्र (बीओएम) का शुद्ध लाभ 31 दिसंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में दोगुना होकर 325 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। फंसे हुए कर्ज में कमी से बैंक का लाभ बढ़ा है। पुणे के बैंक ने इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 154 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। आलोच्य तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 3,893 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 3,582 करोड़ रुपए थी। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान बैंक की ब्याज आय 17 प्रतिशत बढ़कर 1,527 करोड़ रुपए रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,306 करोड़ रुपए थी। बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही में 6,104.65 करोड़ रुपए रही।

## धान खरीदी की तिथि बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार : मोहन मरकाम

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मियाद एक सप्ताह बढ़ाने की घोषणा किये जाने का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि किसान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार किसानों की सरकार है। किसानों का हित कांग्रेस सरकार की पहली प्राथमिकता है। किसानों के हित में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लिये गए निर्णय से किसानों में हर्ष है। पहले 31 जनवरी तक धान ख़रीदी की तारीख़ तय की गई थी जो अब एक सप्ताह और बढ़ा दी गयी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राज में किसानों को किसी भी प्रकार की कोई चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। कांग्रेस की सरकार चौबीसों घंटे, हर स्थिति में किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केंद्र सरकार ने अड़ंगे के बावजूद किसानों का धान 2500 रुपये की दर से खरीद रहे हैं। सरकार बनते ही किसानों का कर्जा माफ किया गया। केंद्र सरकार प्रायोजित बारदाना संकट से मुकाबला करते हुए किसानों का दाना-दाना ख़रीद रहे हैं। बेमौसम बरसात के कारण धान खरीदी प्रभावित हुई तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी की समय सीमा बढ़ा दी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत किसानों, पशुपालकों को अतिरिक्त आर्थिक स्रोत उपलब्ध कराया गया है। जिसकी किश्त हर पंद्रह रोज में जारी की जा रही है। आज भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2.76 करोड़ भुगतान की किश्त जारी की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं जिससे किसानों के जीवन में खुशहाली आ रही है। अब किसान हित में धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों की चिंता दूर कर दी है। प्रदेश कांग्रेस मोहन मरकाम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धान खरीदी के बारे में कोरी बयानबाजी करना बंद करे। भाजपा ने 15 सालों तक जितना खरीदी करती थी उससे ज्यादा खरीदी भूपेश बघेल सरकार अभी तक कर चुकी है। अभी तक 81 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है।

## डॉ. चरणदास महंत ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें याद करते हुए दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, आजाद हिन्द फौज के संस्थापक और जय हिन्द का नारा देने वाले नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती पर देश को समर्पित उनके कार्यो का याद करते हुये दी श्रद्धांजलि।

डॉ महंत ने कहा, पूर्ण स्वराज और स्वतंत्र भारत की कल्पना करने वाले नेताजी सुभाष चन्द्र बोस भारत के एक सच्चे वीर सपूत, एक भारतीय राष्ट्रवादी नेता और महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद कराने के लिए कुर्बान कर दी।

**'तुम मुझे खून दो, मै तुम्हे आजादी दूंगा'** : सुभाष चन्द्र बोस ने अपने फौलादी इरादों और अपने साहसी कामों से भारत में अंग्रेजों की नींव कमजोर कर दी थी, और उन्हें एहसास दिलवा दिया था कि वे भारत में ज्यादा दिन तक शासन नहीं कर सकेंगे, ऐसे महान देश भक्त को विनम्र श्रद्धांजलि।

### प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में लगातार बढ़ रही आवक

## मिलेट मिशन : कोदो, कुटकी और रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी जोरों पर

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ को देश का मिलेट हब बनाने के लिए शुरु किए गए मिलेट मिशन के तहत कोदो, कुटकी एवं रागी की फसलों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी के साथ ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना में किसानों को इन फसलों को इनपुट सब्सिडी देने का फैसला भी लिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर कोदो, कुटकी और रागी की फसल लेने वाले किसानों को इनकी बिक्री में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए राज्य की सभी प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। प्रदेश में अब तक सवा करोड़ रूपए से अधिक मूल्य की 4110 क्विंटल कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी की गई है।

**कुपोषण दूर करने दिया जा रहा बढ़ावा :** वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि मिलेट उत्पादन बढ़ाने के लिए के पीछे राज्य सरकार की मंशा है कि इन फसलों का अधिक से अधिक उपयोग बच्चों के कुपोषण दूर करने में किया जाए। समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले मिलेट का उपयोग मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आंगनबाड़ी के पोषण आहार कार्यक्रम में करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सभी प्राथमिक वन समितियों में इन फसलों की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को इनकी खेती के लिए दिए जा रहे प्रोत्साहन से आने वाले समय में इन फसलों का उत्पादन और बढ़ेगा।

### किसानों को मिलेगी इन्पुट सब्सिडी

राज्य सरकार ने उपज की सही कीमत दिलाने के लिए समर्थन मूल्य घोषित किया है, साथ ही मिलेट फसलों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना में कोदो, कुटकी और रागी की फसल लेने वाले किसानों को 9 हजार रुपए प्रति एकड़ और धान के बदले कोदो-कुटकी और रागी की फसल लेने वाले किसानों को 10 हजार रुपए प्रति एकड़ इनपुट सबसिडी दी जाएगी। समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले मिलेट का उपयोग मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, आंगनबाड़ी के पोषण आहार कार्यक्रम में किया जाएगा।

## एसएसपी ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक

**रायपुर।** रायपुर जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रशांत अग्रवाल आज पुलिस अधिकारियों की बैठक ले रहे है। इस बैठक में रायपुर में बढ़ते अपराधों की रोकथाम सहित अन्य कई बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश दे रहे है। राजधानी रायपुर में शहर की सुरक्षा, बढ़ते अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने जैसे विषय को लेकर रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल आज अपने अधीन पुलिस अधिकारियों की बैठक ले रहे है। बैठक में रायपुर के सभी एएसपी, सीएसपी और थानेदार मौजूद हैं। बैठक में बढ़ते अपराधों, कायमी अपराधों, अपराधियों की गिरफ्तारी, अपराध रोकने उठाए गए कदम, घटित अपराधों की वास्तविक स्थिति सहित अन्य जरुरी मामलों को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया गया। इसके साथ ही रायपुर के लोगों को दहशत से मुक्त कराने पुलिसिंग अभियान चलाने पर जोर दिया जा रहा है।

## आसकरण बोथरा का निधन



**रायपुर।** शंकर नगर निवासी 80 वर्षीय श्री आसकरण बोथरा का आज 22, 01, 2022 को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया । वे सुनील, मूलचंद(गोलू)के पिता एवं ऋषभ(नट्टू)के दादा जी थे।

# पीडब्लूडी के अधिकारी दे रहे चहेते ठेकेदारों को ही टेंडर फार्म

## अधिकारियों पर रकम ले कुछ ठेकेदारों से सेटिंग का लग रहा आरोप

■ बिना कारण बताए पहले भी 3 दफे किया जा चुका है टेंडर केंसल, पटरी भराई के कार्य का

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में अब काम प्रारम्भ होने से पहले ही उंगलिया उठने लगी है, लोक निर्माण विभाग अपने चहेतों को उपकृत करने के लिए निविदा फार्म जारी कर दिया। वहीं पात्र बेरोजगारों से आवेदन शुल्क लेने के बाद भी न तो फार्म दिया गया और न ही मनी रसीद दी जा रही है। बेरोजगारों का कहना है कि ऐसा करने से शासन को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। कोण्डागांव पीडब्ल्यूडी की ओर से विभिन्न् निर्माण कार्यों के लिए बेरोजगारों से 20जनवरी 2021 तक निविदा फार्म लेना था।

विभाग के अधिकारियों की ओर से तय समय पर आवेदन के लिए शुल्क तो लिया गया। जब आवेदन देने की बारी आई तो कार्यपालन अभियंता हरचंद दौड़के ने कुछ बेरोजगारों को यह कहते हुए आवेदन नहीं दिया कि अंतिम तिथि निकल गई है। जबकि अपने चेहेतों को रेवड़ी की तरह काम बांट दिया है। इससे वंचित बेरोजगारों ने जब जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क किया तो उनका कहना था कि तिथि निकलने के बाद आवेदन फार्म नहीं मिलेगा। साथ ही बेरोजगारों को मनी रसीद भी नहीं दी जा रही है। एक फार्म के लिए विभाग की ओर से 750 रुपये लिए गए हैं।

बीते 20 जनवरी को मिट्टी कार्य मे पटरी भराई का ए.आर.टेंडर फार्म लेने का अंतिम तारीख था वहीं फार्म लेने पहुंचे ठेकेदारों को फार्म न दे विभाग कुछ चुनिन्दा ठेकेदारों को ही फार्म देने से पीडब्ल्यूडी में पंजीकृत ठेकेदारों में भारी रोष नजर आया।

वहीँ कुछ ठेकेदारों को ही फार्म देने से अन्य ठेकेदार अधिकारियों व बाबूओं पर भारी लेंन देन कर सेटिंग कर फार्म देने की बात कर रहे है। टेंडर से वंचित ठेकेदारों का कहना है कि आवेदन तय तिथि के अनुसार ही जमा किया गया था। लेकिन लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने दूसरे दिन मनी रसीद देने की बात कहते हुए टाल दिया गया। उनका आरोप है कि इस पूरे मामले में लोक निर्माण विभाग कोण्डागांव के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। निविदा फार्म जमा नहीं होने से शासन को ही लाखों रुपये का नुकसान होगा। गौरतलब है कि लोक निर्माण विभाग की ओर से पट्टी मरम्मत के लगभग 18 निर्माण कार्यो के लिए टेंडर जारी किया गया था।

**तीन बार किया जा चुका है निरस्त उक्त कार्य के टेंडर का :** ज्ञात हो कि उक्त मिट्टी का कार्य 4.5 करोड़ का है जिसमें पहले 2-2करोड़ के तीन टेंडर जारी किए गए थे वही दूसरी बार 50-50 लाख के 9 निविदा आमंत्रित की गई जिसे बगैर किसी कारणवश टेंडर कैंसल कर तीसरी बार 50-50 लाख पुनः 9 टेंडर जारी कर दिया गया जिसके बाद 25-25 लाख के 18 टेंडर जारी किए गए थे, जिसकी निविदा फार्म 20 जनवरी तक जमा होना था लेकिन लेकिन कुछ ठेकेदारों को छोड़ अन्य ठेकेदारों को फार्म ही नही दिया गया, ज्ञात हो कि उक्त कार्य केवल मिट्टी मरम्मत (पटरी भराई) का है।जिसमे अधिकारियों पर उक्त कार्य के लिए भारी लेनदेन की बात की जा रही है।

मामले पर जब कार्यपालन अभियंता एच सी दोड़के से दुरभाष से जानकारी लेने हेतु उनके मोबाईल न.08458846232 बात करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया,वहीं विभाग के संबंधित बाबू शाखा प्रभारी द्वारा गोलमोल जवाब देते कहा कि उक्त मामले पर जो जानकारी देना है ई. साहब ही देंगे। वही 3बार बगैर किसी कारण के टेंडर निरस्त करने व अब 4थी बार के टेण्डर में अपने कुछ चहेते ठेकेदारों को ही फार्म देने से उक्त कार्य मे बड़ी राशि के लेनदेन से इनकार नही किया जा सकता।

# नवसर्वेक्षित गांवों के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़े



पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में विभिन्न योजना को लेकर समीक्षा की। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्नाा योजनाओं केसीसी निर्माण, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, पीएम किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आत्मा योजना, भूमि समतलीकरण, डबरी निर्माण बोरवेल मुख्यमंत्री पौधारोपण योजना सामुदायिक, फेसिंग, प्रधानमंत्री सुक्ष्म सिंचाई, सुरक्षित खेती पैक हाऊस, सब्जी विस्तार जन धन योजना मुर्गी शेड तथा अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले के नवसर्वेक्षित गांवों के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़े और उन्हें लाभांवित करें। उन्होंने कहा कि इन ग्रामीणों को शासन की विभिन्नाा योजनाओं का लाभ दिलाने 21 एवं 22 जनवरी को ग्राम पंचायत भरंडा में प्राथमिक शाला भवन, टेमरूगांव में प्राथमिक शाला भवन, हुच्चाकोट में प्राथमिक शाला भवन, सुपगांव में प्राथमिक शाला भवन, गोर्रा में प्राथमिक शाला भवन, कुमगांव में आंगनबाड़ी केंद्र, हितुलवाड़ में प्राथमिक शाला भवन, कातुलबेड़ा में प्राथमिक शाला भवन और रेंगाबेड़ा में प्राथमिक शाला भवन में सुबह 11 बजे से शिविरों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में एसडीएम जितेंद्र कुर्रे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर घनश्याम जांगड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ओरछा रामांचल यादव, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख आकाश भारद्वाज, डीएमओ निषाद, नोडल अधिकारी सहकारी बैंक प्रतीक अवस्थी के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# वाहन अधिहरण के लिए कलेक्टर ने जारी किया उद्घोषणा

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले के कलेक्टर द्वारा 03 जनवरी 2016 को महिन्द्रा बुलेरो क्रमांक सीजी 04 एचए 0324 में अवैध मदिरा परिवहन करते पाये जाने पर थाना भैरमगढ़ के अपराध क्रमांक 02/2016 धारा 34 (2) छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट 1915 के प्रकरण में जब्त की गई है। उक्त वाहन अधिहरण राजसात किये जाने हेतु न्यायलय में प्रकरण विचारधीन है। उपलब्ध दस्तावेज अनुसार वाहन अमीर खान पिता एम यू खान महोबा बाजार रायपुर के नाम से पंजीकृत है। महिन्द्रा बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 04 एचए 0324 वाहन को अधिहरण राजसात किया जाना प्रस्तावित है। उक्त वाहन को अधिहरण किये जाने पर किसी व्यक्ति, संस्था को कोई दावा, आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति के स्वयं या अधिकृत व्यक्ति, अभिभाषक के माध्यम से 14 फरवरी 2022 के पूर्व कलेक्टर न्यायलय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

## जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 27 को

**बीजापुर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 27 जनवरी को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। बैठक में वन विभाग, इंद्रावती टाइगर रिर्जव, स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विकास, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि, प्रधानमंत्री ग्राम सडक, विद्युत विभाग, क्रेडा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की योजनाओं पर चर्चा की जायेगी।

## मूलभूत कार्यों के लिए ग्राम पंचायतों को अनुदान राशि जारी

**कांकेर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल द्वारा मूलभूत कार्यों के लिए अनुदान मद अंतर्गत जिले के 454 ग्राम पंचायतों में प्रति ग्राम पंचायत 01 लाख 05 हजार रूपये के मान से 04 करोड़ 76 लाख 70 हजार रूपये जारी किये गये हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल द्वारा अंतागढ़ विकासखण्ड के 56 ग्राम पंचायतों के लिए 58 लाख 80 हजार रूपये, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के 52 ग्राम पंचायतों हेतु 54 लाख 60 हजार रूपये, चारामा विकासखण्ड के 64 ग्राम पंचायतों के लिए 67 लाख 20 हजार रूपये, दुगूकोंदल विकासखण्ड के 44 ग्राम पंचायतों के लिए 46 लाख 20 हजार रूपये, कांकेर विकासखण्ड के 64 ग्राम पंचायतों हेतु 67 लाख 20 हजार रूपये, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के 103 ग्राम पंचायतों के लिए 01 करोड़ 08 लाख 15 हजार रूपये तथा नरहरपुर विकासखण्ड के 71 ग्राम पंचायतों के लिए 74 लाख 55 हजार रूपये जारी किये गये हैं।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 25 में से 17 सरपंच कांग्रेस के समर्थित चुने गए, 4 सरपंच निर्विरोध

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



गत दिनों हुए त्रिस्तरीय पंचायती चुनावों में प्रत्याशियों के बीच मुकाबला काफी रोमांचक रहा । 25 पंचायतों में संपन्न हुए चुनावों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पखांजूर ने कहा की कांग्रेस समर्थित 17 सरपंच निर्वाचित हुए इनमें से 13 सरपंचों ने अपने विरोधियों को कही रोमांचक तो कही पर करारी मात दी और 4 सरपंच निर्विरोध चुने गए ।

पंकज साहा ने यशवंत नगर के नव निर्वाचित सरपंच सपना मधु की जीत को ऐतिहासिक बताया है उन्होंने कहा की यशवंत नगर की जनता ने एक अहंकारी भाजपा नेता के अहंकार को तोड़ दिया है और यह जीत सिर्फ सरपंच की जीत नही है यह जीत पुरे यशवंतनगर के समस्त माताओं-बहनों, युवाओं, बच्चो एवं बुजुर्गो की जीत है ।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज साहा ने कहा की 25 में से 17 पंचायतों में कांग्रेस तथा 3 पंचायतों में भाजपा एवं 5 पंचायतों में निर्दलियों ने जीत दर्ज की है उन्होंने आगे कहा की लगभग 70 प्रतिशत जनता वर्तमान की कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं हमारे क्षेत्रिय विधायक अनूप नाग द्वारा किए जा रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों एवं क्षेत्र के जनता के बीच उनके अप्रत्याशित दौरों पर जनता द्वारा लगाई गई मुहर है।

इस दौरान विधायक कार्यालय पखांजूर में नव निर्वाचित सरपंचों को फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से नवीन दायित्व के लिए बधाई भी दी गई है साथ ही पंकज साहा का दावा है की निर्दलीय सरपंच भी अंदर ही अंदर कांग्रेस के ही कार्यकर्ता है वे भी अतिशीघ्र कांग्रेस के प्रति ही अपनी आस्था व्यक्त करेंगे ।

द्वारिकापुरी - कविता मंडल, प्रेमनगर - अपराजिता मंडल, बापूनगर - सुषमा सरकार, यशवंतनगर - सपना मधु, बैकुंठपुर - सरिता उसेंडी ढाली, , कृष्णनगर - अर्चना सरकार, पुरुषोत्तमनगर - लक्ष्मी माली, वनश्रीनगर - कनिका मिस्त्री, विजयनगर - मुकुल पाल, राधा नगर - संजय राय, तुरसानी - पांडेराम सलाम, चंदनपुर - प्रदीप मुखर्जी, चांदीपुर - जैनी उसेंडी, चाणक्यपुरी - सेफाली सिंह, दुगार्पुर - मिंटू दुग्गा, कामतेड़ा - बुधियारिन तेता, रविंद्रनगर गुज्जो हिडको ।

# नाबालिग के साथ दैहिक शोषण के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोण्डागांव जिले के अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.), न्यायाधीश शान्तनु कुमार देशलहरे ने प्रकरण का विचारण कर प्रकरण के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अभियुक्त सलीम नाग को धारा 366 भादवि में 10 वर्ष के सश्रम करावास की सजा और एक हजार रूपये के अर्थदण्ड 376(3) भादवि एवं धारा 06 लैंगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में से धारा 06 लैंगिंग अपराधों का सरंक्षण अधिनियम 2012 के तहत आजीवन कारावास की सजा और 1000/- रूपये के अर्थदंड, अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं होने के व्यतिक्रम पर क्रमशः 03-03 वर्ष के अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से भुगतने का आदेश पारित किया गया है । प्रकरण के संबंध में विशेष लोक अभियोजक हेंमत गोस्वामी ने बताया कि प्राथीर्या ने 14दिसंबर 2020 को थाना फरसगांव में उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी नाबालिक लडकी को आरोपी सलीम नाग, पिता राजाराम नाग, उम्र 21 वर्ष, निवासी -ग्राम बरकई, थाना फरसगांव, जिला-कोण्डागांव द्वारा बहला फुसलाकर शादी करूंगा कहकर तमिलनाडू ले जाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया। प्रकरण के संबंध में विशेष लोक अभियोजक हेंमत गोस्वामी ने विस्तृत तौर पर बताया कि पीडिता के नाबालिग होने के संबंध में पीडिता ने न्यायालय में अपनी आयु 13 वर्ष होना बताया है जिस संबंध में प्रकरण में दस्तावेज के रूप में अभियोजन द्वारा पीडिता के कक्षा छठवीं की विद्यालयीन दाखिल खारिज रजिस्टर को प्रस्तुत किया गया जिसे माध्यमिक शाला बरकई के शिक्षक द्वारा प्रमाणित कर पीडिता की जन्मतिथ 18अप्रैल 2008 होना बताया गया है ।

हेंमत गोस्वामी ने बताया कि घटना दिनांक को पीडिता अपनी माता के साथ घर पर रात्रि में सोये हुए थे, कि रात लगभग 2:00 बजे पीडिता की माता उठी और देखी कि उसकी पुत्री पीडिता उसके बगल में नहीं सोयी है तब पीडिता की माता घर से बाहर निकलकर पीडिता को आवाज देने लगी । पीडिता द्वारा जवाब नहीं दिये जाने पर पीडिता की माता ने पीडिता के पिता को उठाकर बताया कि पीडिता नहीं दिख रही है कहां चली गयी, उक्त को उसने पूरे परिवार में बताया और पूरे घर में पीडिता की तलाश की गयी पर पीडिता कहीं नहीं मिली दूसरे दिन सुबह मोहल्ले व आसपास जाकर पीडिता का पतासाजी कर रहे थे तब पता चला कि आरोपी सलीम नाग भी गांव में उपस्थित नहीं है, तब पीडिता के घर वाले सलीम नाग के घर गये और पूछताछ किये तब आरोपी के भाई ने बताया कि पीडिता को उसका भाई भगाकर ले गया है उन्हें नहीं पता है कहां ले गया है । तीन दिन तक पीडिता के पतासाजी करने के उपरांत पीडिता का कहीं भी पता नहीं चला, तब तीन दिन पश्चात् पीडिता के परिवार वाले थाना फरसागंव जाकर संदेह के आधार पर आरोपी सलीम नाग के विरूद्ध शिकायत दर्ज करवाये थे । शिकायत करवाने के एक माह पश्चात् फरसगांव पुलिस द्वारा मोबाईल लोकेशन के आधार पर तेलंगाना के आरा मिल में आरोपी और पीडिता एक साथ मिले जहां आरोपी के पस से पीडिता को बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार कर पीड़िता व आरोपी को लेकर थाना फरसगांव वापस आये। प्राथीर्या के लिखित आवेदन पर आरोपी के विरूद्ध थाना फरसगांव में धारा 366, 376(3), 376(2)(ढ) भादवि एवं धारा 06 बालको का सरंक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कोण्डागांव पुलिस की जुआरियों पर कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन व अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन मे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव निमितेश सिंह परिहार के पर्यवेक्षण में दिनांक 21जनवरी को कोण्डागांव पुलिस के द्वारा जुआड़ियो पर कार्यवाही करते हुए, जुआ खेल रहे 03 आरोपियो को ग्राम बड़ेकनेरा से गिरफ्तार किया गया।

21जनवरी 2021 को कोतवाली कोण्डागांव की पेट्रोलिंग टीम को मुखबिर से सुचना मिला कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे है कि सुचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश से पुलिस टीम द्वारा ग्राम बड़ेकनेरा मे संभावित स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी गई जहां 1- नन्दू साहू पिता राम विलास साहू उम्र 42 वर्ष साकिन गांधी वार्ड कोण्डागांव, 2- संदीप ठाकुर उर्फ बबलु पिता लभेराम ठाकुर उम्र 28 वर्ष निवासी दहीकोंगा बाजारपारा, 3- सलील कोर्राम पिता नरेन्द्र कोर्राम उम्र 25 वर्ष निवासी संबलपुर को 52 पत्ती तांश से रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए पकड़ा गया जिनके कब्जे व फड़ से नगदी रकम 10500/रूपये, तास के 52 पत्ते, एक प्लास्टिक बोरी को जप्त किया गया। जुआडियानो का कृत्य सार्वजनिक द्युत अधिनियम 1867 की धारा 13 के तहत अपराध होने से थाना कोण्डागांव मे अपराध क्र0-/22, धारा- 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही किया गया है।

सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक अर्चना धुरंधर थाना प्रभारी कोण्डागांव, प्र0आर नरेन्द्र देहारी, हेमु साहू, आरक्षक रविन्द्र पाण्डेय का विशेष योगदान रहा है।

## नक्सलियों ने तीन वहनों को किया आग के हवाले

**बीजापुर।** जिले में नक्सलियों ने चेरीकंटी गांव के पास तीन वहनों में आग लगा दी, आग लगाने से पहले नक्सलियों ने सड़क निर्माण को रोकने के लिए मजदूरों और वाहन चालकों को बंधक बनाया। उसके बाद तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया। वाहन में आग लगाने के बाद वाहन चालक और कार्य में लगे कर्मियों को नक्सलियों ने चेतावनी देने के बाद छोड़ दिया।बीजापुर एसपी कमलोचन कश्यप ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सली दहशत फैलाने तथा अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास कर रहे हैं। मुखबिरी का आरोप लगाकर ग्रामीणों की हत्या करने तथा बैनर पोस्टर फेंकने तथा वाहनों को आग के हवाले करने में लगे हुए हैं।

### 18 लाख लिटर पानी की निकासी होती है प्रतिदिन

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से सिंचाई का बढ़ेगा रकबा

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



शहरवासियों की ओर से उपयोग किए जा रहे घरेलू उपयोग के पानी से अब इंद्रावती नदी प्रदुषित नहीं होगी। शहर से लगे बालीकोंटा में करीब 58 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया जा चुका है। इसका लोकार्पण शीघ्र ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। शुक्रवार को कलेक्टर रजत बंसल ने इस ट्रीटमेंट प्लांट का जायजा लिया। नागरिकों द्वारा उपयोग किए गए करीब 18 लाख लीटर पानी की निकासी प्रतिदिन होती है और यह उपयोग की गई पानी दलपत सागर और इंद्रावती नदी में जाकर मिल जाती थी। इस पानी में मौजूद बैक्टिरिया, टर्बिडिटी और बढ़े हुए पीएच मान के कारण यह पानी दलपत सागर और इंद्रावती नदी के पानी को प्रदुषित कर देती थी। दलपत सागर के तीन नाले, महादेव घाट में एक नाला, केंद्र बंदीगृह के पीछे दो नाले, पावर हाऊस में एक नाला, इंटेक वैल के पास एक नाला और लक्ष?मी नारायण मंदिर राजा कब्रगृह के पास दो नालों से यह पानी इंद्रावती नदी और दलपत सागर के पानी में मिल जाती थी। इन दस नालों को एस साथ जोड़कर आरसीसी पाइप द्वारा बालीकोंटा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में मेन पंपिग स्टेशन में लाया जाएगा। मेन पंपिंग स्टेशन से पंप द्वारा प्राइमरी ट्रीटमेंट यूनिट में इस प्रदुषित पानी को फिल्टर के लिए ले जाया जाएगा तथा सिक्रेंसिंग बैंच रिएक्टर के चार बेसिन में चार भागों में इसका विभाजन होगा। यह कार्य कुल तीन घंटे की प्रक्रिया में होगा। 90 मिनट एयर ब्लोवर के माध्मय से वायु मिश्रण किया जाएगा। 30 मिनट सेटलमेंट के लिए रोका जाएगा तथा 60 मिनट के लिए मड सेटल होगा तथा 60 मिनट डिसेंटर मशीन के माध्यम से शुद्ध पानी को क्लोरीन टैंक में ले जाया जाएगा। क्लोरीन टैंक में क्लोरीन गैस मिलाकर कीटाणुओं को खत्म करने के बाद शुद्ध पानी को इंद्रावती नदी में छोड़ दिया जाएगा और शुद्ध पानी छोड़ने के बाद बचा हुआ द्रव कीचड़ पाइप लाइन द्वारा आपकेंद्रित्र मशीन में लाया जाएगा। अपकेंद्रित्र मशीन द्रव कीचड़ को ठोस कर देगा, जिसका उपयोग कृषि और अन्य कार्यों में किया जा सकेगा। अमृत योजना के तहत निर्मित इस सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से प्रतिदिन 25 लाख लीटर पानी को साफ किया जा सकता है। शुद्धिकरण के बाद इस पानी को वापस इंद्रावती नदी में छोड़ने पर नदी के जलस्तर में आ रही कमी की समस्या से भी निजात मिलेगी।

## शहर में संचालित विकास कार्यों का अवलोकन

कलेक्टर बंसल ने शहर में चल रहे अन्य विकास कार्यों का भी अवलोकन किया, जिसमें इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम, धरमपुरा स्थित ीड़ा परिसर, सिरहासार चौक स्थित टाउन क्लब का जीर्णोद्धार, दलपत सागर के निकट स्थित कृष्ण मंदिर चौक का सुंदरीकरण कार्य आदि शामिल हैं। इस दौरान कलेक्टर ने सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, नगर निगम आयुक्त प्रेम पटेल, अनुविभागीय दंडाधिकारी दिनेश नाग, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव बतरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## दंतेश्वरी मंदिर के दान पेटी से 13 लाख 77 हजार 970 रुपये निकली

**दंतेवाड़ा।** मां दंतेश्वरी मंदिर के दान पेटी से 13 लाख 77 हजार 970 रुपये की दान की राशि निकाली गई। दान पेटी में से नगद राशि के अलावा भक्तों की मुरादों की अर्जियां भी निकली है। श्रद्धालुओं ने नौकरी, संतान, घर की सुख समृद्धि के लिए अर्जी लगाई थी। मंदिर के पुजारी जीया ने बताया कि कोरोना काल की वजह से दंतेश्वरी मंदिर में चढ़ने वाले चढ़ावे में काफी कमी आई है। कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए श्रद्धालु दंतेश्वरी के दरबार कम ही पहुंच रहे हैं। जिसका असर दान पेटी पर भी पड़ा है। इस बार दान पेटी से 13 लाख 77 हजार 970 रुपये की राशि निकली है।

## शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्दन कुमार द्वारा 26 जनवरी ''गणतंत्र दिवस'' तथा 30 जनवरी ''महात्मा गांधी निर्वाण दिवस'' के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, एफएल 3 (क) शॉपिंग मॉल स्काई बार, एफएल 4 (क) हीरा पैलेस व्यवसायिक क्लब व एफएल 7 सैनिक कैंटिन को पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिये हैं। कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा शराब के अवैध विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखना सुनिश्चित करने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

# कलेक्टर पहुंचे भाटापारा विकासखंड, धान खरीदी टीकाकरण केंद्रों सहित गौठानों का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com






कलेक्टर डोमन सिंह भाटापारा विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न गावों में पहुंचकर शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम पंचायत धुरार्बांधा के धान उपार्जन केंद्र, ग्राम पौसरी एवं गुडेलिया में कोविड टीकाकरण केंद्र एवं ग्राम गुडेलिया के गौठान में पहुंचकर निरीक्षण कर वस्तु स्थिती का जायजा लिया। उन्होंने धान खरीदी केंद्र में किसानों से मुलाकात कर खरीदी के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान उपस्थित किसानों ने बताया कि अभी तक यहां किसी भी तरीके से समस्या नही हुई है। कलेक्टर ने सभी किसानों को आश्वस्त किया कि सोसायटी में जीतने भी पंजीकृत किसान है उनका पूरा धान निर्धारित अवधि तक खरीद लिया जाएगा। कोई भी किसान धान खरीदी से वंचित नहीं होगा। कलेक्टर सिंह ने उपार्जन केंद्र के प्रभारी अधिकारी को 22 से 24 जनवरी में बारिश की संभावना बतायी गयी है। उसके लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने ग्राम पौसरी एवं गुडेलिया के टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर टीकाकरण के स्थिती का जायजा लिया।

उन्होंने ग्राम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कहा कि कोविड का संक्रमण बहुत बढ़ रहा है इससे बचाव का एकमात्र उपाय टीकाकरण ही है। जितने लोग गांव में टीकाकरण के लिए बच गए है आप उन्हें अवश्य टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम गुडेलिया के गौठान पहुंचकर रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के तहत मलाला एवं चप्पल निर्माण के लिए लगाएं गये यूनिट का अवलोकन किया। इसके साथ ही महिला स्व सहायता समूह द्वारा कड़क नाथ मुर्गी पालन, मशरूम, बाड़ी में लगाए हुए हल्दी प्लांट, फलदार प्लांट, वर्मी कम्पोस्ट टाका एवं चारागाह का भी अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर डोमन सिंह ने महिला स्व सहायता समूह के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर बनने में यह एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इस तरह व्यवस्थित गौठान के लिए ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह एवं गौठान प्रबंधन समिति समेत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रशंसा की। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश देते हुए कहा की सभी गौठानो में अनिवार्य रूप से गोबर खरीदी सतत रूप से जारी रहना चाहिए। यह गरीब वर्ग के लिए एक अतिरिक्त आमदनी का जरिया है। इस कार्य मे किसी भी तरह लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। इस दौरान ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, एसडीएम लवीना पांडेय, जनपद पंचायत सीईओ सीपी पात्रे समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारी, चरवाहा एवं किसान उपस्थित थे।

# बिजली विभाग ने 2 दिनों में 302 बकायेदारों से 22 लाख रुपए की बकाया राशि वसूली

■ बिजली बकायेदारों में हड़कंप

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



बिजली बिल की बकाया वसूली के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने सघन अभियान शुरू किया है। वसूली अभियान के तहत दूसरे दिन शहर के 144 उपभोक्ताओं से बिजली बिल की बकाया राशि के 9 लाख रुपए वसूले गए , वही 91 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की गई इस तरह 2 दिनों में 302 लोगों से 22 लाख रुपए की बकाया राशि वसूल की गई है।

गौरतलब है कि पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि में बिजली बिल भुगतान के लिए स्पाट बिलिंग के माध्यम से विद्युत देयक जारी कर रही है। शहर के विभिन्न विभागों में भी लंबे समय से बिजली बिल भुगतान न करने के कारण भी लाखों रुपए तक पहुंच गया है । बिजली बिल के देयकों के भुगतान में विलंब होने पर कई दफा सूचना देने के बाद भी बिल नहीं पटाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता आर.के. अरोरा ने बताया कि शहर में बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रही अभी भी विद्युत वितरण कंपनी संभाग सरायपाली के अंतर्गत आने वाले कई शासकीय कार्यालयों द्वारा काफी लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किए जाने के कारण बताया कि करोड़ों में पहुंच गया कंपनी की ओर से भी जिला स्तरीय विकास खंड स्तरीय अधिकारियों से बिल भुगतान करने लिखित में निवेदन किया गया है साथ ही कुछ शासकीय कार्यालयों के कनेक्शन को नोटिस देकर विगत माह विच्छेदित भी किया गया था। कुछ अधिकारियों के द्वारा भुगतान किए जाने शासकीय कार्य में व्यवधान तथा लोक हित को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा लिखित निवेदन पर पुनः विद्युत सप्लाई बहाल की गई थी।

सरायपाली संभाग में कई ऐसे भी विभाग है जहां काफी लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किए जाने के कारण उनका बिजली भी करोड़ों में पहुंच गया है इस तरह के बिजली बिल बकायेदार विभागों में प्रमुख रूप से नगर पालिका सराईपाली का 191लाख रुपए , नगर पंचायत बसना का 72 लाख रुपया शिक्षा विभाग का 67 लाख रुपया स्वास्थ्य विभाग 39 लाख रुपये आदिम जाति कल्याण विभाग 18 लाख रुपए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 6.7 लाख रुपये महिला एवं बाल कल्याण विभाग 22.79 लाख सहकारी समिति 5.3 लाख रुपये जनपद पंचायत 9.8 लाख रुपये हाउसिंग बोर्ड 1.77 लाख रुपये ग्राम पंचायत 193.63 लाख बीएसएनएल 12.34 लाख रुपये शामिल है। लाखों रुपए बकाया राशि के चलते विद्युत वितरण कंपनी को वित्तीय स्थिति अत्यधिक प्रभावित होने के कारण सख्ती से वसूल किए जाने के लिए कंपनी विवश है। विभागों द्वारा राशि जमा करने की मोहलत मांगी गई है लेकिन प्रदत्त समयावधि मैं भुगतान न होने की स्थिति में शासकीय विभागों की विद्युत आपूर्ति जारी रख पाना संभव नहीं हो पाएगा।

# नवनिर्वाचित सरपंच पंच ने जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला बलौदा बाजार अंतर्गत पंचायत चुनाव संपन्न हुआ चुनाव संपन्न होने उपरांत ग्राम पंचायत कुकुरदी व भद्रपाली के नवनिर्वाचित सरपंच पंच व ग्रामीण जन अति उत्साह के साथ आज जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा से मुडहीपार निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात किए। ग्राम पंचायत कुकुरदी से संतोष नेताम और ग्राम पंचायत भद्रापाली में रामलाल ध्रुव सरपंच के पद पर निर्वाचित हुए हैं।

उक्त अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत सरपंच का योगदान ग्राम के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण होता है प्रशासन व्यवस्था में ग्राम पंचायत एक प्रथम कड़ी होती है जिसके माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरपंच का प्रमुख दायित्व होता है। तथा ग्राम वासियों के साथ आपसी आपसी भाईचारा बनाकर उनकी समस्याओं को हरसंभव समाधान करने का प्रयास करना है। वर्मा ने आगे कहा कि ग्राम पंचायत कुकुरदी और भद्रापाली के ग्रामीणों के द्वारा उचित सरपंच का चयन किए हैं। मैं आशा करता हूं कि वे निश्चित रूप से ग्राम वासियों की आशाओं पर खरा उतरेंगे। वर्मा द्वारा नवनिर्वाचित सरपंचों पंचों व सभी ग्रामीणों के प्रति बधाई ज्ञापित किए। उक्त अवसर पर ग्राम कुकुरदी व भद्रापाली के ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## 1158 मतों के अंतर से अरिन जनपद सदस्य निर्वाचित

**महासमुंद।** गुरुवार को एक जनपद सदस्य,11 सरपंच और 13 पंच पद के लिए निर्वाचन हुआ। जिसमें सबसे प्रतिष्ठा की सीट जनपद सदस्य क्रमांक 10 की थी जहां से पूर्व जनपद अध्यक्ष स्व.भागीरथी चंद्राकर के सुपुत्र अरिन चंद्राकर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी महेश निषाद को 1158 मतों से पछाड़ कर बड़ी जीत हासिल की। उल्लेखनीय है कि पंचायत उपचुनाव में कुल 15350 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें 7690 पुरुष और 7660 महिला मतदाता शामिल थी। जिले के इस उपचुनाव में 75.94 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले में दो जनपद सदस्य सीट खाली थी जिसमें जनपद सदस्य क्रमांक तीन में पूर्व जनपद अध्यक्ष धरमदास महिलांग के निधन के बाद और जनपद सदस्य क्रमांक 10 में पूर्व जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर के निधन के बाद उपचुनाव होने थे।

# लॉकडाउन एवं गुमास्ता एक्ट उल्लंघन कर दुकान खोलने पर नगर पालिका ने वसूले 17 दुकानदारों से 4700.00 रुपए





पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत कोविड-19 से बचाव के लिये सप्ताह में 01 दिवस पूर्ण लॉकडाउन किये जाने के आदेश अनुरूप शुक्रवार को नगर में दुकानो को पूर्ण रूप से बंद रखा जाना है, उक्त आदेश की अवहेलना करते पाये जानें पर अर्थदण्ड का प्रावधान रखा गया था। इसी के अंतर्गत आदेश की अवमानना पर गुमास्ता दिवस में दुकाने खुली पाये जाने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजेश्वरी पटेल के द्वारा दिये गये निदेशी के अनुरूप नगर में 17 विभिन्न दुकानदारों से अर्थदण्ड स्वरूप 4700.00 रूपये वसूल किया गया। इस कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार श्रीधर पांडा नगर पालिका के कर्मचारी एवं पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से नगर में दुकानो को बंद किये जाने व चेतावनी देकर छोड़ा गया व अर्थदण्ड की वसूली की गई कार्यवाही के दौरान कृष्णकांत कुर्रे, सहायक ग्रेड-02, जय वर्मा, समयपाल, सालिकराम वर्मा व पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

शुक्रवार को पूर्ण रूप से दुकान बंद होने व लॉकडाउन के उल्लंघन किये जाने पर मारवाड़ी बासा में बिठा कर भोजन कराये जाने पर 1000.00 व मारवाड़ी भोजनालय से 1000.00, बजरंग हॉटल से 500.00, राजू यादव, अनिश स्टुडियो, अमित चंद्राकर, टिंकू, महेश, जय, लखेश्वर एवं सब्जी दुकान से दो-दो सौ रूपये कुल 1400.00 रूपये एवं गुप्ता पान, दादू राम सतनामी, जायसवाल सब्जी, मीना सब्जी, कृष्णा एवं प्रहलाद से सौ-सौ कुल 700 का अर्थदण्ड वसूला गया।

## निधन

### योगेशचंद्र त्रिवेदी



**बलौदाबाजार।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक योगेशचंद्र त्रिवेदी उम्र 58 वर्ष पिता पिता स्व. शंकरदयाल त्रिवेदी का दुखत निधन 22 फरवरी को हो गया है जिनका अंतिम संस्कार 23 फरवरी सुबह 10:00 बजे रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया जाएगा वे निखलेश एवं अखिलेश के बड़े भाई एवं शिवम के पिता थे।

# 'शराबबंदी' का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ को बनाना चाहती है 'शराबखोर' राज्य

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व 'जनघोषणा पत्र' में छत्तीसों प्रकार के लोक लुभावन वादों को स्थान देकर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनाने में सफलता प्राप्त कर ली, उन्हीं छद्म वादों में से एक वादा छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी लागू करने का भी था, इस वादे की वजह से प्रदेश की आधी आबादी खासकर मातृशक्तियों ने छलावा में आकर कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी, सत्ता हथियाने के बाद कांग्रेस सरकार की नीति कतई 'शराबबंदी' की दिशा में बढ़ते नजर नहीं आ रही है बल्कि प्रदेश में 'शराबखोरी' को बढ़ावा देने के लिए नित नए जुगाड़ लगा रही है.शराबबंदी लागू करने तथाकथित समिति बनाने शराबबंदी वाले अन्य राज्यों की नीति को समझने,अध्ययन दल भेजने व समाज वालों से सुझाव लेने के नाम पर 'बेमिसाल' तीन साल समय काट चुकी है, इन तीन सालों के दौरान सरकार शराब बिक्री को बढ़ाने कैसे बेशर्मी से ढिठाई पूर्वक 'प्रमोट' करती रही है उसका नमूना संपूर्ण लाकडाउन के समय देखने को मिला. जब पूरे देश भर की शराब भट्ठियां बंद रहीं तब यहां की सरकार लोगों के जीवन से खिलवाड़ करते हुए राजस्व कमाने के चक्कर में शराब दुकानों को संचालित करती रही. हद तो तब हो गई जब आनलाइन शराब बिक्री व घर पहुंच सेवा के माध्यम



से घर- घर. गली -गली शराब पहुंचाने की व्यवस्था कर डाली,कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाई जाती रही जो कि अब तक जारी है.लोगों को लाकडाउन पीरियड में जीवन रक्षक दवाइयां .सब्जी व घरेलू उपयोग की चीजें तक नहीं मिल पा रही थी लेकिन शराब की उपलब्धता बदस्तूर जारी रही इसके चलते ही तीन सालों में शराब बिक्री से आय दोगुणी व शराब पीने में छत्तीसगढ़ इतिहास बनाते हुए अव्वल स्थान पर आ गया है, छत्तीसगढ़ के शराब बेचने की महारत व 5500 करोड़ रुपए आय लक्ष्य से प्रभावित झारखंडी सरकार ने यहां की सरकार को फीस देकर 'कंसल्टेंसी सर्विस' देने आग्रह किया जिसे 'सगर्व' स्वीकारते हुए यहां के 'महात्मागांधी' की अनुगामी सरकार ने 'एसएमसीएल' को झारखंड में 'शराबी' बनाने का ठेका दिया है। इस विषय पर भविष्य में अन्य राज्यों या विदेशों से भी 'आफर' या पुरस्कार मिले तो कोई आश्चर्य नहीं.उन्होंने कहा कि उक्त बातें शराब के सरकारी दुकानों की है जिसे एक नंबर कहा जाता है इसके अलावा सरकारी आय लक्ष्य के बराबर 'अवैध' शराब का भी व्यापार होता है अन्य राज्यों की शराब को यहां लाकर अवैध रूप से बेचा जाता है जिससे सरकारी राजस्व की हानि होती है इस अवैध शराब बिक्री में छोटे-छोटे कोचिया तो पकड़ में आ जाता है मगर कोचियों का मुखिया जहां से इनका 'कोचिंग' चलता है पकड़ में नहीं आ पाता क्योंकि इन सबका सत्ता की गलियारों से सीधा सांठ-गांठ होता है.इन शराब माफियाओं की आय का एक 'हिस्सा' नियमित रूप से 'नुमाइंदों' के माध्यम से सत्ता के शीर्ष नेताओं तक पहुंचाया जाता है.कुल जमा तीन साल में कांग्रेस की सरकार ने पूर्णशराब बंदी को किनारे कर शराबखोरी को बढ़ावा दे रही है जिससे छत्तीसगढ़ की शांतिपूर्ण माहौल पर बूरा असर पड़ा है, उन्होंने छत्तीसगढ़िया हितैषी होने का ढोल पीटने वाली सरकार से छत्तीसगढ़ के हित में पूर्ण शराबबंदी लागू करने ट्वीट करते हुए पत्र लिखकर मांग की है।

# प्रधानमंत्री ने ली देश के आकांक्षी जिलों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वर्चुअल बैठक

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर के आकांक्षी जिलों में अब तक हुई प्रगति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा की। वर्ष 2018 से अब तक इन जिलों में हुए सकारात्मक परिवर्तन से प्रधानमंत्री रू-ब-रू हुए। कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए उक्त वर्चुअल बैठक से जुड़े। आज सुबह 11.00 बजे से केन्द्र सरकार के नीति आयोग के तत्वावधान में आयोजित वर्चुअल बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि इसके तहत प्रदेश सरकारों के द्वारा जिला कलेक्टरों के द्वारा आकांक्षी जिलों (एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स) को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है जिसमें वे काफी हद तक सफल रहे हैं। उन्होंने कलेक्टरों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन पिछड़े हुए जिलों के कारण देश की प्रगति के आंकड़े पीछे रह जाते थे और इसी असमानता को दूर करने के सभी जिलों को समान रूप से विकसित करने के उद्देश्य से इसकी शुरूआत की गई है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि पिछले चार सालों में इन जिलों में जो आमूल-चूल बदलाव आए हैं, वह दुनिया के लिए शोध का विषय है।

## अब तक 400 से अधिक मरीजों को मिली राहत

# कलेक्टर ने किया नवीन कोविड हॉस्पिटल का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डोमन सिंह ने आज जिला मुख्यालय के नई मंडी परिसर स्थित कोविड अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर का अवलोकन कर मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल किया। सिंह ने कहा कि जिले में मरीजों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है। हमें भविष्य की स्थिति का अनुमान कर उससे निपटने की कार्य-योजना तैयार रखना होगा। इस दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों एवं उनके भोजन संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी हासिल किया। इस दौरान सिंह ने अलग से बनाएं हुए कक्ष से हॉस्पिटल में अंदर जाकर भर्ती मरीजों को भी देखा। इस दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ राकेश प्रेमी ने बताया कि अभी अस्पताल में 19 मरीजों का इलाज हो रहा है। जिसमें से 6 मरीज संदेहास्पद है जिन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है। इन मरीजों का रिपोर्ट आना अभी बाकी है। ये सभी मरीज अलग से आइशो लेशन वार्ड में भर्ती है। डॉ प्रेमी ने कलेक्टर को जानकारी दिया की अब तक इस हॉस्पिटल से 400 से अधिक लोग इलाज़ के बाद स्वस्थ होकर अपने घर जा चुके हैं। जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान नोडल अधिकारी डॉ कल्याण कुरुवंशी, डीपीएम अनुपमा तिवारी भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि डीएमएफ एवं जनसहयोग से 20 दिनों के रिकार्ड समय में इस 500 बिस्तर युक्त अस्पताल का निर्माण किया गया है। जिसमें 120 बिस्तर ऑक्सीजन युक्त है। इसके साथ ही नवनीतम 300 लीटर प्रति मिनट की ऑक्सीजन प्लांट भी स्थापित किया गया है। यहां पर 10 मेडिकल डॉक्टरों की रूटीन में ड्यूटी लगाई गयी है।टेक्निकल एवं सपोर्ट स्टॉफ़ भी अलग से 24 घन्टे मौजूद रहतें है।

# आजादी के अमृत महोत्सव एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125 वीं जयंती पर रोको-टोको अभियान चलाया गया

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





संसदीय सचिव, विधायक महासमुद तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर सी.एस.धुव, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125 वीं जयंती के अवसर पर रोको टोको अभियान चलाया गया. जिसमें रास्ते में आने-जाने वाले लोगों को पुष्प गुच्छ देकर मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया गया. वहीं स्काऊट्स व गाईड्स द्वारा दशहरा मैदान, नया बस स्टैंड पहुंचकर लोगों को मास्क एवं सेनिटाईजर वितरण कर कोरोना नियमों का पालन करने की समझाईश दिया गया. कार्यक्रम में गुरुकुल इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्डरी स्कूल बलौदाबाजार के स्काउट एवं गाइड, रोवर रेंजर द्वारा अपनी सहभागिता निभाया गया। गाइड कैप्टन माधुरी श्रीवास, स्काउट मास्टर जीवन साहू, जिला संगठन आयुक्त बीडी राऊत के नेतृत्व में रोको टोको का अभियान चलाया गया।

## महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने ग्रामीण क्षेत्रों मे औद्योगिक पार्क विकसित होंगे

**बेमेतरा।** राज्य सरकार की फ्लैगशीप-सुराजी गांव योजना के बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा जिला कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के नेतृत्व में जिले के चयनित गौठानों में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सषक्त बनाने एवं औद्योगिक केन्द्र के रूप में विकसित करने की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है इसी क्रम में आज शुक्रवार को कार्यालय कलेक्टर जिला बेमेतरा में आयोजित बैठक में जिले में चयनित 21 ग्रामीण औद्योगिक पार्क के संबंध में चर्चा की गई जिसमें ग्रामीण औद्योगिक पार्क स्थापित करने हेतु जरूरी मूलभूत संरचना, आजीविका एवं उसके क्रियान्वयन पर विशेष रूप से विस्तार पूर्वक सभी विभागों को समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। जिले में चयनित ग्रामीण औद्योगिक पार्क में 15 दाल मिल एवं 6 ऑयल मिल स्थापित किये जाने हेतु कार्ययोजना बनाई गयी है। उक्त गतिविधि का संचालन कृषि विज्ञान केन्द्र/जनपद पंचायत के सामूहिक तत्वधान में किया जायेगा जिससे ग्रामीण अंचल में महिला स्व सहायता समूहों को स्वरोजगार दिलाते हुए उनके आर्थिक स्थिति का उत्थान् किया जा सकेगा एवं ग्रामीण अंचल में अधिक से अधिक लोग आर्थिक गतिविधि से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगें। इसके अतिरिक्त औद्योगिक पार्को में महिला समूह द्वारा लगातार वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, बाड़ी विकास कार्यक्रम, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, चटाई निर्माण, मिनी राईस मिल, दोना पत्तल निर्माण, मषरूम उत्पादन आटा चक्की एवं कई प्रकार की आजीविका गतिविधियॉ की जा रही है एवं उपरोक्त सभी औद्योगिक पार्क हेतु मल्टीएक्टीविटी प्लान तैयार किया जा चुका है जिससे ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था में वृद्धि किया जा सके। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा के साथ संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने फसल बीमा की लंबित दावा राशि का भुगतान के दिए निर्देश जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक आयोजित

**बेमेतरा।** कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान की अध्यक्षता मे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति (डीएलएमसी) की बैठक आयोजित की गई। जिलाधीश ने बीमा कम्पनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित दावा राशि का भुगतान शीघ्र करें। पीएम फसल बीमा योजना के अन्तर्गत रबी वर्ष 2021-22 मे 68 हजार 165 बीमित कृषक संख्या है। जिसका रकबा एक लाख 4 हजार 412 हेक्टेयर है। कलेक्टर द्वारा एजेंडावार समीक्षा की गई जिसके तहत खरीफ वर्ष 2020 में 202 कृषको में से 170 कृषकों को 31 लाख 53 हजार दावा राशि का भुगतान किया जा चुका है शेष 32 कृषको को शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिये। तथा रबी वर्ष 2020-21 में 75 कृषकों को 17 लाख 58 हजार की दावा राशि का भुगतान दो से तीन दिवस के अंदर किये जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही रबी 2021-22 में हुई असामयिक वर्षा के कारण जलप्लावन में हुई फसल क्षति का सर्वे का कार्य 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर दावा राशि भुगतान करने हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। रबी वर्ष 2021-22 में उद्यानिकी फसलों के अंतर्गत 363 हेक्टेयर उद्यानिकी फसलो का बीमा किया गया है, असामयिक वर्षा से फसलो को हुई क्षति के संबंध में 568 कृषको के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसे क्रियान्वयक बीमा कंपनी बजाज एलांयज को भेज दिया गया है , उनके द्वारा क्षति का आंकलन कर बीमा राशि का निर्धारण किया जावेगा तथा 15 दिन के भीतर दावा राशि का भुगतान संबंधित कृषको को करने की जानकारी सहायक संचालक उद्यानिकी द्वारा दिया गया है।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने और टेस्टिंग का कार्य जारी

**बालोद।** जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने और टेस्टिंग का कार्य जारी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता आर.के. धनंजय ने बताया कि ग्राम मरकाटोला के स्कूल पारा के पीछे कुछ दिन पूर्व कांक्रीट सड़क तोड़कर पाइप लाइन बिछाया गया। बारिश के कारण गली के किनारे कीचड़ की स्थिति थी, जिसे पुनः मिट्टी से रिफि लिंग कार्य कर दिया गया है। वर्तमान में गली में किसी प्रकार की कीचड़ या दलदल की स्थिति नहीं है। टेस्टिंग कार्य उपरांत सीसी कार्य किया जाएगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि ग्राम नाहंदा व ग्राम कोसमी में वर्तमान में बिछाए गए पाइप लाइन में टेस्टिंग का कार्य प्रगतिरत है। जिन गलियों में टेस्टिंग कार्य पूर्ण हो गई है, वहॉ सीसी कार्य कर दिया गया है तथा शेष सीसी मरम्मत कार्य पाइप लाइन टेस्टिंग पूर्ण होने पर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम कपरमेटा, हितेकसा, बड़भूम और पोंड में पाइप लाइन बिछाने का कार्य, मिट्टी रिफिलिंग कार्य व समतलीकरण कार्य पूर्ण है। पाइप लाइन टेस्टिंग कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पाइप लाइन हेतु एचडीपीई पाईप का उपयोग किया जा रहा है। सीपेट द्वारा प्राप्त प्रमाण पत्र एवं विभाग की गुणवत्ता से संतुष्टि के उपरांत ही कार्य किया जा रहा है।

## समर्थन मूल्य पर अब तक 2468056.40 क्विंटल धान की खरीदी



**उत्तर बस्तर कांकेर।** राज्य सरकार की योजना के तहत खरीफविपणन वर्ष 2021-22 के लिए समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 01 दिसंबर से प्रारंभ हो गई है। खाद्य विभाग के वेबसाईट में अब तक ऑनलाईन एण्ट्री के अनुसार जिले के 137 धान उपार्जन केंद्रों में 21 जनवरी तक 91223 किसानों से 2468056.40 क्विंटल धान खरीदी की गई है, जिसमें मोटा धान 2064470.40 क्विंटल, पतला धान 401305.20 क्विंटल और सरना 2280.80 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई है। कलेक्टर चन्दन कुमार के निर्देशानुसार विभागीय अधिकारी सहित नोडल अधिकारियों द्वारा धान खरीदी केन्द्रों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है।

## ग्रामसभा का आयोजन आज से 29 जनवरी तक

**उत्तर बस्तर कांकेर।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम अंतर्गत प्रत्येक तीन माह में ग्रामसभा आयोजित किये जाने का प्रावधान है, जिसके परिपालन में कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा जिले के सभी ग्राम पंचायत, मुख्यालयों तथा उनके आश्रित ग्रामों में 23 से 29 जनवरी तक ग्रामसभा आयोजित किये जाने निर्देशित किया गया है। कोविड-19 के रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन करें तथा सुविधानुसार ग्राम सभाओं का आयोजन सुनिशितच करते हुए दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही पूर्ण करायें। अपने स्तर पर ग्रामसभा के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त की जाये तथा समय सारणी बनाकर तिथि निर्धारित करें, ताकि एक ही दिनांक को ग्राम सभा के एक से अधिक ग्रामों में उसी तिथि को ग्राम सभा का आयोजन न हो। ग्राम सभा की जानकारी ग्राम सभा के सभी पदाधिकारी सरपंच, पंच को अनिवार्य रूप से दी जाये। पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा करें तथा कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराना सुनिश्चित करे।

# कबीरधाम जिले के किसानों को हो रहा नुकसान, धान तौल में भारी कांटामारी

- **हर 40 किलो की बोरी में 500 ग्राम से 1 किलो धान ज्यादा**

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

एक ओर जहां किसान 2500 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत होने से खुश नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर उनसे तौल में उपार्जन केंद्र में सूखती के नाम से अधिक धान ले रहे हैं। प्रति बोरे में किसानों से 5 सौ ग्राम से लेकर 2 किलो अतिरिक्त धान लिया जा रहा है। मामले में प्रशासन स्तर पर कार्रवाई नहीं किए जाने से किसान उपार्जन केंद्रों में ठगी का शिकार हो रहे हैं। सोमवार को सहसपुर लोहारा ब्लॉक के सूरजपुरा धान खरीदी केंद्र में धान के अधिक तौल का मामला प्रकाश में आया। किसानों द्वारा हंगामा करने पर मौके पर नोडल अधिकारी को पहुंचना पड़ा। जांच के दौरान गड़बड़ी भी पाई गई, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। धान के तौलने में गड़बड़ी पर गुरुवार को दैनन्दिनी की टीम ने लोहारा ब्लॉक के सूरजपुरा सहित अन्य धान खरीदी केंद्रों का अवलोकन किया गया।



### 500 से 2 किलो अधिक की तौलाई

उपार्जन केंद्र सूरजपुरा में 500 ग्राम से लेकर 2 किलो ग्राम अधिक तौल करते हुए पाया गया। शासन के नियमानुसार एक बारदाने में 40 किलो धान भरा जा सकता है। उसमें बारदाने के वजन के बदले एक बारदाना रखा जाता है या फिर जुट के बोरी 600 ग्राम, और प्लास्टिक बोरी में 130 ग्राम लेकिन समिति प्रबंधक 2 किलो तक प्रति बोरी एक्स्ट्रा धान भर रहे हैं। किसान आपत्ति करे तो कह दिया जाता है कि परिवहन समय पर नहीं होने से धान फड़ में पड़े रहने से सूखता है। जिसके बाद एक बोरे का वजन 40 किलो से कम हो जाता है। प्रबंधकों के पास नमी जांचने के लिए मशीन शासन ने दी है। किसानों को समिति प्रबंधक ही रबी व खरीफ दोनों सीजन में खाद्य बीज उपलब्ध कराते हैं। अधिक धान लेने की शिकायतें व आपत्ति करें तो उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### एक्स्ट्रा धान पर ऐसे खेलते हैं खेल

धान का तौल होते ही सिलाई करना होता है, लेकिन समिति प्रबंधक तत्काल बोरी की सिलाई नहीं कराते। खरीदी के समय तौल में समिति प्रबंधक किसानों से जो अतिरिक्त धान लेते हैं उस एक्स्ट्रा धान को निकालने के बाद सिलाई करते हैं। फिर निकाले गए धान को उन किसानों के नाम से खपाया जाता है जिनके पास कृषि जमीन तो होती है साथ ही उनका भी पंजीयन भी होता है, लेकिन वे धान का उत्पादन नहीं करते हैं।

### मंत्री के नाम का दुरूपयोग

कद्दावर मंत्री व कबर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के नाम को कुछ छुटभैये नेता लोग बदनाम करते हुए खरीदी केंद्र के प्रबंधक के ऊपर कार्यवाही नही की अधिकारी के ऊपर दबाव बना रहे हैं । ऐसा नेता जिनका मंत्री के साथ कोई वास्ता ही नही है ।

### प्रबंधक के पिता करते हैं धान की चोरी

कुछ दिन पहले सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमे उपार्जन केंद्र में धान खरीदी के बाद , सिलाई के पहले खरीदी केंद्र के प्रभारी के पिता ने प्रति बोरी से एक से दो किलो धान को निकाल रहा था जिसकी जांच करने गए नोडल अधिकारी ने वायरल वीडियो को सही पाया गया ।

# पांच जुआरी चढ़े चौकी दामापुर पुलिस के हत्थे




- **जुआरियों के कब्जे से 1530/रु. नगदी रकम एवं 52 पत्ती तास जप्त कर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत की गई कार्यवाही**

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले में जुआ, सट्टा, आबकारी एवं गांजा तस्करी पर अंकुश लगाने कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेन्द्र कुमार बेताल के मार्ग दर्शन में चौकी प्रभारी दामापुर सहा. उप. निरीक्षक रघुवंश पाटिल के नेतृत्व में दिनांक-21/01/2022 को जुर्म जरायम पतासाजी हेतु पुलिस टीम टाउन/देहात रवाना किया गया था दौरान भ्रमण के मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम भटरुसे में आरोपी 01. राजेश पिता अमिरचंद ठाकुर 38 साल, 02. विनोद पिता रामअनुज यादव, 03. राजेन्द्र पिता नर्मदा सिंह ठाकुर उम्र 60 साल, 04. मोती पिता फुलसिंह भास्कर उम्र 60 साल सभी साकिन भटरुसे एवं 05. दरबारी पिता अंकलहा यादव उम्र 46 साल साकिन पथरी को जुआ खेलते पकड़ा गया। जिनके कब्जे से 1530/रु. नगदी रकम एवं 52 पत्ती तास तथा आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी दामापुर, स.उ.नि. रघुवंश पाटिल, प्र.आर.355 रघुनंदन चंद्रवंशी, प्र.आर. 342 रविप्रकाश, आर.493 हिरेश सिंह ठाकुर, आर. 828, अजय यादव, आर. 217 नरेश बघेल सैनिक खगेश्वर साहु का सराहनीय योगदान रहा है।

# मंत्री अकबर ने 20 लाख की लागत से स्वीकृत ग्राम कल्याणपुर में साहू समाज के लिए सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के ग्राम कल्याणपुर में साहू समाज के लिए 19.50 लाख रूपए की राशि से स्वीकृत सामुदायिक भवन का वर्चुअल भूमिपूजन किया। इस वर्चुअल भूमिपूजन कार्यक्रम में लोहारा विकासखंड के तहसील एवं जिला स्तर के साहू समाज के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। अकबर ने साहू समाज को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी वर्गो के हितों एवं सामाजिक उत्थान की दिशा में अथक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार गांव, गरीब, किसान, वनवासी से लेकर युवाओं और महिला समूहों के आर्थिक उत्थान के लिए योजना और कार्यक्रम बनाकर लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। सभी समाजों के हितो और उसके सामाजिक उत्थान के दिशा में हम लागतार प्रयास कर रहे है और इसी तरह आगे भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे। साहू समाज के वरिष्ठ समाज सेवक आनंद साहू ने इस सौगात के लिए गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में साहू समाज के तहसील अध्यक्ष तुकाराम साहू, झोलाराम साहू, राम खेलावन, जिला सचिव दीपक साहू सहित समाज के वरिष्ठ एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर 21 फरवरी को ग्राम कुरवा में आयोजित साहू समाज के कार्यक्रम में समाज के आमंत्रण पर कार्यक्रम में शामिल हुए थे। साहू समाज द्वारा सामुदायिक भवन के लिए तीन अलग-अलग सामुदायिक भवन की मांग की गई थी। कार्यक्रम में गृहमंत्री साहू एवं वनमंत्री अकबर द्वारा साहू समाज की मांग को पूरा करते हुए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की गई थी।

# धोबी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राम रजक व प्रदेश मीडिया प्रभारी बने कमलेश रजक

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार निर्मलकर एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कुमार कनौजे ने प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की है।

प्रदेश कार्यकारिणी में बलौदाबाजार जिला के चार पदाधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश में स्थान दिया गया है जिसमें वर्तमान जिला अध्यक्ष राम रजक को प्रदेश उपाध्यक्ष केंद्रीय अध्यक्ष झड़ी राम कनोजे को संरक्षक धनेश्वर निर्मलकर को उप कोषाध्यक्ष व जिला मीडिया प्रभारी कमलेश रजक को युवा होने के बावजूद समाज के क्षेत्र में उनकी सक्रियता लगन व पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। बलौदाबाजार जिला के चार पदाधिकारियों को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिलने पर बलौदाबाजार जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष निर्मला रजक शंकर रजक मनोज निर्मलकर नारायण निर्मलकर राजेंद्र निर्मलकर जीवन लाल कनौजे अशोक निर्मलकर बाल कुमार रजक अरुण कनौजे लोकेश कनौजे पुनीत राम रजक मोतीलाल कनौजे सुरेश कनौजे पोषण रजक मोतीलाल निर्मलकर लाला राम रजक डोमार सिंह रजक श्यामता प्रसाद रजक जनी राम रजक पंचराम रजक द्वारिका प्रसाद रजक रामजी रजक त्रिलोचन रजक उदे राम रजक हार्दिक रजक उमाशंकर कर्ष रामकुमार रजक घना राम रजक मुनीश रजक ईश्वर रजक अश्वनी रजक चेतन कनौजे हेतराम रजक जितेंद्र कनोजे मान सिंह निर्मलकर मोतीलाल निर्मलकर सुमंत कनोजे निलेश रजक खगेश रजक मोहित रजक ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक कैरी बैग प्रतिबंधित, अब होगी सख्ती से कार्रवाई

- **निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने बैठक में दिये निर्देश, कार्रवाई करने टीम का भी किया गठन**

पायनियर संवाददाता भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक कैरी बैग प्रतिबंधित है। इसको लेकर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। निगम आयुक्त ने बुधवार को इस संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कड़ी कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया। इसके लिये आयुक्त सर्वे ने टीम का गठन किया है। नोडल अधिकारी अनिल मिश्रा को नियुक्त करते हुए । कर्मचारियों के दल का गठन किया है।

यह दल निगम के समस्त व्यावसायिक क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन एवं सभी ऐसे क्षेत्र जहां व्यावसायिक परिसर है उनमें प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग एवं अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक पदार्थों का उत्पादन, परिवहन, भंडारण तथा उपयोग पर कार्रवाई करेंगे और प्रतिबंधित से संबंधित प्रचार-प्रसार भी करेंगे। इसके लिये जोन आयुक्तों के द्वारा लोगो को जागरूक भी किया जायेगा। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर अर्थदण्ड-जुर्माना सहित अन्य कार्रवाई भी होगी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, प्रभारी अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार जोशी, उपायुक्त सुनील अग्रहरि, जोन आयुक्त मनीष कुमार गायकवाड, पूजा पिल्ले, येशा लहरे, अमिताभ शर्मा एवं प्रीति सिंह, सीपीएम तुषार वर्मा, पीएमयू अभिनव ठोकने एवं शुभम पाटनी इत्यादि मौजूद रहे।

**कोविड कंट्रोल पर करे फोकस, शत प्रतिशत टीकाकरण हो: आयुक्त**

निगम आयुक्त ने कोविड कंट्रोल को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पाजिटिव पेशेंट की कांट्रेक्ट ट्रेसिंग सर्वप्रथम आवश्यक है और उन्हें दवाई उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। निगम के प्रत्येक शहरी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाई की उपलब्धता हो क्योंकि इन्हीं स्थानो में कोविड जांच होती है। जैसे ही व्यक्ति एंटीजन में पॉजिटिव आता है तो वहीं से उन्हें दवाई मिल जाये क्योंकि एंटीजन की रिर्पोट त्वरित मिलती है। उन्होंने टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा की और शतप्रतिशत लोगों को टीकाकरण करवाने के निर्देश दिये। टीकाकरण के महाभियान के प्रथम दिन 5066 तथा द्वितीय दिन 4370 लोगों ने इस प्रकार कुल 9444 लोगों ने 2 दिनों में टीकाकरण करवाया।

## गणतंत्र दिवस एवं महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मांस विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2022 दिन बुधवार एवं महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी 2022 दिन रविवार को मांस विक्रय केंद्र बंद रहेगा तथा समस्त पशु वध गृह एवं जीव हत्या बंद रहेगा। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के परिपत्र अनुसार नगर पालिका निगम भिलाई सीमा क्षेत्र अंतर्गत संचालित पशुवध गृह 26 जनवरी और 30 जनवरी को बंद रहेंगे। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करेंगे अधिकारी

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 12 वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी अधिकारी और कर्मचारी, शपथ पत्र के नमूने के अनुसार, शपथ लेकर उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करेंगे। इस बार आयोग द्वारा थीम निर्धारित की गई है।

**पुराने प्लास्टिक बारदाना में 10 कट्टा धान लाने पर उसे जब्ती बनाने के दिए निर्देश**

# कलेक्टर ने छुरा में धान खरीदी केंद्र, कई स्थानों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने छुरा धान उपार्जन केंद्र में शासन की धान खरीदी का भी जायजा लिया। छुरा उपार्जन केंद्र में कलेक्टर ने धान खरीदी का औचक निरीक्षण किया, यहां उन्होंने टोकन, ऋण पुस्तिका और आधार कार्ड के बिना धान नही खरीदने के निर्देश दिए। मौके पर एक किसान द्वारा गत वर्ष के पुराने प्लास्टिक बारदाना में 10 कट्टा धान लाने पर उसे जब्ती बनाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा की और मशीन से नमी भी नापी। समिति प्रबंधकों को छूटे हुए सीमांत कृषकों को खरीदी में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। धान खरीदी के अंतिम दिवस स्टैकिंग का भौतिक सत्यापन के पश्चात ही उठाव करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान समिति में किए गए खरीदी की जानकारी कलेक्टर द्वारा ली गई। धान खरीदी निरीक्षण के पश्चात उन्होंने शासन द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरा का निरीक्षण किया। उन्होंने यहाँ संचालित कक्षा एवं लैब का निरीक्षण किया। प्राचार्य को स्कूल में बेहतर व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केंद्र बनाने के लिए आवश्यक पहल और प्रयास करने कहा गया। इस दौरान उन्होंने अध्यापन और सीखने की प्रक्रिया के लिए शिक्षकों को अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कुसुमबुडा केंद्र का निरीक्षण करते समय उन्होंने बच्चों को गिनती सिखाई । कलेक्टर ने रोचक और मनोरंजक अंदाज में गिनती सिखाई जिससे बच्चे अत्यंत प्रसन्न हुए। यहां उन्होंने कुपोषित बच्चों के लिए अलग से सुपोषण प्लान बनाने के निर्देश दिए तथा फोटोग्राफ सहित ग्राफ के माध्यम से चार्ट बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने एकलव्य आवासीय विद्यालय का निरीक्षण भी किया। यहां उन्होंने पानी की समुचित व्यवस्था के लिए पीएचई विभाग को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। मुड़ागांव गोठान में महिला दीदियों के कार्य के बारे में जानकारी लेते हुए जमीन में बैठकर चर्चा की। उन्होंने उनकी समस्याओं और आजीविका को बढ़ाने के संबंध में चर्चा की और आवश्यक सुझाव दिए । पाटसिवनी स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने ऑक्सीजन कंसंट्रेटर को लगाने के निर्देश और केंद्र में आवश्यक साफ-सफाई ,व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। टीकाकरण की जानकारी उनके द्वारा ली गई साथ ही टीकाकरण के 2 दिन पूर्व कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी शीतल बंसल, जनपद सीईओ रुचि शर्मा तहसीलदार किशोर शर्मा, नायब तहसीलदार कुसुम प्रधान ,महिला एवं बाल विकास अधिकारी चंदू साहू एवं संबंधित स्टाफ मौजूद थे।

संपादकीय

# मद्य निषेध

## प्रबंधन की समस्या

बिहार को मद्य निषेध के प्रबंधन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पटना उच्च न्यायालय ने हाल ही में आश्चर्य प्रकट किया था कि राज्य पुलिस और एक्साइज़ अधिकारियों की 'शराब स्मगलरों के साथ मिलीभगत' है। इस बीच दिल्ली के साथ अपनी अलग समस्यायें हैं। उसकी नई एक्साइज़ नीति सरकार की इस घोषणा पर मौन है जिसके चलते मदिरापान की आयु 25 साल से घटा कर 21 की गई थी। इसका कारण है कि नगरनिगम चुनाव होने वाले हैं और विपक्षी दलों ने इस कदम का विरोध किया था। मध्य प्रदेश में भी नई एक्साइज़ नीति बनी है जिसमें हवाईअड्डों और मॉल में शराब की बिक्री के साथ एक करोड़ या उससे अधिक आमदनी वाले लोगों के लिए घर पर बार लाइसेंस देने की व्यवस्था है। फरवरी के बाद शराब इसलिए भी सुर्खियों में रहेगी क्योंकि पुलिस चुनाव वाले राज्यों में छापे मार कर मतदाताओं को आकर्षित करने वाली अवैध शराब पकड़ेगी। लेकिन यह संकट केवल अवैध शराब बिजनेस का नहीं है। इसका संबंध नैतिकता बनान राजस्व की दुविधा से है जिसने भारत में शराब की बिक्री पर हो रही बहस पर कब्जा कर लिया है। नैतिकता पर हमेशा पैसे की जीत हुई है। भारत दुनिया में अधिकतम शराब बनाने और उपभोग करने वाला देश है। लगभग 10 मिलियन खुदरा दूकानों तथा 5 लाख से अधिक पबों से बिकने वाली शराब से हर वर्ष 2.6 ट्रिलियन राजस्व प्राप्त होता है। राज्यों में मदिरा पर टैक्स की लगभग समान दरें हैं। लगभग 600 मिलियन भारतीय मदिरापान की आयु से ऊपर हैं। लगभग 50 मिलियन भारतीयों की आयु 18-45 साल है और मदिरा उद्योग उन पर निशाना लगा रहा है। तेज शहरीकरण और लाभदायक जनसंख्या संरचना से मदिरा उद्योग फल-फूल रहा है। निम्न और उच्च मध्य वर्ग की खरीद क्षमता में वृद्धि इसमें सबसे बड़ा योगदान कर रहा है। आधुनिक प्रवृत्तियों और बदलते सामाजिक मानकों ने मदिरा उपभोग को परिवार परिवेशों में भी स्वीकार्य बना दिया है। आज पहले की तुलना में अधिक महिलायें शराब पी रही हैं। मदिरा उद्योग प्रथम और दूसरी श्रेणी वाले शहरों को लक्षित कर रहा है जहां मांग सर्वाधिक है। अब लोगों की पसंद गुणवत्तापूर्ण मदिरा पर केन्द्रित हो रही है तथा प्रीमियम व आयातित मदिरा की मांग बढ़ रही है। युवा वयस्कों के लिए बियर और वाइन आवश्यक पदार्थ तथा पसंदीदा पेय बन रहे हैं। भारत की विडंबना है कि मदिरा का बिजनेस तथा नैतिकता की लहरें समान रूप से पुरानी पड़ रही हैं। संविधान ने सरकार को 'मद्यनिषेध लागू करने' की सलाह दी है, पर देश की अर्थव्यवस्था सरकार से कहती है कि वह इससे मुंह मोड़ ले। इस प्रकार गुजरात तथा हाल ही में बिहार को छोड़ कर मद्य निषेध अधिकांशतः कागजों के बजाय सोच में है। हमारी पार्टियों और नेताओं के मन में पैदा अविश्वास के कारण इस मामले पर कोई स्पष्ट निर्णय नहीं हो पा रहा है और हम आश्चर्यजनक स्थितियों का शिकार बनते हैं। 18 वर्षीय कोई नौजवान धूम्रपान कर सकता है और वोट दे सकता है, पर वह 25 वर्ष की आयु तक मदिरापान नहीं कर सकता है। मद्यनिषेध के पहले की तुलना में आज बिहार के नशेड़ी को ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है क्योंकि उसे शराब लेने के लिए राज्य की सीमा तक जाना पड़ता है। समस्या का समाधान मदिरा पर प्रतिबंध लगाने के बजाय जिम्मेदारी से मदिरापान है। लेकिन सवाल है कि लोगों के लिए इसका निर्णय कौन करेगा? क्या राज्यों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के आधार पर व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं में हस्तक्षेप का अधिकार है? क्या वे मदिरापान पर उस स्थिति में नैतिक नियंत्रण लगा सकते हैं, जबकि वे इस बिजनेस से मिलने वाले राजस्व पर अत्यधिक निर्भर हैं? क्या यह कहना उचित होगा कि हम समस्या से दूर भाग रहे हैं?

# पंजाब चुनाव में मुख्यमंत्री चेहरे

### चरणजीत चन्नी, भगवंत मान, सुखवीर बादल और कैप्टेन अमरिंदर सिंह के नाम आने के बाद अब लगभग निश्चित है कि पंजाब में अचानक कोई और मुख्यमंत्री नहीं बनेगा।



**अमिताभ शुक्ला**
(लेखक दि पायनियर चंडीगढ़ के वरिष्ठ स्थानीय संपादक हैं)



**आम** आदमी पार्टी-आप ने कामेडियन से राजनेता बने भगवंत मान को अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित किया है। इससे पार्टी के भीतर और बाहर लंबे समय से व्याप्त सस्पेंस समाप्त हो गया है क्योंकि इस पार्टी के अनेक कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी पसंद मनवाने का प्रयास कर रहे थे और उनकी संख्या बढ़ती जा रही थी। जहां तक प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के बीच मुख्यमंत्री चेहरे का सवाल है, अब तक कांग्रेस संकेत दे रही थी कि वह चरणजीत सिंह चन्नी को पसंद करेगी जिन्होंने लंबे समय से मुख्यमंत्री रहे अमरिंदर सिंह के बाहर जाने के बाद मुख्यमंत्री बनने पर अपने संक्षिप्त कार्यकाल में खास छाप छोड़ी है। इसके बाद पंजाब चुनावों में तीसरा गंभीर आयाम शिरोमणि अकाली दल का है जहां नेतृत्व पहले से विरासत पर आधारित है और यह पार्टी अध्यक्ष सुखवीर सिंह बादल के पास आ गया है। उनके पिता प्रकाश सिंह बादल पांच बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, पर अब उनकी आयु 90 साल से अधिक है। हालांकि, पिछले पांच साल में वे कभी-कभी सार्वजनिक रूप से सामने आते रहे हैं, पर निश्चित रूप से उन्होंने अपने बेटे के लिए रास्ता खोला है। सुखवीर बादल 2012-2017 तक पार्टी के शासनकाल में उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के रूप में काम कर चुके हैं जब उसका भाजपा के साथ गठबंधन था। इस बार शिरोमणि अकाली दल ने विवादास्पद कृषि कानूनों के मुद्दे पर भाजपा के साथ दो दशकों से भी लंबा गठबंधन तोड़ दिया है और बहुजन समाज पार्टी के साथ गठजोड़ किया है। गठबंधन के सत्ता में आने पर बसपा को उप मुख्यमंत्री पद का प्रस्ताव किया गया है।

यदि पंजाब लोक कांग्रेस-भाजपा गठबंधन सत्ता में आता है तो निश्चित रूप से पटियाला राजपरिवार के अमरिंदर सिंह मुख्यमंत्री उम्मीदवार होंगे, हालांकि सीट साझा समझौते के कारण उनकी नई पार्टी को भाजपा से कम सीटें मिलेंगी। लेकिन इस गठबंधन ने जमीन पर ज्यादा प्रयास नहीं किए हैं क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में इसके प्रति कोई आकर्षण नहीं है। शहरी क्षेत्रों में भाजपा के प्रभावक्षेत्र वाले कुछ स्थान हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक इसे दो अंकों में पहुंचता हुआ नहीं देख रहे हैं। हालांकि, हाल में वाम, दक्षिण व मध्य से कुछ आक्रामक संकेत जरूर मिल रहे हैं, पर राजनीतिक विश्लेषकों ने इस गठबंधन को सत्ता का गंभीर दावेदार नहीं माना है। उनका कहना है कि पटियाला राजपरिवार का कांग्रेस से अलग होकर चुनावों में उतरना राजनीतिक पुनर्जीवन के गंभीर प्रयास के बजाय ज्यादातर एक 'सत्ता से वंचित राजा का अहंकार' है। वर्तमान समय में टेली-वोटिंग अभियान के बाद पार्टी में लोकप्रिय मान को मुख्यमंत्री चेहरा बनाने के पीछे आप की रणनीति जनता में सालों से उनके प्रति जारी आकर्षण का लाभ उठाना है। टेली-वोटिंग के लिए एक फोन नंबर का प्रचार करना तथा मतदाताओं से मिस्ड काल, एसएमएस व वाट्सएप से संपर्क करने के लिए कहने से पार्टी को मतदाताओं से सीधे संपर्क करने में सहायता मिलती है। इसमें राजनीतिक ताजगी का एक आश्चर्यजनक तत्व भी शामिल है। यह अपने किस्म की पहली कार्रवाई थी और ऐसे अनोखेपन से पार्टी को मतदाताओं का ध्यान आकर्षित करने में सहायता मिलती है। याद करें कि 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 'चाय पर चर्चा' तथा 2017 के विधानसभा चुनाव में अमरिंदर सिंह के अभियान 'कैप्टेन के साथ काफी' ने दोनों नेताओं को शिखर पर पहुंचाने में सहायता की थी। निश्चित रूप से इन लोकप्रिय नारों के पीछे रहे प्रशांत किशोर आजकल जैसे अध्ययन अवकाश पर हैं और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की विजय के बाद वे किसी के लिए ऐसे नारे नहीं गढ़ रहे हैं। 'आप दा सीएम' टेली-वोटिंग कार्यक्रम में 21 लाख लोगों ने अपनी राय आप द्वारा 13 जनवरी को वोटिंग के लिए दिए नंबर पर प्रकट की जिनमें से 93.3 प्रतिशत ने भगवंत मान को पंजाब के मुख्यमंत्री की अपनी पसंद बताया। निश्चित रूप से लक्ष्य और वास्तविकता के बीच अनेक बाधायें होती हैं और यह नियम किसी अन्य क्षेत्र के बजाय राजनीति पर ज्यादा लागू होता है। अब यह निश्चित है कि पंजाब में मुख्यमंत्री पद का और कोई उम्मीदवार अचानक सामने नहीं आएगा, जबकि पहले लगभग सभी पार्टियों का यही विश्वास था। 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में आप ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और उसने विपक्षी नेता का पद अकाली दल से छीन लिया था। लेकिन उस समय उसने कोई मुख्यमंत्री चेहरा सामने नहीं रखा था और निश्चित रूप से वह यह गलती 2022 में नहीं दुहराना चाहता था। दूसरी ओर सत्तारूढ़ कांग्रेस ने अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, हालांकि उसने 2017 में चुनाव के थोड़ा पहले ही कैप्टेन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया था। चूंकि निर्वाचन आयोग के कोविड-19 दिशानिर्देश के कारण किसी सार्वजनिक प्रचार अभियान की अनुमति नहीं है और कोई बड़ी रैली नहीं की जा सकती है, इसलिए कांग्रेस के सर्वोच्च नेतृत्व यानी राहुल व प्रियंका गांधी को अब तक चन्नी या सिद्धू के साथ मंच पर आने का मौका नहीं मिला है जिससे कोई अनुमान लगाया जा सके। लेकिन कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल से संकेत दिया है कि चन्नी उसके उम्मीदवार हो सकते हैं। उसने बालीवुड अभिनेता तथा दानदाता सोनू सूद के साथ एक वीडियो क्लिप का साझा किया है जिसमें वे जनता से ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाने की अपील करते दिखते हैं जो सामान्य पृष्ठभूमि से आया हो। इस प्रकार उनका संकेत चन्नी की ओर है। वीडियो में निवर्तमान मुख्यमंत्री के विजुअल हैं जिससे इस अनुमान को बल मिला है कि आलाकमान ने एक प्रकार से उनके नाम को अनुमति दे दी है। समझा जाता है कि फिरोजपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा में खामी पर पैदा विवाद में चन्नी की तार्किक व भावनात्मक अपील ने उनकी स्थिति मजबूत की है। इसके साथ ही चन्नी ने सुनियोजित ढंग से अपनी 'आम आदमी' वाली छवि बनाई है और इस प्रकार वे आप के वोटों में सेंधमारी करना चाहते हैं।

लेकिन कांग्रेस आलाकमान अच्छी तरह जानता है कि पीसीसी प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू बिना कोई विरोध किए अपने सिवा मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में किसी अन्य का नाम स्वीकार नहीं करेंगे। इसीलिए शायद वह कोई आधिकारिक घोषणा न कर फिलहाल शांति बनाए रखना चाहता है। उचित समय आने तक सबको खुश रखने के लिए 'सामूहिक नेतृत्व' शब्द का प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन सिद्धू आलाकमान से मुख्यमंत्री का नाम घोषित करने की लगातार मांग कर रहे हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि 'दूल्हे बिना बारात कैसी'। स्पष्ट रूप से वे चुनाव अभियान को विवाह के जुलूस जैसा समझ रहे हैं जिसमें दूल्हा मुख्यमंत्री उम्मीदवार की तरह है। लेकिन ऐसा लगता है कि सबको खुश रखने की सर्वोच्च नेतृत्व की मजबूरियों के चलते इस 'शादी के जुलूस' में कोई 'दूल्हा' नहीं होगा। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस बाकी सबको संकेत देना जारी रखेगी कि चन्नी उसकी पसंद हैं। आश्चर्यजनक रूप से आप के टेली-वोटिंग अभियान में सिद्धू को दूसरा सर्वाधिक पंसदीदा मुख्यमंत्री उम्मीदवार बताया गया है और पार्टी उनको तीन प्रतिशत से अधिक वोट देती है। इस सवाल पर पंजाब में बहुत से लोगों की दो व्याख्यायें हैं। पहला, सिद्धू आप में चले जाएंगे और दूसरा, आप ने टेली-वोटिंग की ऐसी विधि अपनाई जिसमें सिद्धू भी तस्वीर में आ गए। लेकिन राजनीतिक अनुमानों के बावजूद पार्टी की नजरों में सिद्धू का चेहरा उसके अपने मुख्यमंत्री चेहरे मान के बाद आता है। यह स्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं व केन्द्रीय नेतृत्व में समान रूप से स्वीकार्य है। इस प्रकार विभिन्न टीमों के कप्तान के रूप में भगवंत मान, चरणजीत सिंह चन्नी, सुखवीर सिंह बादल तथा अमरिंदर सिंह के नाम सामने हैं। चुनाव परिणाम इनमें विजेता का निर्धारण करेंगे।

# बजट में व्यापार संबंधों पर ध्यान जरूरी

> "वित्त मंत्री के लिए संदेश लोकलुभावन उपायों पर जोर से घोषणा करते हुए चुपचाप व्यापार समझौतों को समृद्ध करने के लिए रास्ता बनाना है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी तो उनके पास बातचीत करने के लिए एक कठिन संतुलन अधिनियम होगा। सबसे पहले, वह अपने पिछले साल के सपने बजट के खिलाफ होंगी, जिसे अधिकांश अर्थशास्त्रियों ने सुधारवादी, साहसी और दूरदर्शी कहा था। यह तर्क दिया जा सकता है कि शोर-शराबे वाली लोकतांत्रिक प्रक्रिया और कोविड लहरों के घातक प्रभाव के दबाव और दबाव को देखते हुए, प्रस्तावित सुधारों में से कई बजट दस्तावेज़ में बने रहे। दूसरे, इस वर्ष का बजट उत्तर प्रदेश सहित महत्वपूर्ण राज्य चुनावों की पूर्व संध्या पर प्रस्तुत किया जाएगा, जो राज्य सभा की रूपरेखा तय करेगा, और इसलिए आने वाले महीनों में सुधारों को आगे बढ़ाने की सरकार की क्षमता। आरफॉर्मिस्ट नीति दस्तावेज जरूरी नहीं कि लोकलुभावन हो और इसलिए इसमें मतदाता अपील बहुत कम होती है। तीसरा, वह आबादी के एक बड़े हिस्से से बात करेंगी, जिनमें से कई ने महामारी के कारण अपनी आजीविका खो दी है, यहां तक कि वे ईंधन की कीमतों से प्रेरित मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं और जीवन रक्षक महामारी दवाओं पर खर्च बढ़ा रहे हैं। इस पृष्ठभूमि के खिलाफ विदेशी व्यापार संबंध, द्विपक्षीय या मुक्त व्यापार है, जिसे भारत ने निर्णायक रूप से आगे बढ़ाया है, ताकि धन का प्रवाह बरकरार रहे। भारत वर्तमान में 16 मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत करने की कोशिश कर रहा है, जबकि व्यापारिक ब्लॉकों के साथ सात मौजूदा समझौतों का उन्नयन कर रहा है।

ब्रिटेन की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सचिव ऐनी मैरी ट्रेवेलियन कुछ दिनों पहले भारत में थीं, जब भारत और यूके ने मुक्त व्यापार समझौता वार्ता शुरू करने की घोषणा की। अगले साल के मध्य तक पूरा करने का लक्ष्य है। भारत चाहता है कि दोनों देशों के बीच पेशेवरों की मुफ्त आवाजाही पर प्रतिबंध हटा दिया जाए, वीजा शुल्क में कमी हो, भारत के कृषि हितों की रक्षा के लिए रेलिंग हो और इसके टीकों, पूर्व-मिश्रित चाय और कॉफी, यार्न आदि के लिए बेहतर पहुंच हो। बदले में ब्रिटेन ब्रिटिश व्हिस्की और कारों पर भारत द्वारा लगाए गए कष्टदायी शुल्क को कम करना चाहता है। हालांकि, चाल इस तरह के व्यापार सौदों के लाभों को घरेलू निर्वाचन क्षेत्रों या मतदाताओं को बेचने में निहित है। बजट की दौड़ में, भारत ने कई वर्षों में पहली बार अपनी संरक्षणवादी छवि को त्याग दिया है और भविष्य की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए शक्तिशाली व्यापारिक ब्लॉकों के साथ जुड़ने को तैयार है। जब बाहरी आर्थिक संबंधों की बात आती है, तो भारत के लिए प्रतिस्पर्धा में बढ़त लाने के लिए एनडीए सरकार ने अब तक समान जीएसटी, दिवाला और दिवालियापन संहिता, श्रम संहिता आदि जैसे घरेलू सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया था।



हालांकि, अब वापस ले लिए गए कृषि क्षेत्र के सुधारों के संभावित लाभों पर सभी घटकों को एक साथ एकजुट करने में विफलता भविष्य के खतरे का संकेत है। यदि वित्त मंत्री को भविष्य के व्यापार समझौते के अनुकूल बजट का अनावरण करना है, तो उन्हें भारत में कई आयातित सामानों के लिए उच्च सीमा शुल्क और अन्य करों पर बंद दरवाजे खोलने होंगे। अधिकांश आयातित उत्पादों पर ये उच्च शुल्क या कर घरेलू उपभोक्ताओं पर एक बड़ा बोझ पैदा करते हैं या, वे कई बार कम गुणवत्ता वाले घरेलू रूप से निर्मित समान वस्तुओं के लिए समझौता करते हैं।

इसमें से अधिकांश स्थानीय निर्माताओं और व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए किया जाता है। इन दरवाजों को खोलने के लिए कोई भी कदम, एक मजबूत अर्थव्यवस्था से कुछ वस्तुओं और सेवाओं की मुफ्त आवाजाही की अनुमति देता है, लगभग शून्य इनपुट शुल्क और करों पर, जबकि साझेदार देश में समवर्ती लाभ होते हैं, निश्चित रूप से एक लोकलुभावन कदम है और एक पुशबैक का कारण बन सकता है। उदाहरण के लिए, पिछले साल के बजट में घोषित और 300 करोड़ से कम मूल्य के सेंट्रा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के निजीकरण का प्रयास एक कानूनी चुनौती में चला गया है और सरकार एक अनुकूल फैसले के लिए जोर देने में जल्दबाजी नहीं करती है। इसलिए, वित्त मंत्री के लिए संदेश लोकलुभावन उपायों पर जोर से घोषणा करते हुए चुपचाप व्यापार समझौतों को समृद्ध करने के लिए रास्ता बनाना है।

## फरमाया



**यदि** जांच हुई होती तो दुनिया को पता चलता कि जो बाटला हाउस मुठभेड़ में आतंकी बताकर मारे गए थे उन्हें शहीद का दर्जा मिलना चाहिए।

**- मौला ताकीर रज़ा खान**
इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल प्रमुख



**चार** साल तक अलग रहने के बाद मैं परिवार के साथ एकजुट होने हेतु कहमती समय बिताना और सामान्य जीवन में वापस लौटना चाहता हूं।

**- एडवर्ड लेंग**
हांगकांग एक्टिविस्ट



**अमेरिका** में 5-जी स्थिति से पार पाने के लिए भारत हमारे वाहकों के साथ निकट समन्वय से काम कर रहा है।

**- अरुण कुमार**
डीजीसीए प्रमुख

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## सुरक्षित रेल यात्रा

इस वर्ष जनवरी महीने प0 बंगाल के जलपाईगुड़ी में शाम को बीकानेर गोहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पटरी से उतर कर एक दूसरे डिब्बो पर चढ़ गए। इस दुर्घटना में 9यात्रियों की मौत और 40 यात्री घायल हो गए।काफी वर्षो से रेल दुर्घटनाओं में काफी कमी आई है। रेल में दुर्घटनाओं का कारण रेल पटरियां व सम्बंधित ढांचों का रखरखाव तथा बड़े पैमाने पर एल एच बी कोचों की संख्या की जरूरत है। भारतीय रेलवे को यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिये और दुर्घटनाओं को रोकने के लिये आधुनिक कोचों के लिये भारी धनराशि की व्यवस्था को करना होगा। जर्मनी में विकसित यह कोच एन्टी टेलीस्कोपी माना जाता है।जो टकराने पर मुड़ते नही है।ये कोच स्टेनलेस स्टील और इनके भीतर की डिजाइन एल्युमिनियम से बनाई जाती है। जो टिकाऊ और अधिक यात्रियों को ले जाने मे सक्षम है। जो परंपरागत कोचों से हल्के होते है। जलपाईगुड़ी में घटी दुर्घटना ने सुरक्षित कोच डिजाइन की आवश्यकता को उजागर किया है। भारत देश मे मॉनव संसाधन की कमी नही है। पटरियों की देखभाल के लिये खलासियों, रेलपथ निरीक्षकों की नियुक्तियां रेल मंत्रालय को करना चाहिये।

**- कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव

## विचारणीय प्रश्न

**दुनिया** के सौ से ज्यादा अरबपति एक अपील लेकर सामने आए हैं। उनका कहना है कि उन पर जो टैक्स लगाया जा रहा है, वह काफी नहीं है। उनसे और ज्यादा टैक्स लिया जाए। इस अपील के पीछे कुछ ही दिनों पहले आई वह स्टडी रिपोर्ट है, जो बताती है कि दुनिया में अमीर और गरीब के बीच का अंतर तेजी से बढ़ रहा है। ग्लोबल चैरिटी ऑक्सफैम द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के दस सबसे अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति महामारी वाले उन दो वर्षों में दोगुना बढ़ाकर 1.5 ट्रिलियन डॉलर कर ली, जब दुनिया के ज्यादातर लोग तरह-तरह की तकलीफों से गुजरते हुए गरीबी में और गहरे धंस गए। ऐसे में इन 102 अरबपतियों ने अपनी इस साझा अपील के जरिए यह बात उठाई है कि मौजूदा टैक्स सिस्टम न्यायपूर्ण नहीं है। इसे जानबूझकर ऐसा रखा गया है, जिससे अमीर और अमीर, गरीबी और गरीब होते जाएं। इसीलिए इस सिस्टम में बदलाव लाते हुए अमीरों पर और ज्यादा टैक्स लगाने की पहल की जानी चाहिए। सिर्फ टैक्स बढ़ा देना इस समस्या का समाधान नहीं है वही अमीर लोग जो अपील लेकर गए हैं ,खुद भी तो दान और सहायता के रूप में अपने हाथों से बड़ी धनराशि खर्च कर के गरीबों को राहत प्रदान कर सकते हैं।

**- सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

## धारावाहिकों में बदलाव

**एक** वो समय था, जब शक्तिमान, हमलोग, चाण्क्य, साराभाई इत्यादि जैसे कार्यक्रम अपनी कहानियों द्वारा लोगों में? तालमेल तथा आत्मीयता बढ़ाने हेतु समाज को मनोरंजन के साथ नई सोच से रू-ब-रू कराने का कार्य किया करते थे और आज का यह समय है?, जब ऊल जलूल बातो के आधार पर कुछ धारावाहिक सिर्फ लोगों को भर्मित कर अपना लाभ देख रहे हैं। जहां रिस्तों में सामंजस्य बैठाकर मनोरंजन करना निर्माताओं का लक्ष्य हुआ करता था वह अब सिर्फ लड़ाई-झगड़े, रिस्तों में कड़वाहट दर्शाने तक ही सीमित रह गया है। आखिर क्या कारण है कि आज धारावाहिक मनोरंजन का मूल उद्देश्य भूल चुके हैं? शायद, टीआरपी की दौड़ में सबसे आगे निकलकर अपनी लोकप्रियता का डंका बजाना। कारण कुछ भी हो लेकिन ये साफ है की अब धारावाहिक निर्माता लोगो की ना सोचकर खुद के बारे में ज्यादा सोचने लगे हैं। आज जिस तरह से टीआरपी के लालच में मनोरंजन के नाम पर कुछ भी परोसा जा रहा है उस पर नकेल कसना जरूरी और अहम आवश्यकता है।

**- निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विवि

# पक्का मकान, हर गरीब का अधिकार: मो. अकबर

## कैबिनेट मंत्री ने 8 परिवारों को नये मकान में प्रवेश के लिए बधाई दी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आज शहरी क्षेत्र के 50 परिवारों को कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, पार्षदगणों की उपस्थिति में वर्चुअल कान्फ्रेसिंग के माध्यम से स्वीकृति पत्र वितरण किया तथा 8 परिवार जिन्होने अपना मकान प्रधानमंत्री आवास योजना से पूर्ण कर लिया है उनको पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान कर नये मकान में प्रवेश के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।

कैबिनेट मंत्री मो.अकबर ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय से नगर पालिका कवर्धा क्षेत्रांतर्गत निवासकर रहे 50 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर जमीन मोर मकान अंतर्गत स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि पक्का मकान सभी पात्र परिवारों को मिले, हर गरीब का सपना साकार हो, ऐसा सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि पक्का मकान हर गरीब का अधिकार है आज 50 परिवारों को नया मकान बनाने की अनुमति मिल गया है अब जल्द ही आपका नया मकान बनकर तैयार होगा। उन्होनें सभी 50 परिवारों को नये मकान बनाने के लिए व 8 परिवारों को नये मकान में प्रवेश करने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।



मकान निर्माण की स्वीकृति पत्र प्राप्त करने पर सभी हितग्राहियों ने मंत्री को धन्यवाद दिया।

### 50 परिवारों को बनेगा नया आशियाना-ऋषि कुमार शर्मा

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हर गरीब परिवार को मिले। इसके लिए हम सभी वार्डो के पात्र परिवारों से लगातार आवेदन प्राप्त कर रहे है तथा योजना का लाभ भी दे रहे है हमारे द्वारा हितग्राहियों से विधिवत दस्तावेज प्राप्त कर उनके दस्तावेजों का जांच-पडताल कर राशि मांग हेतु शासन को डी.पी.आर. प्रेषित किया जाता है उन्होनें बताया कि कवर्धा शहर के सभी पात्र हितग्राहियों का डीपीआर तैयार कर राशि मांग हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जा चुका है वर्तमान में 50 परिवारों का नया मकान बनाये जाने हेतु स्वीकृति प्राप्त हुआ है आज मंत्री जी द्वारा वर्चुअल विडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से परिवारों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया है अब जल्द ही इनका नया मकान तैयार हो जायेगा।

### 8 परिवारों को मिला पूर्णता: प्रमाण पत्र-सीएमओ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत शहर में चल रहे 8 हितग्राही क्रमशः मो.सलीम तवंर वार्ड क्रं. 05, तसरीफून निशा वार्ड क्रं. 06, परवीन बानो वार्ड क्रं. 06, कन्हैया लाल साहू वार्ड क्रं. 08, श्याम बाई यादव वार्ड क्रं. 11, सविता झारिया वार्ड क्रं. 13, गंगा सिंह पाली वार्ड क्रं 16, राखी पाली वार्ड क्रं. 16 के द्वारा मकान को समय-सीमा में पूर्ण कर लिया गया है तथा सभी प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मिलने वाले सभी किस्तों की राशि उनके खाते में जमा करा दी गई है आज सभी 8 परिवारों को पूर्णताः प्रमाण पत्र माननीय कैबिनेट मंत्री मो.अकबर जी द्वारा दिया गया है तथा 50 परिवारों को भी नया मकान निर्माण किये जाने हेतु स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया है अब जल्द ही सभी 50 परिवारों को उनका खुद का मकान प्राप्त हो जायेगें। वर्चअुल कान्फ्रेसिंग के अवसर पर इस अवसर पर सभापति चुनुवा खान, भीखम कोसले, पार्षद मोहित माहेश्वरी, सुनील साहू, संजय लांझी, उत्तम गोप, संतोष यादव, एल्डरमेन दलजीत पाहुजा, कौशल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष उमंग पांडे, देवा साहू, हिरेश चतुर्वेदी, राजेश गुप्ता, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे, अभिषेक श्रीवास्तव, निलेश मिश्रा, रामशरन पाली उपस्थित थे।

# दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग में विजय एवं एनसीसी दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, अंजोरा में 1 छत्तीसगढ़ घुड़सवार रेजिमेंट एन.सी.सी. अंजोरा, दुर्ग में विजय एवं एन.सी.सी. दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को चेक, प्रमाण पत्र, पुरुस्कार वितरण समारोह के अवसर पर एन.सी.सी. के कमान अधिकारी कर्नल हरेंद्र तिवारी, डॉ. किरण कुमारी एवं अन्य एन.सी.सी. अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। एन.सी.सी. दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध एवं कविता लेख प्रतियोगिता तथा विजय दिवस पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रावीण्य सूची में कुल 100 से अधिक प्रतिभागियों में से 22 चयनित विजेता प्रतिभागियों को चेक, प्रमाण पत्र एवं मेडल से पुरुस्कृत किया गया, जिसमें 7 एन.सी.सी.कैडेट्स पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय,अंजोरा के थे। कविता लेखन में भूमिका कौशिक, निबंध प्रतियोगिता में प्रियंका सिंह को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। 16 दिसंबर विजय दिवस के अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के एन.सी.सी. कैडेट्स अपूर्व पांडे एवं भावेश संघानी ने द्वितीय पुरस्कार तथा मनदीप कुमार गुप्ता को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इन विजेताओं को चेक, प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान किया गया। इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा में निखार एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है तथा वे समाज में अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित होते हैं। इस आयोजन पर विजेताओं को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एन.पी. दक्षिणकर ने कहा कि एन.सी.सी. के स्पर्धाओं में भाग लेने से कैडेट्स के शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का विकास होता है। अधिष्ठाता डॉ. एस.के.तिवारी ने बधाई देते हुए भविष्य में भी और अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित कर शुभकामनाएं दी।

# शहर बजरंग दल संयोजक बने अंकुर सिंघानिया



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा शहर के राम मंदिर में बालोद जिला विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में 21जनवरी को दल्ली राजहरा बजरंग दल का गठन किया गया। इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता,आदिवासी नेता देवलाल ठाकुर, जिला मातृ संयोजिका सत्या साहू, दल्लीराजहरा मातृ शक्ति संयोजिका जानकी यादव, सह संयोजिका नन्दा पसीने, विहिप जिला सह मंत्री महेंद्र सोनवानी, बजरंग दल जिला सह संयोजक उमेश सेन की मौजूदगी में नए बजरंगी साथियों को नवीन दायित्त्व दिया गया बजरंग दल के नये कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमें दल्लीराजहरा शहर बजरंग दल नगर संयोजक-अंकुर सिंघानिया ,सह संयोजक-विक्की जायसवाल नगर मंत्री-कुनाल कथूरिया, विद्यार्थी प्रमुख-नितिन सहारे गौरक्षा प्रमुख-सागर पंजवानी को नवीन दायित्व दिया गया है। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने नए युवाओं को नवीन दायित्व मिलने पर बधाई दी व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लौह अयस्क नगरी में आज युवाओं के कंधे पर धर्म समाज की बड़ी जिम्मेदारी मिल रही है। आप सभी धर्म समाज की मजबूती के लिए काम करे। आदिवासी नेता देवलाल ठाकुर ने भी नए पदाधिकारियों को बधाई दी व हिंदू धर्म संगठन को मजबूत करने की बात कही व अपनी शुभकामनाएं दी इस बैठक में सरस्वती वर्मा, पुष्पा सिंह, प्रमिला पारकर, विजय सिंग, गजेंद्र दास सहित अन्य हिन्दू वादी नेता व सदस्य उपस्थित रहे।

# जिले में अब तक 5 लाख 43 हजार 134 मेट्रिक टन धान की खरीदी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 1 दिसम्बर से किया जा रहा है। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के मार्गदर्शन में धान खरीदी का कार्य जिले के सभी 102 सहकारी समितियों के 123 उपार्जन केन्द्रों मे नियमिति रूप से की जा रही है। जिले में अब तक 5 लाख 43 हजार 134 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया ने बताया कि शनिवार की स्थिति में धान उपार्जन केन्द्र हरदी में 30086, अंधियारखोर में 49528, अकलवारा में 37190, अछोली में 45600, अतरिया में 25054, आनंदगांव में 44228, आंदू में 43348, उमरिया में 53686 ,ओडिया में 27907, कंतेली में 58401.2, कटई में 56467, कठिया में 64612, कन्हेरा में 36047, कांपा में 32154, किरीतपुर में 59286, कुंवरा में 61605, कुम्ही में 28252, कुरदा में 55875, कुरूद में 27358 कुसमी में 58791, कुसमी में 41844, केंवतरा में 29762, केहका में 52774, कोंगियाकला में 26354, खण्डसरा में 47993, खाती में 45459, खिलोरा में 33917, खुड़मुड़ा में 38295, खैरझिटी में 27617, खैरझिटी में 37117, गनियारी में 36516, गा?डीह में 60843, गुंजेरा में 46825, गुधेली में 55030, गोड़ीकला में 47905.6, गोड़गिरी में 38134, घोटवानी में 40146, चंदनू में 45167, च वाय में 12712, चेचानमेटा में 18082, चोंगीखपरी में 48148, छिरहा में 34619.6, जंगलपुर में 24653.6, जांता में 45686, जानो में 27263, जिया में 37372, जेवरा में 31324, झाल (नवागढ़) में 58148, झाल (बेमेतरा) में 67585, टकसींवा में 54960, टेमरी में 49541, ठेलका में 40057, डंगनिया(ब) में 44497, डुंडा में 49006, तेन्दुआ में 34027, थान खम्हरिया में 44208, दर्री में 41888, दाड़ी में 55604, देवकर में 44171, देवरबीजा में 57908, नवांगांवकला में 34710, नवागढ़ में 79294.4, नांदघाट में 49264, नारायणपुर में 41157.6, नेवसा में 46712, पतोरा में 55432, पदमी में 38391,पदुमसरा में 56731, परपोड़ी में 24755, परपोड़ा में 36740, परसबोड़ में 29213.6, पुटपुरा में 70334, पेण्ड्रीतराई में 62283 ,प्रतापपुर में 40364, बदनारा में 55792, बनरांका में 37252, बसनी में 28283, बांसा में 48890, बांरगांव में 56346, बालसमुंद में 38857,बिटकुली में 48988, बीजा में 36151, बीजाभाठा में 42140, बुंदेला में 55170, बेमेतरा में 43670, बेरला में 44942, बेलतरा में 41164, बोरतरा में 42575, बोरतरा में 45750, भटगांव में 41905.6, भदराली में 15455.2, भरदा में 36022, भिंभौरी में 47704, भैंसा में 45662, मंझगांव में 42746, मऊ में 50401, मल्दा में 36847, मारो में 41002, मावलीभाठा में 36486, मासूलगोंदी में 18232, मुरता में 67653, मोहगांव में 49284, मोहतरा (साजा) में 43444, मोहतरा में 47919, मोहभट्ठा में 35686, मोहरेंगा में 50374, रनबोड़ में 52078, राखी में 14852, लेंजवारा में 58830, लोलेसरा में 42747, सम्बलपुर में 70640, सरदा में 53040, सलधा में 50118, सहसपुर में 39879,साजा में 42006, सिलघट में 38580, सेमरिया में 58134, सैगोना में 54741, सोढ में. 68570, सोमईकला में 28282, हाटरांका में 40832, हसदा में 67536, हाठाडांडू में 43617 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिले के 123 उपार्जन केन्द्रों मे उपार्जित धान को केप कव्हर एवं तारपोलिन से ढक कर रखे जाने के निर्देश हैं। धान को पूरा सुरक्षित रखने हेतु कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र स्तर नोडल अधिकारी जिला नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी के साथ समस्त राजस्व खाद्य एवं सहकारिता विभाग को सतत् निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किये हैं। कलेक्टर द्वारा जिले के धान उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण भी नियमित किया जा रहा है अनियमिता पाये जाने पर समिति प्रबंधकों को निलंबित एवं कारण बताओ नोटिश जारी कर कार्यवाही की गई है।

# विधायक ममता करेंगी ध्वजारोहण

**बेमेतरा।** जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बेमेतरा के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान में सवेरे 9:00 बजे विधायक पंडरिया ममता चंद्राकर ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। विधायक ध्वजारोहण के पश्चात् प्रदेश के मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। जिले के कोरोना वारियर्स एवं उत्कृट अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मानित किया जायेगा।

# एनएसपीसीएल ने सीएसआर मद से सहायता के लिए कलेक्टर को सौंपा एक करोड़ रुपए का चेक

**दुर्ग।**एनएसपीसीएल प्रबंधन ने सीएसआर मद से जिले में हेल्थ अधोसंरचना मजबूत करने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे को एक करोड़ रुपए का चेक सौंपा है। स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए यह राशि दी गई है। यह राशि कोविड-19 अधोसंरचना के लिए दी गई है, इसके साथ ही नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा के लिए भी यह राशि खर्च की जाएगी।

# व्यापार में नहीं चाहिए आंच तो कराएँ कोरोना जाँच: चेम्बर

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

व्यापार में नहीं चाहिए आंच तो कराएँ सभी कोरोना जाँच के स्लोगन के साथ चेम्बर ऑड़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने सभी व्यापारी भाइयों से कोविड टेस्ट करवाने का आग्रह किया है। चेम्बर के जिलाध्यक्ष आकाश आहूजा ने कहा है कि हम सबके लिए यह आवश्यक है कि संक्रमण की अनुपातिक दर को कम से कम किया जाये जिसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा टेस्ट कराने की आवश्यकता है। चेम्बर का स्पष्ट मानना है कि व्यापार और व्यापारी दोनों की सेहत जरूरी है और इसके लिए चेम्बर पूरी तरह से गंभीर है। चेम्बर ने बताया कि 23 जनवरी रविवार को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा शहर के सभी व्यापारियों का टेस्ट किया जायेगा जिसमें सभी व्यापारी बेझिझक अपना टेस्ट कराएँ। टेस्ट कराने का पहला फायदा यह होगा कि हमें समय रहते कोविड की जानकारी मिल जाएगी जिसके कारण समय पर उपचार और आइसुलेशन के माध्यम से हम अपने और अपने परिवार की सुरक्षा कर सकेंगे और संक्रमण को फैलने से रोका जा सकेगा दूसरा यह कि टेस्ट अधिक होंगे तो निश्चित रूप से पोजिटिव संक्रमण दर में कमी आएगी और व्यापारी बंधू व्यापार तथा आर्थिक प्रतिबंध से बचे रहेंगे और दिनचर्या सुचारू रूप से चल सकेगी। आकाश आहूजा ने बताया कि कोरोना में पहले भी व्यापारियों का आर्थिक नुकसान काफी हो चूका है और इस बार चेम्बर किसी भी स्थिति में व्यापारियों, उनके कर्मचारियों और परिवार वालो को संक्रमित नहीं देखना चाहते है। चूँकि व्यापारी भाइयों का प्रतिदिन अनेको लोगो से संपर्क होता है।

### अमर शहीद वीर हेमू कालाणी स्मारक का भूमिपूजन

# विधायक एवं महापौर ने सिंधी समाज के पदाधिकारी के बीच किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम/ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर हेमू कालाणी के बलिदान दिवस पर पालिटेक्निक कालेज तिराहा पर स्मारक बनाने हेतु भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सचिव ने बताया कि वीर हेमू कालाणी का जन्म 23 मार्च 1923 को हुआ किशोरावस्था मे ही शहीद भगत सिंह से प्रेरित होकर देश के लिए मर मिटने स्वराज आंदोलन से जुड़कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हूंकार भरी व निडरता के साथ अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन मे अपना योगदान दिया जिससे अंग्रेजी हुक्मरानों ने उन्हें फांसी की सजा सुनाई जिसें सहर्ष स्वीकार कर 20वर्ष की अल्प आयू मे ही 21 जन. 1943 को फांसी पर चढ़कर देश हित मे अपने प्राण न्योछावर कर बलिदान दिया। व देश के प्रति शहीद हो गए उस महापुरुष की स्मरण मे देश के विभिन्न स्थानों पर स्मारक स्थापित किए गए हैं, इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सिंधी समाज की मांग पर पालिटेक्निक कालेज तिराहा स्थित शासकीय भूमि पर स्मारक बनाने हेतु मुख्य अतिथि अरुण वोरा, विधायक दुर्ग विशेष अतिथि धीरज बाकलीवाल महापौर एवं राजेश यादव सभापति, पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी पार्षद बबीता यादव, एम.आई.सी.सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, हमीद खोखर,तथा मुरली सचदेव सिंधी समाज अध्यक्ष, व महेश गणेशानी अध्यक्ष सिंधूड़ी सेवा समिति कीअध्यक्षता मे भूमिपूजन का कार्य संपन्न हुआ।

# शहर में गंदगी फैलाने वालो की खैर नहीं, गीला सूखा कचरा अलग-अलग नहीं दिए जाने पर पड़ सकता है जुर्माना









पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम अगर आप दुर्ग शहर में कहीं भी (सड़क, पार्क या खुले सार्वजनिक स्थान) पर कचरा डालते है या गंदगी फैलाते है तो सावधान हो जाए। ऐसा करने पर आपको 100 रुपए से लेकर 2000 हजार रुपए तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। नगर निगम दुर्ग आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर नोडल अधिकारी व सहायक स्वास्थ्य विभाग जावेद अली के नेतृत्व में अमले ने सड़क, नाली एवं दुकान के बाहर कचरा व गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना राशि निर्धारित की है। साथ ही सभी जोन के स्वच्छ्ता निरीक्षक व सफाई दरोगा को लक्ष्य भी दिया है जो लोगो शहर को गंदगी करते पाए जाते है ऐसे लोगों का जुर्माना जरूर काटे। इस कड़ी में आज वार्ड 35 नदी रोड राज कुमार साहू द्वारा रोड पर गंदगी फैलाने पर 2000 रुपए इसी प्रकार वार्ड 44 व 20 आदित्य नगर वार्ड 22 वार्ड 52 वार्ड 7 वार्ड 53 वार्ड 28 एवं गंजपारा में इस तरह गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 3000 का जुर्माना वसूला गया कार्रवाही के दौरान स्वास्थ्य विभाग टीम स्वच्छ्ता निरीक्षक जसवीर सिंह भुवाल, सुरेश भारती, राजेन्द्र सर्राठे, मनोहर सेन्द्रे, राजू सिंह, रामलाल भट्ट समेत टीम ने दुकानदारो को समझाया कि इसी तरह नाई या सैलून की दुकान से हेयरकट का कचरा सड़क पर डालते पकड़े जाने पर दुकानदार को 500 रुपए तक का जुर्माना देना पड़ेगा। प्लास्टिक कचरा फेंकना और कचरा जलाना पड़ जाएगा महंगा या गंदगी फैलाने के अलावा जो व्यक्ति प्लास्टिक वेस्ट को जलाएगा या उसे सार्वजनिक स्थान पर फेंकेगा उस पर उसे भी जुर्माना देना पड़ेगा। प्लास्टिक कचरा जलाते पकड़े जाने पर व्यक्ति पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। आवासीय भवनों से रोड या गली में कचरा डालने पर दुकानों के बाहर चाट पकड़ी, चाय, ज्यूस, सब्जी इत्यादि का व्यवसाय ठेले पर करने वाले अगर कचरा फैलाता है उनसे भी जुर्माना की कार्रवाही किय्या जाएगा।

### मंत्री अकबर ने बुजुर्ग महिला दुलेश्वरी बाई के हाथों कराया विधिवत शिलान्यास

# कैबिनेट मंत्री अकबर ने 2 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत कवर्धा शहर के वार्ड क्रमांक 26 के लिए मंच निर्माण का भूमिपूजन किया

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कवर्धा शहर के वार्ड क्रमांक 26 के लिए 2 लाख रूपए की राशि से स्वीकृत मंच निर्माण का वर्चुअल भूमिपूजन किया। मंत्री अकबर ने वार्ड 27 की बुजुर्ग महिला दुलेश्वरी बाई के हाथों वार्ड 26 में मंच निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन एवं शिलान्यास कराया। इस वर्चुअल भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, पार्षद चुनाव खान, भीखम कोसले, अशोक सिंह, मोहित महेश्वरी, संतोष



यादव, सुनील साहू, उत्तम गोप, संजय लांझी, उमंग पाण्डेय, एल्डरमेन दलजीत पाहुजा, कौशल कौशिक, हिरेश, सीएमओ नरेश वर्मा, वार्ड नंबर 26 के अश्वनी कौशिक, जुठेल साहू, सुरज कौशिक, गोपी कोशिक, दीपक बर्मन, लल्ला साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। अकबर ने पार्षदों व वार्ड 26 के अश्वनी कौशिक, जुठेल साहू, सुरज कौशिक, गोपी कोशिक, दीपक बर्मन, लल्ला साहू से वन-टू-वन संवाद कर उनका हाल-चाल जाना। मंत्री अकबर ने वार्डवासियों कि समस्याएं भी सुनी तथा वार्ड के लोगों की समस्याएं के ठोस समाधान के प्रयास के लिए नगरपालिका अध्यक्ष को निर्देशित भी किया। वार्डवासियों ने वार्ड नंबर 25, 26 में आंगनबाड़ी भवन बनाने अपनी मांग रखी जिस पर मंत्री अकबर ने जल्द ही आंगनबाड़ी भवन बनवाने का आश्वासन दिया।

अकबर ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी वर्गो के हितों एवं सामाजिक उत्थान की दिशा में अथक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार गांव, गरीब, किसान, वनवासी से लेकर युवाओं और महिला समूहों के आर्थिक उत्थान के लिए योजना और कार्यक्रम बनाकर लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। सभी समाजों के हितो और उसके सामाजिक उत्थान के दिशा में हम लागतार प्रयास कर रहे है और इसी तरह आगे भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे। इस सौगात के लिए कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के प्रति वार्डवासियों ने आभार व्यक्त किया।

# कलवर्ट निर्माण हेतु वार्ड क्र. 5 में हुआ भूमि पूजन : सावित्री रामचरण साहू

पायनियर संवाददाता ◄ बोड़ला
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत वार्ड क्र. 05 में 1.5 लाख की लागत से कलवर्ट निर्माण हेतु भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री रामचरण साहू जी के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। वार्डवासियों की समस्याओं को देखते हुए वार्ड पार्षद अर्जुन पटेल ने अपने पार्षद निधि से इस विकास कार्य हेतु राशि प्रदान की है। कलवर्ट के बन जाने के बाद आवागमन की सुविधा का लाभ आमजनता को मिलेगा। भूमिपूजन के शुभ अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि रामचरण साहू जी, वार्ड पार्षद अर्जुन पटेल जी, राहुल सिंग समेत वार्ड वासी उपस्थित थे। कलवर्ट की सौगात पाकर वार्डवासी ने नगर



पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद को धन्यवाद दिया एवं वार्डवासियों में हर्ष का माहौल है सभी वार्डवासियों ने आभार जताया अध्यक्ष सावित्री साहु ने कहा की माननीय अकबर महोदय की नेतृत्व में आगे भी नगर के विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा नगरवासियों को बिजली पानी सड़क सभी बुनियादी सुविधाएं का लाभ मिल रहा है आगे भी हरसंभव विकास कार्यों का प्रयास करते रहेंगे। उक्त अवसर पर पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## हाई मास्ट लाइट से नगर में खुशी



**जैजैपुर।** नगर पंचायत जैजैपुर में 5 हाई मास्ट लाइट लगने से नगर वासियों में उत्साह दिखाई दे रहा है । जहां पर इस लाइट से दूधिया रोशनी होने से और भी सुंदर नगर पंचायत लग रहा है । यह कार्य को नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयास से लगाया गया जहां पर रोशनी की चमक चारों और सुंदर दूधिया किरण बिखेर रही है । इस लाइट को देखने से लोगों में आनंद की महसूस हो रही है । इस तरह से देखा जाए तो यह जांजगीर जिले का पहला हाई मास्ट लाइट नगर पंचायत जैजैपुर की सौन्दर्य एवं कीर्ति को बिखेर रहा है। यदि इसी तरह की लाइट और नगर में लग जाए तो अद्वितीय सुंदरता महसूस हो जाएगी। हाई मास्ट लाइट लगने से नगर पंचायत जैजैपुर में चार चांद लग गया है जिसकी लोगों के द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा हो रही है।

## छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के पदाधिकारियों ने की एसएसपी प्रशांत अग्रवाल से मुलाकात

**सक्ती।** एसएसपी रायपुर प्रशांत अग्रवाल से छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने चेयरमैन अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की, इस अवसर पर संगठन मंत्री नंदकिशोर अग्रवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य अजय खेतान एवं शिव गोयल झलप साथ में थे,संगठन द्वारा प्रशांत अग्रवाल का श्री अग्रसेन माला पहनाकर एवं बुके भेंट कर अभिनंदन एवं सम्मान किया गया एवं यह अपेक्षा की गई कि, उनके नेतृत्व में रायपुर की पुलिसिंग पूरे छत्तीसगढ़ में एकता स्वाधीनता एवं सामाजिक समरसता की मिसाल कायम करें,साथ ही भगवान श्री अग्रसेन से यह प्रार्थना भी की गई कि, उनका नेतृत्व उज्जवल रहे और वे सफलता के नित नए सोपान तय करते रहें,श्री अग्रवाल ने धैर्य पूर्वक समाज के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में श्री अग्रकुल दर्शन के दोनों अंको का अवलोकन किया एवं प्रसन्नता जाहिर की कि, समाज अनेक सामाजिक गतिविधियों में लिप्त होकर सेवा के कार्य कर रहा है। यह बड़ी प्रसन्नता की बात है।

## मौसम अलर्ट: 22, 23 एवं 24 जनवरी को मौसम विभाग ने जताई बारिश की संभावना

**सक्ती।** मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जनवरी की शाम एवं रात्रि में सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने यहां गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना जतायी है,सरगुजा और बिलासपुर संभाग के जिलों में 23 जनवरी को भी कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और एक-दो स्थानों में गरज चमक के साथ ओलावृष्टि की संभावना जतायी गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दुर्ग और रायपुर संभाग के उत्तर में स्थित जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। दुर्ग और रायपुर संभाग के शेष भाग और बस्तर संभाग के उत्तर भाग में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छीटें पड़ सकते हैं। सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में तथा बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में 24 जनवरी को हल्की बारिश की संभावना है,मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा दक्षिण पश्चिम राजस्थान और उससे दक्षिण पाकिस्तान के ऊपर बना हुआ है। इसके कारण प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त गरम हवा आ रही है। इसके कारण छत्तीसगढ़ राज्य में 22 जनवरी से 23 जनवरी न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश के उत्तरी भाग में 22 जनवरी को आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे शेष भागों में कुछ बादल रहने की संभावना है।

## लोहे के बिधना से युवक की हत्या, नशे में घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़.** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चोटिगुडा में शुक्रवार को एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंचकर हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम चोटिगुड़ा में आदतन नशेड़ी संजय मिश्रा ने दिनेश राठिया पिता गंगाराम राठिया की कृषि कार्य के उपयोग होनें वाले लोहे के हथियार बिधना मारकर जघन्य हत्या कर दी। हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक मौके से भागने की फिराक में था, जिस घरघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की वजह अभी फिलहाल सामने नही आ सकी है, आरोपी युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## डीईओ से सौजन्य मुलाकात कर सूची में सुधार के लिए की चर्चा




**मुंगेली।** सहायक शिक्षक एवं शिक्षक की वरिष्ठता सूची प्रकाशन के संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी मुंगेली एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली से सौजन्य मुलाकात कर सूची में सुधार के लिए चर्चा किया गया , अधिकारी के द्वारा आस्वस्त किया गया किया कि संभागीय कार्यालय को सूची प्रेषित करने के पहले सूची का अवलोकन करने की बात कही गई, और सूची में किसी भी प्रकार से ग़लत नहीं इसका विशेष ध्यान देने की बात भी कहा गया ,इस अवसर पर संजय उपाध्याय प्रांतीय महासचिव, बलराज सिंह ठाकुर जिला अध्यक्ष, पोषण साहू जिला सचिव, शिवकुमार चंद्राकर अध्यक्ष विकास खंड मुंगेली, गौकरण डिंडोले महासचिव, संजय जायसवाल, राजेश द्विवेदी, होनहार वैष्णव, ज्योति शर्मा, भागवत साहू, प्रिया ध्रुव, रत्ना गुप्ता, दिलीप कुमार पटेल, विजय कुमार निर्मलकर, शंकर साहू, रामकुमार साहू,आदि उपस्थित रहे ।

# अमेरिका में बने एलएन-4 कृत्रिम हाथ का जरूरतमंद दिव्यांगों को बिलासपुर के विकलांग चिकित्सालय में होगा निःशुल्क प्रत्यारोपण

### रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

दुनिया में सबसे आधुनिक तकनीक के लिए प्रसिद्ध अमेरिका में बने एलएन-4 कृत्रिम हाथ का छत्तीसगढ़ प्रदेश के बिलासपुर शहर में रोटरी क्लब ऑफबिलासपुर एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगों को निशुल्क वितरण किया जाएगा, जिसके लिए पंजीयन का कार्य प्रारंभ हो चुका है, उक्त आशय की जानकारी देते हुए रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के सदस्यों ने बताया कि यह कृत्रिम हाथ रोटरी क्लब आफ जामनगर, रेडिएशन फाउंडेशन एलेन मीडोज प्रोस्थेटिक एंड फाउंडेशन यूएसए अमेरिका के सहयोग से बनाया गया है, तथा आधुनिक टेक्नोलॉजी के इस कृत्रिम हाथ का वजन मात्र 400 ग्राम है, एवं यह मजबूत- टिकाऊ होने के साथ ही इसे कोई भी दिव्यांग भाई अत्यंत ही सहज- सहज तरीके से लगा सकता है, एवं निकाल सकता है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल बिलासपुर,एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने बताया कि अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद द्वारा भी पूर्व में कृत्रिम पैरों के लिए सैकड़ों शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, तथा वर्तमान समय में पूरे देश में कृत्रिम हाथ की आवश्यकता को देखते हुए रोटरी क्लब आफ बिलासपुर एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद ने संयुक्त रूप से यह बीड़ा उठाया है, तथा सदस्यों के अनुसार एलएन-4 कृत्रिम हाथ लगाने के बाद संबंधित हितग्राही अपने हाथों से कलम पकड़ सकेंगे, पीने के लिए चाय का प्याला पकड़ सकेंगे, खाने के लिए चम्मच पकड़ सकेंगे,पेंट करने के लिए ब्रश पकड़ सकेंगे, ड्राइविंग करने के लिए स्टेरिंग पकड़ सकेंगे,तथा इस कृत्रिम हाथ के लिए जिसका हाथ कोहनी के नीचे से कटा हो, उसको एलएन-4 हाथ आसानी से लगाया जा सकता है, तथा द्यठ्4 कृत्रिम हाथ के उपयोग से लाभार्थी अपनी रोजाना की जिंदगी के सारे कार्यों को आसानी से कर सकेगा, उपरोक्त शिविर का आयोजन अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के बिलासपुर के मोपका कोनी बाईपास सीपत रोड में स्थित गीता देवी रामचंद्र अग्रवाल विकलांग अस्पताल अनुसंधान एवं निशुल्क सेवा केंद्र में आगामी तिथि में किया जाना है, तथा उपरोक्त शिविर के लिए रोटरी क्लब आफबिलासपुर के अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सचिव अमित सिद्धकी, कोषाध्यक्ष अमित चक्रवर्ती तथा अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जस्टिस रमेश गर्ग, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ राधेश्याम अग्रवाल एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्या केडिया भी सफल बनाने में जुटे हुए हैं, साथ ही उपरोक्त कृत्रिम हाथ के लिए अग्रिम पंजीयन हेतु संबंधित हितग्राही रोटरेट एस पी चतुर्वेदी के मोबाइल नंबर-9993087654, रोटरेट सतीश शाह के मोबाइल नंबर- 9302221581, रोटरेट पवन मोबाइल नंबर- 9229222933, रोटरेट दीपक खंडेलवाल- मोबाइल नंबर-7806026033, रोटरेट आशीष अग्रवाल मोबाइल नंबर- 9827111770, राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर मोबाइल नंबर- 9752282222,मदन मोहन अग्रवाल बिलासपुर- 9425536246, नित्यानंद अग्रवाल बिलासपुर- 98274 50006,डीपी गुप्ता 9425535202, राजकुमार राजू सुलतानिया बिलासपुर- 98261 11170 पर संपर्क कर पंजीयन करवा सकते हैं। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के मदन मोहन अग्रवाल ने बताया कि अमेरिका में बने इस द्यठ्4 कृत्रिम हाथ का निशुल्क प्रत्यारोपण किया जाएगा तथा संबंधित हितग्राही वे चाहे किसी भी क्षेत्र या प्रदेश के हैं, उन्हें निशुल्क रूप से वितरित किया जाना है तथा सभी अग्रिम पंजीयन करवा सकते हैं।




# परासी रोड की रिपेरिंग में लीपा पोती से युवक कांग्रेस ने किया ऑब्जेक्शन

पायनियर संवाददाता ◄ पेंड्रा
www.dailypioneer.com

मरवाही में लोक निर्माण विभाग द्वारा चलचली से परासी होते हुए चंगेरी तक रोड की रिपेरिंग कार्य किया जा रहा है पर यह कार्य गुड़वत्ताहीन होने से स्थानीय नागरिकों ने एवं युवक कॉग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आपत्ति अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को की है पर अभी तक कोई कार्यवाही इसमे नही हुई है इस रोड की रिपेरिंग के बारे में स्थानीय नागरिक पारस नाथ का कहना है कि जैसा रिपेरिंग वीभग के द्वारा कराया जा रहा है उससे तो अच्छा होता कि रोड ना बनाते तो ज्यादा अच्छा होता युवक कॉग्रेस के अनिल केवट का कहना है कि जिस हिसाब से जगह जगह छोड़कर जो रिपेरिंग की जा रही है उससे रोड आने वाले बरसात में फिर उखड़ जाएगी दर असल मिली जानकारी के अनुसार मरवाही डिवीजन में लगभग 50 लाख के रिपेयरिंग कार्य के लिये पैसा आया है जिसे अधिकारी अपने चहेते ठेकेदारों से काम करवाकर राशी का वारा न्यारा कर देते है और क्योंकि इन सभी कार्यों में तकनीकी बचाव बहुत होते है जिसमे सबसे पहले की इनका इस्टीमेट एवं टेंडर नही होता इसमे रोड की गयरन्टी की कोई बात नही होती चहेते लोगो से काम कराया जाता है ज्यादा हुवा शिकायत होने पर अंतिम शब्द यही होते है कि मेजरमेंट के अनुसार पैसा दिया गया है रिपेयरिंग की गयरन्टी नही होती।



> गुड़वत्ता हीन एवं पैच छोड़कर जो रिपेयरिंग की जा रही है उसकी शिकायत हमने एस डी एम को की है।
> -अनिल केवट, संयोजक ब्लॉक युथ कॉग्रेस मरवाही
>
> --------------
>
> रिपेयरिंग का कार्य सब इंजीनियर कराते है उनसे पूछ लीजिए
> **-एस उइके,** एस डी ओ पी डब्लू डी मरवाही

## चांपा की बेटी ने किया पूरी दुनिया में नाम रोशन

## अमिता श्रीवास ने अपने हौसलों से की बर्फीली यूटी कांगरी चोटी पर चढ़ाई



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

दृढ़ संकल्प, मजबूत इरादों और हौसलों से विपरीत परिस्थितियों में भी सपने साकार होते हैं। जांजगीर-चांपा जिले के नगर पालिका चांपा की पर्वतारोही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुश्री अमिता श्रीवास ने अपने सपनों को उड़ान दी और लगातार उंचे पर्वत शिखरों को फतह कर रही हैं,कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने अमिता श्रीवास की सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है,उल्लेखनीय है कि सुश्री अमिता श्रीवास ने अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो को फतह करने के बाद प्राचीन हिमालय के लद्दाख क्षेणी की 6 हजार 70 मीटर ऊंची बर्फीली यूटी कांगरी चोटी को चढ़ाई की । माइनस 31 डिग्री तापमान में रोमांच और जोखिम से भरी कठिन चढ़ाई को पूरा के बाद छत्तीसगढ़ की बेटी का सपना एवरेस्ट फतह करने का है, अमिता ने कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला और जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह ठाकुर के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वीडियो प्रेषित की है।

## कंटेनमेंट जोन का बेरिकेट्स तोड़ा, उल्लंघन करने वाले अज्ञात व्यक्ति पर एफआईआर



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ शहर के कोतरा रोड विकास नगर गली नंबर 01 में कोविड के 10 धनात्मक मरीज पाए जाने के कारण उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया गया था। जहां उस क्षेत्र को बेरीकेटिंग के साथ वहां वैधानिक चेतावनी हेतु सूचना चस्पा किया गया था। लेकिन किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा वहां के बेरीकेटिंग को तोड़ दिया गया है। जिसकी वजह से वहां अन्य लोगों की आवाजाही चालू हो गई है। कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में उक्त अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

ज्ञात हो कि जिले में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिन क्षेत्रों में कोविड के ज्यादा मरीज मिल रहे है उन क्षेत्रों को कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशानुसार कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है, ताकि उस क्षेत्र में अन्य व्यक्तियों की आवाजाही न हो। जिसके कारण अन्य लोग संक्रमित होने से बच सके।

## ग्रामीण से 56 हजार की उठाईगिरी, अम्बिका ज्वेलर्स के सामने खड़ी बाइक के डिक्की से पासबुक व नगदी पार

### जांच में जुटी खरसिया पुलिस

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मोटर सायकल को सड़क किनारे खरीददारी करना ग्रामीण को उस वक्त महंगा पड़ गया, जब अज्ञात युवक के द्वारा मोटर सायकल का डिक्की तोड़कर उसमें रखे नगदी रकम पर हाथ साफ कर दिया गया। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने दुकान के सामने लगे सीसीटीवी फुटेज के अनुसार आरोपी युवक की पतासाजी में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर चन्द्रशेखर पटेल, पिता भागीरथी पटेल, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम जैमुरा, थाना खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.) ने खरसिया चैकी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की वह करीब 08.30 बजे घर से अपने पिता भागीरथी पटेल के साथ अपनी मो.सा. हीरो होण्डा स्प्लेन्डर प्लस कं. सीजी 13 के 2756 में अपेक्स बैंक खरसिया में धान बिक्री का रकम निकलवाने आये थे। अपेक्स बैंक खरसिया से अपने खाता से 48,000 रूपये व उसके पिता भागीरथी पटेल के खाता से 18 हजार रूपये, कुल नगदी 66 हजार रूपये निकालकर अपने मो.सा. के डिक्की में रखकर माधवप्रिया होटल के पास आकर, उक्त रकम में से उधारी 10 हजार रूपये को रामअवतार सेठ को दिये बाकी 56 हजार रूपये को पुनः डिक्की में रखकर अम्बिका ज्वेलर्स के सामने करीब 12:10 बजे मो.सा. को खड़ी कर, दोनो घनश्याम सायकल स्टोर में सायकल का सामान खरीदने दुकान अंदर गये थे, सायकल का सामान खरीदकर करीब 12:30 बजे वापस, जहां मो.सा. के पास आये तो देखा कि मो.सा. का डिक्की का लॉक टुटा हुआ था। डिक्की में रखे नगदी रकम 56,000 रूपये व अपेक्स बैंक खरसिया का दो पासबुक नहीं था। कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने पर, खरसिया चैकी में अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



# जिला सह प्रभारी सिद्धेश्वरी ने किया मितानिन बहनों का सम्मान

- **कहा मितानिन बहने स्वास्थ्य के प्रति अपने- अपने क्षेत्रों में लोगों को करती हैं जागरूक**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

नगर पालिका शक्ति की वार्ड क्रमांक- 03 की पार्षद, छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बलौदा बाजार-भाटापारा जिले की जिला सह प्रभारी सिद्धेश्वरी सिंह ने 22 जनवरी को सफेद महल शक्ति में एक कार्यक्रम का आयोजन कर मितानिन बहनों का सम्मान किया,इस अवसर पर सिद्धेश्वरी सिंह ने शीला, सुरती, रोहिणी यादव एवं पूर्णिमा कसेर सहित अन्य मितानिन बहनों का माला पहनाकर, रोली तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान करते हुए कहा कि मितानिन बहने अपने- अपने वार्डो में एवं क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती हैं तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में जहां मितानिन बहने अपना अहम योगदान देती हैं तो आज उनकी जागरूकता से ही हम सभी सुरक्षित है, सिद्धेश्वरी सिंह ने कहा कि मुझे गर्व हो रहा है कि मैं मितानिन बहनों का सम्मान कर रही हूं, तथा मैं अपने पूरे परिवार की ओर से सभी को मकर सक्रांति एवं आने वाले 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर्व की भी शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं,इस अवसर पर सिद्धेश्वरी सिंह ने सभी मितानिन बहनों का भी हाल चाल जानते हुए उनके कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा उन्हें कहा कि आप सभी इसी तरह से अपनी जिम्मेदारियों का सजगता के साथ निर्वहन करते रहे एवं हम सभी आपके साथ हैं, इस अवसर पर मितानिन बहनों में भी सम्मान को लेकर काफी प्रसन्नता देखी गई तथा मितानिन बहनों ने भी कहा कि वे सभी पूरी तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं तथा सभी के सहयोग से ही वे अपने कार्य को सफलतापूर्वक कर पाती हैं, इस अवसर पर शक्ति विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. कुमार पुष्पेंद्र बहादुर सिंह की धर्मपत्नी भी मौजूद रही, तथा उन्होंने भी मितानिन बहनों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





अदाणी फाउण्डेशन द्वारा गुरुवार को ग्राम खमरिया के मिडिल स्कूल परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले इस चिकित्सा सेवा में करीब 200 से ज्यादा मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया। वैश्विक महामारी की भयावहता को देखते हुए इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मास्क, सेनेटाइजर का उपयोग और सामाजिक दूरी जैसे कोविड के नियमों का सख्त पालन करते हुए किया गया। शिविर में शिशु रोग, महिला रोग, अस्थि रोग, त्वचा रोग, नेत्र रोग तथा सामान्य रोगों के इलाज हेतु रायगढ़ के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद थी जिन्होंने स्वास्थ्य जांच के साथ चिकित्सकीय परामर्श दिया। इसके साथ ही लाभार्थियों को स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत नि:शुल्क दवाईयां भी दी गई। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पंचायत जनप्रतिनिधि गजपति राठिया, खगेश चैधरी तथा गारे पेलमा ससस खदान के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में सभी मरीजों का पंजीयन कर वजन, रक्तचाप, डायबिटीज की जांच की गई तत्पश्चात वरिष्ठ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य जांच व परामर्श दिया गया। अदाणी फाउंडेशन चार प्रमुख क्षेत्रों- शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य, सतत आजीविका विकास और बुनियादी ढाचे के विकास, पर ध्यान केंद्रित करने के साथ सामाजिक पूंजी बनाने की दिशा में काम करता है। यह कार्यक्रम अदाणी फाउंडेशन की इसी कार्यक्रम का हिस्सा है। इस पर गांव के वरिष्ठ नागरिक गजपति राठिया ने स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु अदाणी फाउण्डेशन को धन्यवाद दिया, और कहा कि ष्जिला मुख्यालय से दूर ग्रामीण आंचल में कोविड काल में लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच पाना मुश्किल है ऐसे में इस तरह का आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है। नि:शुल्क चिकित्सा सेवा के आयोजन से स्थानीय जरूरतमंद जनता को इसका काफी लाभ मिलता है और उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलती है।

**अदाणी फाउंडेशन के बारे में**

1996 में स्थापित, अदाणी फाउंडेशन वर्तमान में 18 राज्यों में सक्रिय है, जिसमें देश भर के 2250 गाँव और कस्बे शामिल हैं। फाउंडेशन के पास प्रोफेशनल लोगों की टीम है, जो नवाचार, जन भागीदारी और सहयोग की भावना के साथ काम करती है। वार्षिक रूप से 3.2 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित करते हुए अदाणी फाउंडेशन चार प्रमुख क्षेत्रों- शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य, सतत आजीविका विकास और बुनियादी ढ़ाचे के विकास, पर ध्यान केंद्रित करने के साथ सामाजिक पूंजी बनाने की दिशा में काम करता है। अदाणी फाउंडेशन ग्रामीण और शहरी समुदायों के समावेशी विकास और टिकाऊ प्रगति के लिए कार्य करता है, और इस तरह, राष्ट्र-निर्माण में अपना योगदान देता है।

## 20 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ ग्रामीण पकड़ाया



**रायगढ़।** अवैध शराब के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने आबकारी अमला पूरी तरह सजग है। आबकारी विभाग के सारंगढ़ सर्किल के द्वारा लगातार अवैध शराब पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को दूलोपाली चैक में एक कार में लोड 20 लीटर महुआ शराब को पकड़ने में आबकारी विभाग ने कामयाबी हासिल की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दूलोपाली बाजार चैक में जांच के दौरान कार क्र. सीजी 10 बीसी 8378 को जब संदेह के आधार पर रोककर वाहन की जांच की गई तो वाहन में 20 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुआ। शराब तस्कर विष्णुपाली निवासी भोजराम के द्वारा अवैध महुआ शराब को खपाने ले जाया जा रहा था। इसी दौरान आबकारी अमले की गिरफ्त में आने से उसकी सारी योजनाएं विफल हो गई। आरोपी ग्रामीण के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में सर्किल प्रभारी अनिल बंजारे के साथ कॉन्स्टेबल दर्शन सिदार, बहेकराम पटेल, चालक सुनिल दास की सराहनीय भूमिका रही।

# झिरिया में चल रहा लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम झिरिया स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान विष्णु-लक्ष्मी एवं राधा कृष्ण की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन किया गया है। इसके पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। श्री लक्ष्मी नारायण मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत तीन दिवसी आयोजन किया गया है। इस दौरान दर्शन के लिए भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान, किसान नेता योगेश तिवारी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय एवं नरेंद्र शर्मा सहित क्षेत्र के वरिष्ठ जन शामिल हुए। उन्होंने अनुष्ठान में शामिल होने के साथ साथ पूजन भी किया। महोत्सव के अंतिम दिन शनिवार को पूर्णाहुति के बाद अभिजीत मुहूर्त में आचार्य राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री के द्वारा विधि विधान के साथ भगवान लक्ष्मीनारायण एवं राधा कृष्ण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी साथ ही शिखर पर कलश चढ़ाया जाएगा। महाआरती के बाद भंडारा प्रारम्भ होगा जो देर रात तक चलेगा। दीवान ने यहां आयोजन के लिए मन्दिर सेवा समिति की प्रशंसा की तथा उन्होंने मन्दिर समिति की ओर से सामाजिक सेवाभावी कार्यक्रम चलाने का परामर्श भी दिया। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से हिंदुत्व के लिए जागरूकता आती है। इसलिए ऐसे अनुष्ठान हिंदुओं के संगठन के लिए आवश्यक है। योगेश तिवारी ने कहा कि युवाओं से धर्म व राष्ट्र के प्रति समर्पित और सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने ने कहा कि विघटनकारी ताकतें देश में अस्थिरता लाने का प्रयास कर रही हैं। वर्तमान में सबसे बड़ी आवश्यकता हमें जागरूक रहने की है। इस अवसर विनोद तिवारी,सुरेश तिवारी,ताराचंद पाल, अश्वनी साहू, सीमा तिवारी, प्रेम साहू, भागीरथी साहू, गयाराम पाल, रामबीसाल मिश्रा, घनश्याम साहू सहित ग्रामीण भक्तजन उपस्थित रहे।

## कुनकुरी के ग्राम बेमताटोली के सम्पूर्ण परिधि को किया गया कंटेनमेंट जोन घोषित


**जशपुरनगर।** कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के दिशा-निर्देश में अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं इन्सीडेन्ट कमाण्डर कुनकुरी रवि राही ने कोरोना वायरस संक्रमण की सुरक्षा को देखते हुए कुनकुरी विकासखंड के ग्राम बेमताटोली में 8 व्यक्ति यों के कोरोना संक्रमित पाए जाने के कारण संक्रमण को फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए उक्त ग्राम के संपूर्ण परिधि को आगामी 7 दिवस के लिए कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। इस दौरान कुनकुरी विकासखंड के ग्राम बेमताटोली के उत्तर दिशा में शांतिपारा तक, दक्षिण दिशा में बेमताटोली मार्ग तक, पूर्व दिशा में आशा उरांव के मकान एंव हाईस्कूल गेट तक एवं पश्चिम दिशा में अनिल पन्ना के मकान तक के निर्धारित परिधि को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है।

## मंदिर फूलों के अपशिष्ट के पुनर्चक्रण के लिए ज़ेड ब्लैक और हेल्पअसग्रीन के बीच एमओयू के साथ 'नेचर फ्लॉवर' अगरबत्ती लॉन्च

**रायपुर।** भारत में फूल दिव्य धार्मिक संस्कारों का एक महत्वपूर्ण भाग होते हैं। लेकिन बाद में फूलों को कूड़े या नदियों में अपशिष्ट के तौर पर फेंक दिया जाता है। भारत में नदियों एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और भारतीय संस्कृति की जीवन रेखा होती हैं। इसलिए नदियों को स्वच्छ रखने और धार्मिक संस्कारों में उपयोग हुए फूलों को नया जीवनदान देने की आवश्यकता है। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) ने अपने प्रमुख ब्रांड ज़ेड अगरबत्ती निर्माताओं के शीर्ष 3 ब्रांड्स में से एक ज़ेड ब्लैक के साथ फूलों को पुनर्चक्रित कर बनाई गई सुगंधित अगरबत्ती 'नेचर फ्लॉवर' को लॉन्च करने के लिए फूल पुनर्चक्रण टेक्नोलॉजी के प्रवर्तक हेल्पअसग्रीन के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। फूल अपशिष्ट से लेकर सुगंधित अगरबत्ती तक, संपूर्ण देश में ज़ेड ब्लैक नेचर फ्लॉवर अगरबत्ती को चंदन, मोगरा, कस्तूरी और गुलाब इन चार प्राकृतिक सुगंधों में लॉन्च किया गया है। इस संयुक्त परियोजना का लक्ष्य 1000 से अधिक स्वदेशी महिला कार्यबल को सशक्त करना है। भारत में एक अनोखे चक्राकार आर्थिक मॉडल शुरू करते हुए प्रवर्तक फूल पुनर्चक्रण टेक्नोलॉजी द्वारा हेल्पअसग्रीन नदियों और पूजास्थलों को स्वच्छ करने के आंदोलन के अग्रदूत हैं। इस प्रकार वे भारत की भावी पीढ़ी को एक साफ, पवित्र पर्यावरण देते हुए, प्रदूषकों को कम कर रहे हैं और देश में कार्बन फूटप्रिंट घटा रहे हैं। टीम पहले ही करीब 25 पूजा-स्थलों के साथ काम कर रही है जिसमें कानपूर के मंदिर और गुरुद्वारे शामिल हैं जिससे सैकड़ों लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है और 230 टन से अधिक फूल अपशिष्ट की समस्या का समाधन हुआ है।

# पदोन्नति तो नहीं कर रहे संचनालय का पत्र देख भड़क रहे जिला शिक्षा अधिकारी

पायनियर संवाददाता < बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com






कोरिया जिले के चतुर्थ श्रेणी (टी संवर्ग) नियमित कर्मचारी अपने हक की मांग को लेकर दो वर्षों से लम्बी लड़ाई लड़ रहे हैं। संघ ने आरोप लगाया है की मंत्रालय तक के पत्र को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा दरकिनार कर दे रहे हैं तो कलेक्टर के आदेश को वह शायद माने। संचनालय के पत्र को देने गए तो जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुप्ता के द्वारा अभद्र भाषा के साथ देख लेने की धमकी दी ऐसा आरोप लगाकर कलेक्टर कोरिया को मामले की जांच कर दोषी अधिकारी के खिलाफ उचित कार्यवाही करने का आवेदन दिए हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी को 19 /01/2022 को संचनालय से पदोन्नति का पत्र देने गए तो उसे लेने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वो अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। कहे कि ज्यादा नेतागिरी कर रहे हो जितने हो सब को देख लूंगा जिससे डर कर हम छोटे कर्मचारी कलेक्टर कोरिया को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच की मांग किये है। इससे पहले भी पूर्व कलेक्टर के अलावा जनदर्शन में आवेदन दे चुके हैं लेकिन हमारी समस्या का अभी तक निराकरण नहीं किया गया है। लोक शिक्षण संचनालय नवा रायपुर का पत्र क्रमांक/ 484 /स्था. 04/ पदोन्नति/ दिनांक 14/ 12/ 2021 के द्वारा चतुर्थ श्रेणी नियमित भृत्यों (टी संवर्ग) की पदोन्नति करने संबंधी आदेश भी दिया जा चुका है लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को स्थगन की बात कर गुमराह कर रहे हैं। और हमें यह भी ज्ञात हुआ है कि हमारे रिक्त पदों पर दूसरे जिलों के अनुकंपा नियुक्ति के लोगों को लंबी सांठगांठ कर भरा जा रहा है जो नियम विरुद्ध है जिसकी भी कलेक्टर कोरिया से जांच की मांग हम कर रहे हैं।

# अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थ परिवहन करने वाला युवक गिरफ्तार, विस्फोटक पदार्थ जप्त




**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा द्वारा हमराह स्टाफ के पेट्रोलिंग दौरान सुराना पेट्रोल पम्प बेरला के पास एक्स्प्लोजिव वैन क्रमांक सीजी 04 एनसी 9877 आते दिखाई देने पर वाहन को रोककर चालक का नाम पता पूछने अपना नाम सावन भास्कर पिता नेमचंद भास्कर उम्र 21 साल साकिन चाताखार थाना व जिला मुंगेली का रहने वाला बताया तथा एक्स्प्लोजिव वैन में एक्स्प्लोजिव सामग्री भरा होना बताया जो रात्रि के समय एक्स्प्लोजिव को लाने व ले जाने के संबंध में पूछताछ करने पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और विस्फोटक सामग्री को सोनू शर्मा निवासी सड्डू रायपुर का होना बताया तब गवाहो के समक्ष वाहन की तलाशी लेने पर उसमें शक्ति प्राईम 44 बक्स (प्रत्येक बाक्स में 09 गुल्ला वजनी 25 किग्रा भरी हुई) शक्ति कार्ड डीएफ वायर भगवा रंग का 01 बंडल लम्बाई 300 मीटर, शक्ति डीएफ वायर लाल रंग का 01 बंडल लम्बाई 75 मीटर, सेफ्टी फ्यूज वायर 05 मीटर वाहन में विस्फोटक सामग्री अवैध रूप से भरा होना पाया गया। विस्फोटक वैन के चालक सावन भास्कर द्वारा बगैर किसी प्रकार के सुरक्षा उपकरण के तथा कोई सुरक्षात्मक उपाय किये बगैर संदिग्ध परिस्थितियों में विस्फोटक सामग्री को अपने कब्जे में रखना तथा परिवहन करते पाये जाने पर आरोपी सावन भास्कर के कब्जे से 1. बोलेरो पिकप वाहन क्रमांक सीजी 04एनसी 9877 कीमती करीब 10,00,000 रू, 2. विस्फोटक शक्ति प्राईम 44 बक्स, 3. शक्ति कार्ड छ्स्न वायर व एक बंडल भगवा रंग का लम्बाई 300 मीटर, 4. शक्ति कार्ड छ्स्न वायर व एक बंडल लाल रंग का लम्बाई 75 मीटर, 5. एक लाल रंग का सेफ्टी फ्यूज वायर लम्बाई 05 मीटर को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी चालक सावन भास्कर का कृत्य विस्फोटक अधि. 1884 की धारा 9(ख), विस्फोटक पदार्थ अधि. 1908 की धारा 5 के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बेमेतरा के समक्ष पेश की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि कंवल नेताम, आरक्षक दीपक डेहरे एवं अन्य थाना बेरला स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## निगम महापौर परिषद की पहली बैठक में सिरसा चौक मुख्य मार्ग के किनारे स्थित 15 गुमटियों को वर्तमान तहसील कार्यालय भवन की ओर शिफ्ट करने का निर्णय



**भिलाई-चरोदा।** निगम महापौर परिषद की पहली बैठक शुक्रवार को आहूत की गई। जिसमें प्लेसमेंट कर्मचारियों के वार्षिक टेंडर समेत अनेक प्रकरण पर चर्चा हुई। महापौर व सभापति के लिए वाहन खरीदने के लिए हुई चर्चा के दौरान महापौर निर्मल कोसरे ने नया वाहन लेने से इसलिए मना कर दिया कि अभी निगम की आर्थिक स्थित ठीक नहीं है। इसके अलावा यातायात व्यवस्था को देखते हुए सिरसा चौक मुख्य मार्ग के किनारे स्थित गुमटियों को वर्तमान तहसील कार्यालय भवन की ओर शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। महापौर परिषद में महापौर एवं सभापति के लिए दो नग नए वाहन क्रय किए जाने, उच्चकुशल, कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक प्रदाय हेतु पुनरीक्षित व्यय की स्वीकृति बाबत् (62 श्रमिक), अधोसंरचना मद् अंतर्गत स्वीकृत 164 कार्यों में से 34 कार्यों की निविदा आमंत्रण की अनुमति हेतु विचार एवं निर्णय,14वें वित्त आयोग अंतर्गत 30 नग इ-रिक्शा क्रय करने की दर एवं वित्तीय स्वीकृति संबंधित विचार एवं निर्णय, इंदिरा पथ प्रकाश योजनांतर्गत नवीन एलइडी स्ट्रीट लाईट क्रय करने प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने, सिरसा चौक मुख्य मार्ग के किनारे स्थित गुमटियों को अन्य स्थान पर व्यवस्थित करने पर विचार एवं निर्णय, पौनी पसारी योजनांतर्गत वार्ड-19 में निर्माण कार्य का स्थल परिवर्तन कर वार्ड-22 में करने, अकुशल श्रमिक प्रदाय हेतु पुनरीक्षित व्यय की स्वीकृति, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजनांतर्गत पालिका बाजार के भूतल में प्रचलित दुकान-15 का स्थान यथावत, अधोसंरचना मद् अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्यों के स्थल परिवर्तन पर चर्चा का निर्णय लिया गया।

## पदोन्नति आदेश निरस्त करने की मांग

**पेंड्र।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर से मिलकर जिला शिक्षा अधिकारी जिला- गौरेला, पेंड्रा, मरवाही के द्वारा सहायक ग्रेड-03 से सहायक ग्रेड-02 पर की गई पदोन्नति को निरस्त करने की मांग की है। संघ के प्रांतीय सचिव पवन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को विभागीय कौशल परीक्षा समयावधि में आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। किंतु जिला शिक्षा अधिकारी गौरेला, पेंड्रा, मरवाही ने निर्देशों का पालन न करते हुए भर्ती तथा पदोन्नति नियमों के विरुद्ध मनमाने तरीके से सहायक ग्रेड-03 से सहायक ग्रेड-02 के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया है, जिसके कारण कई वरिष्ठ कर्मचारी पदोन्नति से वंचित होकर अपने से कनिष्ठ कर्मचारियों से पद में कनिष्ठ हो गए हैं। जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के सर्वथा विपरीत है। वरिष्ठता सूची में नाम, ना होते हुए भी मोहम्मद शारिक को नियम विरुद्ध पदोन्नति दी गई है। यह कर्मचारी ना तो जिला -गौरेला, पेंड्रा,मरवाही में पदस्थ है और ना ही उसका नाम वरिष्ठता सूची में दर्ज है। पदोन्नति आदेश में मनीष तिवारी और राजेश सोनी का नाम भी नहीं है जबकि इनका नाम भी पदोन्नति सूची में होना चाहिए। इससे यह स्पष्ट है कि जिला शिक्षा अधिकारी,जिला-गौरेला, पेंड्रा,मरवाही द्वारा पदोन्नति के लिए अपनाई गई समस्त प्रक्रिया त्रुटि पूर्ण है।उक्त अनियमितता की जांच कर कार्रवाई न करने पर संघ आंदोलन करने एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर करने के लिए बाध्य होगा। संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर में प्रकरण की जांच करा कर पदोन्नति आदेश निरस्त करने की बात संघ को कही है।

## विधायक विनय भगत ने 54 कृषकों को 3 करोड़ 79 लाख़ 50 हजार की राशि का चेक वितरण किया



**जशपुरनगर।** जशपुर विकासखंड के पतराटोली में जशपुर विधायक विनय भगत ने एन.एच. जशपुर से लोदाम तक के भू-अर्जन के तहत 54 कृषकों को कुल 3 करोड़ 79 लाख 50 हजार की राशि का चेक वितरण किया। साथ ही पात्र हितग्राहियों को राशनकार्ड और परिवार सहायता राशि का भी चेक का वितरण किया गया। जशपुर एसडीएम बालेश्वर राम ने बताया कि कुल 11 ग्राम के कृषकों का भू-अर्जन प्रकरण बनाया गया था। जशपुर विधायक विनय भगत और कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के सार्थक प्रयास से हितग्राहियों को चेक वितरण किया गया है। इस अवसर पर सूरज चौरसिया, जनपद सीईओ जशपुर प्रेम सिंह मरकाम एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## ग्राम सिरसाकला खार में चल रहे एक बड़े जुए के फड़ पर पुलिस ने दी दबिश



**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसाकला खार में चल रहे एक बड़े जुए के फड़ पर पुलिस ने दबिश दी है। वहां पर 20 से अधिक जुआरी जुआ खेल रहे थे। लेकिन, पुलिस सिर्फ 10 लोगों को ही गिरफ्तार कर सकी। उनके पास से 10 लाख 96 हजार 510 रुपये नकद और ताश पत्ती जब्त की गई है। इसके अलावा पुलिस ने मौके से 20 से अधिक गाड़ियां भी जब्त की हैं। एएसपी संजय ध्रुव ने बताया कि शुक्रवार की शाम को पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि सिरसाकला खार में जुए का बड़ा फड़ जमा हुआ है। इस पर पुलिस की टीम ने वहां पर पहुंचकर छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने जिन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उनमें सतनामी पारा जेवरा सिरसा निवासी मुरली साहू, सेक्टर-2 निवासी शिवशंकर भट्ट, तुलसीपुर राजनांदगांव निवासी लाल खान, इंद्रप्रस्थ आरडीए कालोनी रायपुर निवासी अमरलाल तलरेजा, डीडी नगर रायपुर निवासी सौरभ कुमार, चंगोराभाठा रायपुर निवासी कमल सचदेव, चंगोराभाठा रायपुर निवासी प्रकाश पाल, महामाई पारा रायपुर निवासी देव कुमार कुम्हार, पांच रास्ता सुपेला निवासी दिनेश साहू और बाजार पास रानीतराई निवासी श्याम दास सिन्हा शामिल हैं।

## कलेक्टर ने विकासखंडों में 5 कोरोना पॉजिटीव पाए जाने पर मिनी कंटेनमेंट जोन बनाने के दिए निर्देश



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने अनुविभागीय अधिकरियों को निर्देश देते हुए कहा है कि विकासखंडों के गांवों एवं नगरीय निकाय के वार्डों में 05 कोरोना पॉजिटीव पाए जाने पर मिनी कंटेनमेंट जोन बनाए। साथ ही चेकपोस्ट पर आने जाने वाले लोगों का गंभीरता से कोरोना जांच करने कहा गया है। लोगों को मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंश का पालन करने के लिए भी कहा गया है ताकि कोरोना के संक्रमण को तोड़ा जा सके।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - माँ बंजारी धाम वार्ड
वार्ड क्र. 10, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21.02.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2374/22.01.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 580/10, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - राम प्रसाद निर्मलकर S/o दिलेश्वर निर्मलकर, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- साबरा बेगम W/o इसरार अहमद.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - माँ बंजारी धाम वार्ड
वार्ड क्र. 10, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21.02.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2373/22.01.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 719/10, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - किरण सोनी W/o नारायण सोनी, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- अम्बाया खातुन W/o फखरूद्दीन खान.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 278/2021-2022**
वार्ड का नाम - श. चुड़ामणि नायक वार्ड क्र. 38

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **श. चुड़ामणि नायक वार्ड क्रमांक 38** वार्ड स्थित भवन / भूमि **38/357/435** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती भुपेन्द्र, मोनेन्द्र वली अमृता बाई पति कुंवर सिंह** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती (1) मोहनलाल कुकरेजा पिता लोटुमल (2) मायादेवी कुकरेजा पति मोहनलाल कुकरेजा** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 277/2021-2022**
वार्ड का नाम - तात्यापारा वार्ड क्र. 37

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **तात्यापारा वार्ड क्रमांक-37** वार्ड स्थित भवन / भूमि **37/375/1 हांडीपारा** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती धनेष निषाद पिता रूंगवा निषाद** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती रतन निषाद पिता स्व. धनेश निषाद** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**
मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 276/2021-2022**
वार्ड का नाम - तात्यापारा वार्ड क्र. 37

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **तात्यापारा वार्ड क्रमांक-37** वार्ड स्थित भवन / भूमि **37/530** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती सुरेन्द्र साहु पिता फगुवा राम** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती हेमलता साहु पति विजय साहु एवं विजय साहु पिता किसन साहु** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

**जोन आयुक्त**
**जोन क्र. -07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
रायपुर वन वृत्त के अंतर्गत बलौदाबाजार वनमंडल के
ईमारती लकड़ी / औद्योगिक बांस के परिवहन हेतु वर्ष 2021-22 संक्षिप्त निविदा की नीलाम सूचना का विज्ञापन

**// रायपुर वृत्त, रायपुर, छत्तीसगढ़ //**

सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वर्ष 2021-22 में रायपुर वृत्त के बलौदाबाजार वनमंडल के कूपों से डिपो में ईमारती लकड़ी/औद्योगिक बांस के परिवहन हेतु इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों से सीलबंद निविदाएं मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त रायपुर, प्लाट नंबर ए/25, व्ही.आई.पी. स्टेट, खम्हारडीह, शंकर नगर रायपुर के कार्यालय में निम्नलिखित तिथियों में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें निविदा तिथि को ही उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी:-

| निविदा एवं दौर विवरण | दिनांक | निविदा प्राप्ति का समय | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 14.02.22 | 13 बजे तक | 15 बजे |
| द्वितीय | 17.02.22 | 13 बजे तक | 15 बजे |
| तृतीय | 21.02.22 | 13 बजे तक | 15 बजे |
| चतुर्थ | 23.02.22 | 13 बजे तक | 15 बजे |
| पंचम (नीलाम द्वारा) | 25.02.22 | 12 बजे से | |

प्रत्येक समूह के लिये निर्धारित फार्म में अलग-अलग निविदा दिया जाना होगा। निर्धारित निविदा फार्म/परिवहन समूह की सूची तथा विस्तृत निविदा शर्तें बलौदाबाजार वनमंडल से कार्यालयीन समय में 20/- (बीस रूपये) भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। वनोपज परिवहन की अवधि 30 अप्रैल 2022 तक तथा ठेका अवधि 30 जून 2022 तक होगी।

निविदा भरने के पूर्व विभिन्न परिवहन समूहों हेतु निर्धारित की गई भारित दूरी के संबंध में संतुष्ट होवें। निविदा स्वीकृति उपरांत भारित दूरी के संबंध में कोई विवाद मान्य नहीं किया जावेगा।

निविदा के समय संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज का विवरण विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com पर उपलब्ध है।

G- 67070/2

**मुख्य वन संरक्षक,**
**रायपुर वृत्त, रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विद्युत कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

(1) ई-निविदा सं.: सीनि.डीईई-जी-आर-ओटीपी-21-22-22, दिनांक: 19.01.2022. **कार्य:** रायपुर मंडल पर 06 एस्केलेटर का 3 वर्षों की अवधि के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** ₹ 78,05,700.00. **बयाना जमा राशि:** ₹ 1,56,200.00.

(2) ई-निविदा सं.: सीनि.डीईई-जी-आर-ओटीपी-21-22-23, दिनांक: 19.01.2022. **कार्य:** विद्युत (सा) काम का हिस्सा: "(1) मरौदा में ट्रैक मशीन स्टेबिंलग साइडिंग का प्रावधान, (2) रीसेप्सन यार्ड भिलाई में वेल्डिंग सुविधा का विस्तार, (3) रायपुर में आरपीएफ के लिए जेसीओ मेस का निर्माण, (4) डीपीएच, बीवाईएल, बीवाईटी, एचएन, एसएलएच, एसजेडबी, बीआईए और बीक्यूआर में मौजूदा ट्रैक मशीन स्टेबिंलग साइडिंग में सुधार, (5) रायपुर मंडल के ए एंड डी केबिन (KM. 844/20-22) के बीच एलसी नंबर 436 (DN URLA गेट) KM. 844/20-22 में आरयूबी का निर्माण, (6) हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन में URK-R सेक्शन के बीच मानवयुक्त समपार सं. 416 KM. 825/21-23 पर आरयूबी का निर्माण, (7) रायपुर मंडल के निपनिया स्टेशन पर भारी शुल्क वाले आरजीएम के संचालन के लिए साइडिंग सुविधाओं का निर्माण, (8) भानुप्रतापपुर (बीपीटीपी) गुड्स शेड की अधिसूचना से पहले न्यूनतम बुनियादी सुविधाएं का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 26,20,637.00. **बयाना जमा राशि:** ₹ 52,500.00.

**निविदा जमा करने की तिथि: 22.02.2022 को 11.45 बजे तक।**

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु कृपया **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), रायपुर** के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, उससे डाउनलोड कर/देख सकते है। इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे। यदि मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त हुआ तो उसे खारिज कर दिया जाएगा।

*वरि.मंडल विद्युत अभियंता(सामान्य)/ रायपुर*
पीआर/आर/सीनि.डीईई(सा.)/आईपी/135
South East Central Railway @secrail

# अंततः रेत ठेकेदार आये सामने कहा खदान में सब कुछ वैध

## ग्रामीणों द्वारा ब्लेकमेल करने की कही बात

■ मशीन से खुदाई करने की बात स्वीकारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




बांकल-भंवरमरा के बीच शिवनाथ नदी से रेत निकासी के मामले में अवैध उत्खनन का आरोप लगने पर शुक्रवार को लीजधारक अर्चना दास पति दुष्यंत दास ने पत्रवार्ता ली और कहा कि बांकल में रेत का उत्खनन वैध तरीके से किया गया है। इसके लिए सेंट्रल से लेकर राज्य स्तर पर अनुमति है और 50 साल की लीज मिली है। इसी के साथ लीज धारक ने पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देश और शर्तों से संबंधित एक कॉपी उपलब्ध कराई, जिसके कंडिका क्रमांक 6 में स्पष्ट है कि मोल्डिंग सेंड की खुदाई एवं भराई में मशीन का इस्तेमाल नहीं करना है बल्कि श्रमिकों से ही यह काम कराना है।

जबकि पत्रवार्ता में लीजधारक ने मशीन का इस्तेमाल करने की बात स्वीकारी और कहा कि उसे इसकी अनुमति मिली है और पूरे प्रदेश में मशीन से ही रेत की निकासी हो रही है। जबकि आदेश की कॉपी में लिखा गया है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश क्रमांक 24 दिसंबर 2013 अनुसार मोल्डिंग सेंड की खुदाई एवं भराई श्रमिकों द्वारा मैनुअली की जाएगी। इस प्रयोजन के लिए किसी उपकरण संयंत्र का उपयोग नहीं किया जाएगा।

### लीजधारक व जल संसाधन विभाग के बयान में विरोधाभास

लीजधारक ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि नदी का बहाव रोका ही नहीं किया है जबकि जल संसाधन विभाग के ईई जीडी रामटेके पहले ही इस बात को स्पष्ट कर चुके है कि बांकल के पास नदी का बहाव प्रभावित हुआ है। रेत निकालने के लिए नदी में एल आकार का रैम्प बनाया गया है जो कि सीधे नदी के बीचों-बीच पहुंच रहा है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से कंडिका क्रमांक 8 में स्पष्ट किया गया है कि मोल्डिंग सेंड उत्खनन नदी तटों से कम से कम 10 मीटर की दूरी छोड़कर ही किया जाए, जिससे नदी तटों का क्षरण न हो एवं इस पर नियंत्रण रखा जा सके।

# जनपद पंचायत छुरिया के क्षेत्र क्रमांक 24 में भाजपा का कब्जा

## भाजपा अधिकृत भूपेन्द्र नायक ने की भारी मतों से विजय प्राप्त

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत के उप चुनाव क्षेत्र क्रमांक 24 में कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगाते हुए भाजपा अधिकृत उम्मीदवार ने विजय हासिल की। पूर्व में कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य के निधन के पश्चात रिक्त हुई क्षेत्र क्रमांक 24 परेवाडीह में जनपद सदस्य विजयी प्रत्याशी भूपेन्द्र नायक ने अपने प्रतिद्वन्दी कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी शांति बाई कार्ते को 1140 मतो से शिकस्त दी। साथ ही रानामटिया पंचायत चुनाव में सरपंच प्रत्याशी गोपी राम आंधिया ने विजय प्राप्त की, पंचायत निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अनुरीमा टोप्पो द्वारा विजय प्रत्याशी को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, एकांत चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पचांयत छुरिया, हिरेन्द्र साहू वरिष्ठ नेता भाजपा, रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष भाजपा मण्डल छुरिया, गोपाल साहू अध्यक्ष भाजपा मण्डल कुमर्दा, कैलाश शर्मा प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा, अनिरूद्ध चंद्राकर पूर्व मण्डल अध्यक्ष, दीनदयाल साहू पूर्व जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, गोपाल भुआर्य पूर्व जनपद सदस्य, मुकेश साहू अध्यक्ष युवा मोर्चा, रूपेश साहू सरपंच ग्राम पंचायत बरबसपुर, कपिल बघेल युवा मोर्चा कुमर्दा, डामन साहू किसान मोर्चा अध्यक्ष कुमर्दा, दिग्विजय साहू, डुमेश साहू, भुनेश्वर ठाकुर, प्रतीक प्रधान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आंसराम कंवर विकास विस्तार अधिकारी,अरुण सिंह सहायक विकास विस्तार अधिकारी हुमेश कुमार भण्डारी सहायक विकास विस्तार अधिकारी, दानेन्द्र सिंह ठाकुर करारोपण अधिकारी हरिशंकर मेश्राम लिपिक उपस्थित रहें।

## जनपद उपचुनाव में कांग्रेस के गढ़ में शैलेन्द्र की एकतरफा जीत



**खैरागढ़।** पंचायत उपचुनाव में जनपद सदस्य के एक पद के लिए हुए चुनाव में खजरी जनपद में शैलेन्द्र मिश्रा ने एकतरफा जीत हासिल की है।भाजपा प्रत्याशी शैलेन्द्र ने कांग्रेस के डोमार सिंह को बड़ी पराजय दी है । शैलेन्द्र मिश्रा ने तकरीबन तरह सौ से अधिक वोटों से जीत दर्ज की है । ज्ञात हो कि शैलेन्द्र के पिता देवदत्त मिश्रा के निधन के बाद से यह सीट खाली थी जिस पर बीते गुरूवार को मतदान के बाद मतगणना हुई थी । इस क्षेत्र में भाजपा व् कांग्रेस सहित कुल पांच प्रत्याशी मैदान में थे । मतगणना के दौरान आधे से ज्यादा बूथों पर मिश्रा को एकतरफा वोट मिले । कई स्थानों पर तो कांगर3ेस प[रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे । लिमतरा बूथ में बस कांग्रेस प्रत्याशी प्लस हो पाए जबकि अपने ही बूथ में उन्हें हार का सामना करना पड़ा ।

# नवागांव में घर के खाट में मिला युवक का लाश

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

मोहगांव थाना अंतर्गत ग्राम सिंगारपुर के आश्रित गांव नवागांव में बीते शुक्रवार की सुबह एक 35 वर्षीय युवक का घर के खाट में लाश मिलने से वनांचल क्षेत्र में सनसनी फै ल गया है।

मोहगांव थाना से मिली जानकारी के अनुसार सोनसिंग धुर्वे उम्र 35 वर्ष अपने घर मे अकेला था, उसकी पत्नी और बच्चे अपने गाँव के ही परिजन के घर मे थे। दोनो का बहुत पहले एक ही गांव ग्राम नवागांव में शादी सम्पन्न हुआ था। मृतक खेती किसानी करता था। जिस घर मे लाश मिली है उस घर मे कोई नही था। मृतक मूलतः चितानशना गांव जिला मण्डला मध्यप्रदेश के रहने वाला है जो विगत 20 वर्षों से ग्राम नवागांव में निवासरत है। उनके दो संतान है। पिछ्ले दो वर्षो से मृतक की पत्नी अपनी मायके में रह रही है। घटना 19-20 जनवरी की रात्रि की है। 20 जनवरी के शाम को पुलिस को घटना की जानकारी हुई। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार उक्त युवक शराब का आदि था। युवक हस्टपुस्ट और शरीर से काफी दबंग था। वहीं सूत्रों का यह भी कहना है कि मृतक के सिर पर काफी कर्ज था। बीते शुक्रवार को गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाश का पोस्टमार्टम किया गया और शव उनके परिजनों को सौपा गया।

बीते शुक्रवार की दोपहर 3 बजे शव का पीएम किया गया, जिसमे हार्ट अटैक पाया गया। मृतक के गाल में लेफ्ट साईड फै क्चर हुआ है जहां पर खून लगा हुआ था। पीएम रिपोर्ट आज दिया जाएगा
**– डॉ. चंद्रकांत उर्वाशा,** सहायक चिकित्सा अधिकारी सीएससी गंडई

# नपं अध्यक्ष की पहल से लावारिस युवक को मिली सदगति

■ निकाय की टीम सहित स्वास्थ्य अमले ने दिखाई मानवता
■ बस स्टैंड में लावारिस हालत में पड़ा मिला था युवक

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में यूँ तो समय समय पर मानवता से जुड़ी घटनाएं उभरकर आती ही रहती हैं। इस बार निकाय की टीम व स्वास्थ्य अमले ने एक लावारिस युवक का उपचार कराकर नई जिंदगी देने जहमत तो उठाई, लेकिन प्रकृति को कुछ और ही मंजूर था। उपचार दरमयान युवक ने दम तोड़ दिया, तो भी निकाय की टीम व स्वास्थ्य अमले ने लावारिस युवक की लाश को सदगति देते हुए दाह संस्कार कराकर मानवता दिखाई। निकाय अध्यक्ष हीरा भाई निषाद ने पायनियर को बताया कि 2 दिनों पूर्व ही लगभग 24 वर्षीय युवक नए बस स्टैंड परिसर में लावारिस हालत में पड़ा मिला था। युवक की पहचान टेकराम साहू कालेजरोड निवासी बतौर हुई थी। युवक गंभीर तौर पर बीमार प्रतीत हो रहा था। युवक के लगभग एक माह से ऐसे ही पड़े होने की जानकारी उभरकर आई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक के उपचार हेतु आगे पीछे कोई सामने नही आने पर नगर पँचायत अध्यक्ष हीरा भाई निषाद ने स्वास्थ्य विभाग से फ़ौरन ही एंबुलेश बुलाकर सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया। हालांकि 2 दिनों बाद शनिवार को युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### निकाय टीम ने कराई सम्मान अंत्येष्टि

विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक नपंअध्यक्ष को जैसे ही उपचाररत युवक के दम तोड़ देने की भनक लगी, तो निकाय अध्यक्ष ने नगर प्रशासन को निकाय के जेसीबी व शव वाहन को लेकर लावारिस युवक के दाह संस्कार का निर्देश दिया। दाह संस्कार में स्वयं नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा भाई निषाद मुख्य तौर से मौजूद थे। दोपहर 12 बजे निकाय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में ही कोविड प्रोटोकॉल में अंतिम संस्कार कराए जाने की खबर है।

# वीर शहीद हेमू कालानी का शहादत दिवस मनाया गया

**राजनांदगांव।** पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कलानी नगर द्वारा आज भारत के जांबाज वीर शहीद हेमू कलानी का शहीदी दिवस हेमू कालानी चौक पर उनकी प्रतिमा के समक्ष हेमू कलानी उद्यान में मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने अमर शहीद हेमू कलानी के बलिदान को याद करते हुए उन्हें मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूज्य सिंधी पंचायत के अर्जुनदास पंजवानी, आवतराम तेजवानी, घनश्यामदास गंगवानी एवं बक्साराम अंदानी ने बताया कि वीर शहीद हेमू कलानी मात्र 19 वर्ष की आयु में देश धर्म के लिए अंग्रेज शासन की जड़ो को हिलाते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिए और उनके समर्पण से सदैव ही समाज को प्रेरणा मिल रही है । शहीदी दिवस के उपलक्ष में चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री राजा माखीजा ने हेमू कलानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



## निधन

### दयालदास भोजवानी



**राजनांदगांव।** भाजपा नेता लीलाराम भोजवानी के भ्राता दयालदास भोजवानी का शुक्रवार को लंबी बीमारी के पश्चात आकस्मिक निधन हो गया। 80 वर्षीय दयालदास भोजवानी अपने पीछे 3 पुत्र एवं तीन पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए । उनकी अंतिम यात्रा झूलेलाल नगर स्थित उनके निवास से शाम 4:00 बजे मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई।

# उबारन मांडले ग्राम नादिया के निर्विरोध सरपंच चुने गए

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



नगर के समीपस्थ ग्राम पंचायत नादिया में सरपंच उप चुनाव में ग्राम बसावर निवासी उबारन मांडले सर्व सम्मति से निर्विरोध सरपंच चुने गए।

गौरतलब हो कि आम चुनाव में स्व.जस्सी महिलांगे ने सरपंच चुनाव में जीत हासिल किए थे लेकिन अप्रैल 2021 में कोरोना की चपेट में आने की वजह से उनका मृत्यु हो गया। जिससे पद खाली पड़ा था।

ग्राम पंचायत नादिया में सरपंच का पद अनुसूचित जाति आरक्षित होने के चलते उबारन माण्डले को 6 माह के लिए सरपंच का प्रभार दिया गया था। समय बीत जाने के बाद उप चुनाव में उबारन मांडले ने सरपंच पद के लिए फार्म भरा। साथ ही उसके विरोध में गांव के ही तुलसी रात्रे ने भी अपना फार्म भरने के लिए तैयार बैठे हुए थे। जिसकी सूचना सामाजिक बंधु और कांग्रेस जिला महामंत्री दिलीप ओगरे को मिलने पर सामाजिक स्तर पर दोनों के बीच आपसी समझौता कराते हुए सरपंच पद का कार्यभार उबारन मांडले को सौपते हुए निर्विरोध सरपंच चुना गया। निर्विरोध सरपंच माण्डले का उनके समर्थक व पार्टी के पदाधिकारी रणजीत सिंह चंदेल महामंत्री प्रदेश किसान कांग्रेस, पार्षद सूरज नामदेव दीलिप ओगरे, मिडिया प्रभारी अमित टंडन, पुरुषोत्तम यादव, सरपंच इमरान खान, बेदूल वर्मा, तुलसी रात्रे, साकेत सोनी सहित अन्य कार्यकताओं ने नगर के विश्राम गृह में में दोनो का रंग-गुलाल और फूलों से स्वागत किया गया।

# जन्मांध बंदर को पकड़कर वन विभाग की टीम ने जंगल में छोड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



नगर के समीप ग्राम भूरभूसी में गत दो दिन पहले गांव में एक अंधा बंदर अचानक कही से भटककर आया और शुक्रवार को हर किसी के यहाँ घुस रहा था। बंदर इधर उधर जब चलता था तो किसी दीवार से किसी पेड़ से टकरा रहा था । उसी से गांव वालों ने अनुमान लगाया कि बन्दर को दिखाई नहीं दे रहा है। पहले जानकारी नही होने पर हर किसी के मन मे ये सवाल उठता था कि उक्त बंदर किसी को नुकशान पहुँचा सकता था। बंदर के संबंध में जैसे ही जानकारी वन विभाग गंडई के रेंजर आर के टंडन को हुई तो वन विभाग के टीम को गांव भेजा और टीम ने उसे जानवर पकड़ने के जाली में पकड़कर फल और पानी खिलाया पिलाया फिर उसे मगरकुंड के जंगल मे सुरक्षित छोड़ा इधर ग्रामीण को सुकून मिला।

## अनाप शनाप बयान देकर अपनी मानसिक स्थिति जाहिर कर रहे मुख्यमंत्री : मोनू

# भाजयुमो ने मुख्यमंत्री को भेजा आगरा का टिकट, कहा मानसिक अस्पताल जाकर इलाज कराएं

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लगातार दिए जा रहे विरोधाभासी बयानों को लेकर शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने उनके खिलाफ एक अनूठा प्रदर्शन किया । भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने आगरा का टिकट बुक कर पोस्टआफिस के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। कार्यक्रम के दौरान मोनू बहादुर ने संक्षेप में बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार इस तरह के बयान सार्वजनिक रूप से दे रहे हैं जो साबित करता है कि मुख्यमंत्री का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। मोनू ने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने शराब बंदी को लेकर कहा कि महिलायें अपने पति को घर में ना घुसने दें , समाज मुझे शराब बंदी कर के सूचना दे , भाजपा की तुलना पाकिस्तान की क्रिकेट टीम से करना, युवाओं को रोजगार देने के मामले में झूठे आंकड़े पेश करने सहित ऐसे तमाम मसले हैं जिन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री अनाप शनाप बयान दे रहे हैं। मोनू ने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने दिमाग का इलाज कराने की जरुरत है और इसीलिए भारतीय जनता युवा मोर्चा ने उंन्हें आगरा का टिकट भेजा है जहाँ जाकर वो मानसिक स्वास्थ्य लाभ ले सकें और उसके बाद जनता के हित की बात करना सीखें ।

### कार्यक्रम में उक्त रहे प्रमुखता से उपस्थित



उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेंद्र हंसा, गोलू सूर्यवंशी , मोनू बहादुर सिंह ,आकाश चोपड़ा , आशीष डोंगरे , विवेक शर्मा , देवाशीष झा ,पिंटू वर्मा , सज्जन सिंह ठाकुर , प्रखर श्रीवास्तव , आशुतोष सिंह ,कमलेश प्रजापति , चेतन यादव , जश्मीत भाटिया , आशीष जैन ,प्रह्लाद सिन्हा ,कमलेश लहरे, आदित्य पराते ,साहिल गोलछा ,रवि साहू , दीपक त्रिपाठी ,प्रवीण शुक्ला , हिमांशु सोनवानी , नितेश नायक ,अभिषेक यादव ,टिकेश्वर सिंह , मनोज साहू , माधव सोनकर , प्रज्ज्वल गुप्ता , अमितेश झा , अर्जुन पुरोहित , सोहन साहू , संयम जैन , संभव बैद, लक्षमण यादव , अर्जुन सिंह , आशीष सिन्हा , संस्कार झा , भूपेश पराते , सत्यम मिश्रा ,रवि राजपूत , जैकी , अभिषेक सेन , करण बग्गा , राजवीर राजपूत , हिमांशु पात्रे , अभिषेक शर्मा , कृष्णा निषाद, पवन यादव , नविन , राघव ठाकुर ,सौरभ सिंह राजपूत , अमन गुप्ता, लीलावती यादव , नेहा साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तहसीलदार, रीडर सहित पटवारी और अन्य स्टाफ संक्रमित, कार्यालय सील

**राजनांदगांव।** कोविड-19 कोरोना वायरस का संक्रमण जिले में तेजी से फै ल रहा है। बड़ी संख्या में लोग कोविड संक्रमित पाए जा रहे हैं। शुक्रवार को मेडिकल टीम की ओर से तहसील कार्यालय परिसर में सैंपलिंग की गई। इस दौरान तहसीलदार सहित नायब तहसीलदार के रीडर, पटवारी व अन्य कर्मचारियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने से हड़कंप मच गया। सुरक्षा की दृष्टि से कार्यालय को सील कर लोगों की आवाजाही बंद कर दी गई है। इनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद अन्य स्टाफ की सैंपलिंग की गई। तहसीलदार की ओर से संपर्क में आए लोगों को सैंपलिंग कराने की अपील भी की गई है। इधर तहसील परिसर को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। कार्यालय को सील कर दिया गया है। लोगों को समझाइश दी गई है कि वे कार्यालय खुलने के बाद ही यहां किसी भी काम के लिए आएंगे। प्रायमरी कॉन्टैक्ट में आए लोगों की हिस्ट्री निकालकर सैंपल लिया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार अं. चौकी
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. -202112090100029 अ/21(क) वर्ष 2021-22
ग्राम-अं. चौकी तहसील अं. चौकी

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमित नामदेव आ. स्व. गजेन्द्र नामदेव निवासी ग्राम सिंचाई कालोनी कैलाश नगर राजनांदगांव के द्वारा अपने स्वामित्व की परिवर्तित भूमि ग्राम अं. चौकी वार्ड क्रमांक 02 राजीव गांधी चौक तहसील अं. चौकी स्थित भूमि खसरा नं 114/7 रकबा 0.008 हे. में निर्मित मकान श्री अखिलेश सोनी आ. विष्णु शंकर सोनी निवासी वार्ड क्रमांक 14 तहसील अं. चौकी के पक्ष राशि की आवश्यकता होने से विक्रय किये जाने अनुमति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 27/01/2022 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात दावा-आपत्ति पेश करने पर किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 12/01/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 12/01/2022
पेशी दिनांक :- 27/01/2022

मुहर

**तहसीलदार
अं.चौकी (छ.ग.)**

# घाटे में चलने वाला नया बस स्टैंड में टिकट दलालों का राज चल रहा

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




घाटे में चलने वाले जिस हाईटेक बस स्टेंड के संचालन का नगर निगम बिलासपुर को मिला है उस बस स्टैंड में फर्जी टिकट दलालों का राज चल रहा है। ये फर्जी तरीके से यात्रियों को बसों की टिकट देते हैं और फिर चंपत हो जाते हैं। जब यात्री बसों में पहुंचते हैं तो उन्हें पता चलता है कि वह टिकट तो फर्जी है। इस संबंध में पीड़ितों ने पुलिस से कई बार शिकायत की फिर भी इस ठगी को रोकने कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। लिहाजा यात्री रोज ठगे जा रहे हैं।

हाईटेक बस स्टैंड कहने को तो हाईटेक है, हकीकत में गांव के एक छोटे बस स्टैंड से भी कम सुविधाएं हैं। यहां यात्रियों के लिए न बैठने की सुविधाएं हैं और न साफसफाई का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा यहां सबसे ज्यादा गंभीर समस्या सुरक्षा व्यवस्था न होना है। यही वजह है कि यहां दिन हो या रात असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। इस समय तो फर्जी टिकट दलाल भी सक्रिय हैं। बस स्टैंड में ये ऐसे लोगों को ढूंढते हैं, जो दूरदराज क्षेत्रों से आए यहां से अनभिज्ञ हैं। गंतव्य स्थान जानकर उन्हें बस टिकट बकायदा सीट नंबर के साथ देने की बात करते हैं। यात्री उनके झांसे में आकर टिकट खरीद लेते हैं। जब बस आती है तो उन्हें पता चलता है कि उस बस की वो टिकट ही नहीं है। कई बार तो बस की टाइमिंग भी गलत बता दी जाती है। जब यात्री उस वक्त पहुंचता है तो पता चलता है कि वह बस बहुत पहले निकल गई या फिर आज नहीं कल आएगी। ठगा सा यात्री जब बस मालिक के पास जाता है तो उन्हें ओरिजिनल टिकट दिखाते हुए ठगी होना बताते हैं। यहां अमूमन हर रोज ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। इधर इस मामले को लेकर निजी बस मालिक व सीएसआईडीसी दोनों पल्ला झाड़ रहे हैं। बस मालिक संघ का कहना है कि बस स्टैंड में सुरक्षा का दायित्व सीएसआईडीसी व पुलिस पर है। सीएसआईडीसी के अधिकारी कहते हैं कि इस पर बस मालिकों व पुलिस का पहरा होना चाहिए। कुछ भी हो खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

**ठगी के शिकार हुए शहडोल से आए 2 यात्री**

पिछले दिनों शहडोल से आए 2 यात्री ऐसी ही ठगी का शिकार हो गए। वे सुबह 8:30 बजे शहडोल जाने के लिए हाईटेक बस स्टैंड पहुंचे थे। यहां उन्हें कुर्सी पर बैठे दो व्यक्ति मिले। उन्होंने टिकट कटाने की बात कही। दोनों ने टिकट ली। उन्हें बताया गया कि वहां जाने के लिए बस शाम 4:00 बजे मिलेगी। दिन भर काम निपटाने के बाद जब यात्री बस स्टैंड पहुंचे तो बस ही नहीं थी। बस मालिकों से जब यात्री मिले तो उन्होंने बताया कि अभी कोई बस नहीं है। इस पर जब यात्रियों ने टिकट दिखाया तो बस मालिक चकरा गए। उन्होंने कहा कि जो टिकट उनके पास है फर्जी है।

**पुलिस की मिलीभगत का आरोप**

लोगों ने बताया कि यह कारनामा तिफरा क्षेत्र के ही असामाजिक तत्व कर रहे हैं। इनका एक गैंग है जो करीब 2 साल से यह काम कर रहा है। ऐसा नहीं कि पुलिस को इसकी खबर नहीं। दरअसल यह सब मिलीभगत से हो रहा है, तभी तो लगातार शिकायत के बाद पुलिस उन्हें रोकने पर ध्यान नहीं दे रही। बस मालिकों का भी यही कहना है। उनके अनुसार यहां डर व अव्यवस्था फैला रहे असामाजिक तत्वों की कई बार पुलिस से शिकायत की गई, पर इन्हें न रोकना पुलिस की नीयत पर प्रश्नचिन्ह उठा रहे हैं।

**सजा का प्रावधान**

मोटरयान संहिता 1988 की धारा 93/ 193 के तहत बुकिंग एजेंट का लाइसेंस बनता है। यदि किसी के पास लाइसेंस नहीं है और वह टिकट काटता हुआ पाया गया तो पहली बार पकड़े जाने पर ?5000, दूसरी बार पकड़े जाने पर छह माह की सजा या जुर्माना दोनों का प्रावधान है। जबकि सवारी इकट्ठा करने पर 25000 से 100000 तक का जुर्माना लगता है।

**पुलिस की सुरक्षा ही नहीं**

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के संभागीय अध्यक्ष एसएल दुबे का कहना है कि हाईटेक बस स्टैंड में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था शुरू से नहीं है। यही वजह है कि यहां असामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। पिछले 2 महीने से फर्जी टिकट दलाल सि य हैं जो यात्रियों को बाहर से आने वाली बसों की फर्जी टिकट देकर चंपत हो जा रहे हैं। उनकी लगातार शिकायत आरटीओ व पुलिस अधिकारियों से की जा रही है, फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

**आरटीओ व टीआई झाड़ रहे पल्ला**

आरटीओ अमित बेग का कहना है कि उनके पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। मिलने पर कोई ठोस कदम उठाया जाएगा। इधर सिरगिट्टी टीआई फैजुल शाह का कहना है कि उन्हें भी कोई शिकायत नहीं मिली है, जब मिलेगी तब देखेंगे।

# बिलासपुर में लगातार कार्रवाई, फिर भी सड़क पर सज रहीं अवैध दुकानें



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बार–बार समझाइश के बाद भी गोलबाजार और सदर बाजार के दुकानदार के साथ शहर की अन्य प्रमुख सड़क पर अतिक्रमण करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। जो लगातार दुकान लगाकर व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। वहीं इससे नाराज निगम की अतिक्रमण व पुलिस विभाग के टीम ने जमकर कार्रवाई की। इस दौरान सड़क पर दुकान के रूप में सजे सामान को जब्त करने के साथ ही गुमटियां भी जब्त की गईं। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने शनिवार को भी नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई सुबह से चलती रही। अतिक्रमण प्रभारी प्रमिल शर्मा ने बताया कि लगातार ढाई महीने से अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी शहर के सबसे बिजी सड़क गोलबाजार व सदर बाजार के दुकानदारों को इसका बिल्कुल भी असर नहीं पड़ रहा है। ऐसे में ऐसे लोगो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। देवकीनंदन चौक से गोलबाजार तक और शहर के अन्य सड़को से कार्यवाही करते हुए सड़क पर विज्ञापन बोर्ड रखने वाले दुकानदारों के विज्ञापन बोर्ड जब्त कर लिए गए हैं। साथ ही गुमटियां भी जब्त करते हुए चेतावनी दी गई कि अब लगातार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ श्रीकांत वर्मा मार्ग में गलत ढंग से पीली पट्टी के बाहर गाड़ी खड़ी गाड़ियों से जुर्माना वसूला गया है। वही अतिक्रमण दस्ता की दूसरी टीम पूरे शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने का अभियान पर रही। इस दौरान सबसे पहले नेहरू चौक से मुंगेली नाका चौक तक ठेले व गुमटियों को हटाया गया। इसके बाद मुंगेली नाका चौक से उसलापुर तक दुकानों द्वारा सड़को पर गाड़े गए अवैध बोर्ड को उखाड़ कर जब्त किया गया है। इस दौरान ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की गई। जो बार बार चेतावनी के बाद भी सड़कों पर दुकान लगाना नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसे लोगों का सामान जब्त कर लिया गया है।

# पौने दो लाख के कबाड़ समेत कबाड़ी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** बिलासपुर-रायपुर मार्ग में कबाड़ लेकर भाग रहा चालक कबाड़ को कहीं खफा पाता इसके पहले ही पुलिस ने बिल्हा मोड चौक पर धरदबोचा। बरामद कबाड़ की कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है। जुआ, सट्टा, शराब पर कार्यवाही तो चल ही रही है और अब कबाड़ पर भी पुलिस की नजर तिरछी हो गई है। कबाड़ का एक ऐसा ही एक मामला सामने आया है। पिकअप वाहन में कबाड़ लेकर भाग रहा चालक बिल्हा मोड़ चौक पहुंचा ही था। तभी हिर्री पुलिस ने घेराबंदी कर कबाड़ सहित चालक को पकड़ लिया पूछताछ में चालक गोलमोल जवाब देने लगा। चालक कबाड़ को पॉलिथीन और पुट्ठे से ढक रखा था। पुलिस ने जांच की तो वाहन में गाड़ी का पट्टा, नट बोल्ट और गाड़ी के पुराने पार्ट्स भरे हुए थे। पुलिस को समझते देर नहीं लगी और कार्यवाही में जुट गई। फिलहाल पकड़ा गया आरोपी संदीप यादव कोटा का रहने वाला है।

# शादी का झांसा देकर साथ पढ़ने वाली युवती से दुष्कर्म

**बिलासपुर।** सरकंडा क्षेत्र में 27 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित युवती आरोपित के साथ पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उनकी पहचान हुई थी। युवक ने उसे शादी का झांसा देकर तीन साल तक दुष्कर्म किया। इसके बाद वह शादी से मुकर गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सरकंडा थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली 27 वर्षीय युवती तीन साल पहले पढ़ाई करती थी। इसी दौरान उसकी पहचान साथ में पढ़ने वाले मुकेश लहरे निवासी छतौना जिला मुंगेली से हुई। युवक ने उससे प्रेम का इजहार किया। इसके बाद दोनों मिलने लगे। युवक ने इसका फायदा उठाते हुए शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। उसने तीन साल तक युवती का शारीरिक शोषण किया।

# आमामुड़ा व्यपवर्तन योजना: नहर निर्माण के लिए भू-अर्जन हेतु समाघात दल ने की अनुशंसा

**बिलासपुर।** जिले के रतनपुर तहसील के मझवानी और बेलगहना तहसील के छतौना गांव में मुख्य नहर निर्माण के लिए भूमि का अर्जन किया जाना है। भू-अर्जन के मूल्यांकन के लिए सामाजिक समाघात दल का गठन किया गया है। सामाजिक समाघात दल ने ग्राम मझवानी और छतौना के ग्राम पंचायत भवन में जनसुनवाई आयोजित कर भू-अर्जन से पड़ने वाले प्रभाव का आँकलन किया। समाघात दल ने बताया कि आमामुड़ा व्यपवर्तन के नहर निर्माण पूरा होने से खरीफके बारह सौ हेक्टेयर में फसलों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इस नहर से सात गाँवों के किसान लाभन्वित होंगे। मूल्यांकन में पाया गया कि मझवानी गांव में भू-अर्जन से 0.568 हेक्टेयर भूमि तथा ग्राम छतौना में लगभग 13 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हो रही है। समाघात दल ने किसानों से भी सहमति लिया और पाया कि अर्जित भूमि से कोई मकान आदि प्रभावित नहीं हो रहा है और न ही किसी भी परिवार के विस्थापन की संभावना है। समाघात दल ने भू-अर्जन के संबंध में पुनर्वासिन और पुनर्व्यस्थापन का उचित मूल्यांकन कर भू-अर्जन की अनुशंसा भी की।

**नहर निर्माण से बारह सौ हेक्टेयर खरीफफसलों और सात गांव के किसानों को मिलेगा लाभ'**

# नगर पंचायत में नगर निगम के इंजीनियर के तबादले को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नगर निगम के सब इंजीनियर के नगर पंचायत में तबादला करने के आदेश को गलत बताते हुए निरस्त कर दिया है। जस्टिस संजय के अग्रवाल की सिंगल बेंच ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि राज्य शासन को नगर निगम के अफसर व कर्मचारियों का नगर पंचायत में ट्रांसफर करने का अधिकार नहीं है। हाईकोर्ट के इस आदेश को एप्रुवल फॉर ऑर्डर माना गया है। यानि की इस फैसले को न्याय दृष्टांत माना जाएगा। मामला रायगढ़ नगर निगम का है। दिलीप उरांव रायगढ़ नगर निगम में सब इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने उनका स्थानांतरण नगर पंचायत चन्द्रपुर में कर दिया। अपने ट्रांसफर आदेश से परेशान होकर उन्होंने अधिवक्ता विकास दुबे के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी। इसमें बताया गया कि याचिकाकर्ता मूल रूप से नगर निगम के अधिकारी हैं। ऐसे में उनकी सेवाएं नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 58 के अनुसार नगर निगम के नियंत्रण में ली जा सकती है। इस अधिनियम के अनुसार उनका स्थानांतरण नगर पंचायत में करने का कोई भी प्रावधान नहीं है। याचिका में बताया गया कि नगर निगम के कर्मचारियों को नगर पंचायत में स्थानांतरित नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के तर्कों को सही माना है। जस्टिस संजय के अग्रवाल ने नगर निगम अधिनियम के खिलाफ तबादला मानकर आदेश को निरस्त कर दिया है।

**हाईकोर्ट ने कहा-नगर निगम व नगर पंचायत के सेवा नियम है अलग**

हाईकोर्ट ने माना है कि नगर निगम का गठन नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत होता है। जबकि नगर पंचायत नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत गठित संस्था है। दोनों संस्थाओं के कर्मचारी सेवा नियम भी अलग अलग हैं। नगर निगम अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। जो राज्य सरकार को नगर निगम के कर्मचारियों का स्थानांतरण नगर पंचायत में करने का अधिकार देता हो। नगर निगम अधिनियम की धारा 58 में भले ही कर्मचारी को एक नगर निगम से दूसरे नगर निगम में प्रतिनियुक्ति की शर्तों पर भेजने का प्रावधान है। लेकिन, नगर निगम के कर्मचारी को नगर पंचायत में तबादला करने का अधिकार राज्य शासन को नहीं है।

# शिक्षाविभाग में पदोन्नति में आरक्षित वर्ग को लाभ नहीं दिए जाने से अजा अजजा वर्ग नाराज

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शिक्षा विभाग में हो रहे अब तक के सबसे बड़े पदोन्नति के खिलाफप्रदेश भर के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोग उद्वेलित हो गए है कारण लगभग 40 हजार प्रधान पाठक और विषय शिक्षक के पदोन्नति में आरक्षित वर्गो को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इससे 18 हजार आरक्षित वर्गो का पद सीधा सीधा प्रभावित होगा। इसके विरोध को लेकर प्रदेश के समस्त सामाजिक संगठनों और अधिकारी कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। इस सम्बन्ध में आंदोलन समिति आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के संयोजक सुरेश दिवाकर ने बताया कि पदोन्नति में आरक्षण को लेकर माननीय हाईकोर्ट में रिट याचिका क्रमांक 9778/2019 विष्णु प्रसाद तिवारी वर्सेस छग राज्य जनहित याचिका क्रमांक 91/2019 संतोष कुमार वर्सेस छग राज्य लगा हुआ है जिसकी लगातार सुनवाई माननीय हाईकोर्ट में जारी है इसी क्रम में 15 फरवरी को महत्वपूर्ण सुनवाई है सम्भावना है उक्त दिवस का निर्णय पदोन्नति में आरक्षण के पक्ष में आ जाएगा। बावजूद इसके राज्य शासन का शिक्षा विभाग बड़ी संख्या में पदोन्नति करके एक बहुत बड़ी संख्या को धोखा देने का कुट रचना किया है जिसका हम लोग व्यापक विरोध करते हुए आज संभाग स्तरीय मानव श्रृंखला बनाकर मुख्यमंत्री जी के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। आगे इस आंदोलन के संयोजक राधेश्याम टंडन,राजीव ध्रुव,सुभाष परते,चन्द्र प्रकाश सूर्या, शिव सारथी, डॉ.अमित मिरि, ने संयुक्त रूप से बताया की यह आंदोलन क्रमिक रूप से पदोन्नत में आरक्षण बहाल होते तक जारी रहेगा। इसका अगला चरण 26 जनवरी को संविधान शपथ और सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों का पुतला दहन के साथ29 जनवरी को प्रदेश व्यापी विशाल जनसभा व आंदोलन जिसमें मुख्यमंत्री निवास सहित समस्त मंत्रियो के निवास का घेराव शामिल है। आज के इस आंदोलन में बिलासपुर संभाग के समस्त जिले के शिक्षक समुदाय समस्त समामाजिक संगठन के प्रमुख और अधिकारी कर्मचारी संगठनों के मुखिया ने बढ़ चढ़ कर भगीदारी निभाई। आज के आंदोलन में मुख्य रूप से आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के सुरेश दिवाकर,राधेश्याम टंडन,जितेंद्र पाटले सुभाष परते, डॉ.मोहन सेंडरे,चन्द्र प्रकाश सूर्या ,,शिव सारथी,के आर खांडे,संजीत बर्मन,सागर बंजारे,पी. एल.महिपाल, अश्वनी कुर्रे,अशोक नवरंग राजीव ध्रुव,देव मरावी,शिव शंकर कोर्राम, आर के मार्बल, आर एस ध्रुव,गणेश कोशले, विनोद गोयल, विनोद बंजारा, योगेश बोले ,ओम प्रकाश सूर्यवँशी, जितेंद्र बंजारा, राज बंजारा, आशीष टंडन, पिंटू खान, शिव प्रधान, आर एस पी गाहिरे, भवर पोरते, जितेंद्र बंजारे,मनहर मरकाम, प्रमोद कीर्ति, बबलू जोशी, के डी टंडन, जगनमोहन कोशले, सुखी राम पुलस्त, कुमारी टंडन, विनोद कुर्रे, ईश्वर सोनी,भारत लाल मार्को, छत राम जगत, सहित बड़ी संख्या में अनुसचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोग उपस्थित थे।

# तबादले में शिक्षको की वरिष्ठता सूची का ध्यान न रखने को लेकर याचिका दायर




**बिलासपुर।** याचिकाकर्ता सोमा ठाकुर एवं 24 अन्य की नियुक्ति शिक्षाकर्मी वर्ग-3 के पद पर जिला बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, कोरबा, जशपुर एवं जांजगीर-चांपा वर्ष 2005 में पंचायत विभाग में हुई थी, याचिकाकर्ता के अनुरोध से इनका स्थानांतरण वर्ष 2007 में जनपद पंचायत रायग?, जिला रायग? किया गया। एक जुलाई 2018 को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश जारी कर याचिकाकर्ता का संविलियन पंचायत विभाग से स्कूल शिक्षा विभाग में किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के द्वारा सहायक शिक्षक से शिक्षक के पद पर पदोन्नति के लिये एक जनवरी 2022 की स्तिथि में अंतरिम वरिष्ठता सूचि जारी की गई जिसमे याचिकाकर्ता की वरिष्ठता की गणना इनकी प्रथम नियुक्ति से न करते हुवे स्थानांतरण की तिथि से किया गया है।

जिसके विरुद्ध याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय के समक्ष अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी, नरेंद्र मैहर, घनश्याम कश्यप के माध्यम से याचिका दायर की गई, मामले में जस्टिस संजय अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सहायक शिक्षक से शिक्षक के पदों हो रही पदोन्नति को याचिका के अंतिम आदेश से वाधित रखने का अंतरिम आदेश पारित किया गया एवं सचिव, संचालक, संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा विभाग और जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब माँगा है। जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ द्वारा जारी वरिष्ठता सूचि में वरिष्ठता की गणना स्थानांतरण की तिथि से किया गई है जो की संयुक्त संचालक, बिलासपुर संभाग द्वारा जारी वरिष्ठता सूचि के विपरीत है, संयुक्त संचालक द्वारा जारी अंतरिम वरिष्ठता सूचि में याचिकाकर्ता की वरिष्ठता सहायक शिक्षक से शिक्षक के पदों पर पदोन्नति के लिए वरिष्ठता की गणना प्रथम नियुक्ति से की गई है।

# माता पिता के साथ 5 वर्ष पूर्व जेल गया आरोपी डकैती कांड का निकला मास्टर माइंड मस्तूरी के कांग्रेस नेता के घर में हुई डकैती की सुलझ गई गुत्थी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



मस्तूरी के दर्रीघाट में कांग्रेस नेता टॉकेश्वर पाटले के घर 13 जनवरी को हुई डकैती की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली हैं। 5 साल पुराने मामले में माता पिता के साथ जेल गया मुख्य आरोपी डकैती का मास्टरमाइंड निकला। बदला लेने की नियत से उड़ीसा से डकैतो को बुला कर डकैती करवाई गई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी के अलावा उड़ीसा के तीन डकैत के अलावा एक अन्य डकैत( टोटल 5) को गिरफ्तार किया हैं। मामले में मिली जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को कांग्रेस के जिला सचिव टाकेश्वर पाटले के घर सुबह 11 बजे आये 7 डकैतो ने बंदूक व चाकू की नोक पर ढाई लाख नगद व 3 लाख के गहने लूट लिए थे। डकैती के बाद फरार हुए डकैतो की तलाश में पुलिस की अलग अलग टीमें लगी हुई थी।इस दौरान राजनैतिक आरोप प्रत्यारोप भी लगातार हुए थे। ..सीसीटीवी व लोकल हिंट के आधार पर पुलिस डकैतो की तलाश कर रही थी। इस दौरान 40 मोबाइल टावरों से 4लाख के लगभग काल डंम्प पुलिस ने निकाले थे। डकैतो ने डकैती के दौरान कांग्रेस नेता छोटू का मोबाईल भी लूट लिया था। उक्त मोबाईल में सिम बदल कर डकैतो ने कुछ देर के लिये मोबाइल चालू किया था। जिसके बाद पुलिस उस नम्बर को ट्रेस कर डकैतो तक पहुँची। उस नम्बर धारक को उठाने पर मामले का खुलासा हो गया। मस्तूरी के पास ग्राम लावर निवासी एक युवक व उसके माता पिता को कांग्रेस नेता ने 2017 में जेल भिजवाया था। जेल में ही उसने हत्या व डकैती के आरोपियो के साथ मिल कर बदला लेने की ठानी थी। बाहर आ कर उसने जेल में जिन आरोपियो से उसकी दोस्ती हुई थी उनके मदद से उड़ीसा के डकैतो को बुलवाया था। उड़ीसा के डकैत रायगढ़ पहुँचे और बिलासपुर से सम्बद्ध डकैत भी रायगढ़ पहुँचे। यहां डकैती व भागने की पूरी प्लानिंग बनी थी। डकैती के एक रात पूर्व डकैत चिल्हाटी ग्राम में आ कर रुके थे और दूसरे दिन चिल्हाटी से जा कर डकैती डालने के बाद वहां से फरार हो गये थे। पुलिस की टीमो ने समन्वय बनाकर तकनीकी विश्लेषण व लोकल हिंट के आधार पर 5 डकैतो को गिरफ्तार किया हैं। जल्द ही पुलीस मामले का खुलासा करने वाली हैं।

# जिले में अब तक 33 लाख 23405 क्विंटल धान की हुई खरीदी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिले के सभी 66 सहकारी समितियों के 97 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से नियमित रूप से की जा रही है। जिले में अब तक 33 लाख 23 हजार 405 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी शीतल भोई ने बताया कि उपार्जन केंद्र अखरार में 30 हजार 443 क्विंटल, कंतेली में 29 हजार 637 क्विंटल, देवरी में 27 हजार 597 क्विंटल, किरना में 31 हजार 504 क्विंटल, कोदवा में 38 हजार 136 क्विंटल, खुटेरा में 26 हजार 407, खुड़िया में 50 हजार 639 क्विंटल, खपरीकला में 28 हजार 900, खाम्ही में 38 हजार 715, साल्हेघोरी में 36 हजार 616 क्विंटल, गुरुवाइनडबरी में 36 हजार 916, झोंका में 29 हजार 16 क्विंटल अन्य केंद्र में खरीदी की गई है। उल्लेखनीय है कि जिले में सप्ताह भर पूर्व बारिश होने के कारण धान खरीदी केंद्रों में किसानों से खरीदी बंद कर दी गई थी। वहीं खलिहान गीला होने के कारण किसानों ने भी मिंजाई का काम बंद कर दिया था। अब किसान खलिहान की लिपाई कर धान मिंजाई के काम में जुटे हुए हैं। वहीं कई खरीदी केंद्रों में उठाव न होने के कारण धान रखने के लिए जगह न होने से वे किसानों से धान नहीं खरीद रहे हैं। जानकारी के अनुसार खरीदी केंद्रों में बारिश के दौरान कैंप कवर न होने और पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण यहां किसानों से खरीदकर रखे धान गीला हो गए है और खराब हो रहे है। वहीं धान मिंजाई में जुटे किसानों ने शासन से धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की है।

# भारी मात्रा में कच्ची शराब और लहान जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



आबकारी टीम ने कलेक्टर डॉ.सारांश मित्तर के आदेश और आबकारी उपायुक्त नीतू नोतानी ठाकुर के निर्देश पर शराब बनाने वालों के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है। पचपेढ़ी थाना क्षेत्र के तीन अलग अलग ठिकानों में छापामार कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में लहान और कच्ची शराब बरामद किया गया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत जेल दाखिल कराया गया है।

आबकारी उपायुक्त नीतू नोतानी ठाकुर ने बताया कि कलेक्टर के आदेश और निर्देश पर पचपेढ़ी थाना क्षेत्र के सुकुलकारी और मनवा गांव में कोचियों के खिलाफछापामार कार्रवाई की गयी है। तीन अलग अलग ठिकानों पर की गयी कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में कच्ची शराब और महुआ लहान बरामद कर नष्ट किया गया है। नीतू नोतानी ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर कोचियों के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी कल्पना राठौर, आबकारी उप निरीक्षक आनंद वर्मा, रमेश दुबे, भूपेंद्र जांगड़े , मेघा साहू, ?श्वर्या मिंज की अगुवाई में कार्रवाई की है। वृत्त मस्तूरी के पचपेढ़ी थाना क्षेत्र के सुकुलकारी, मनवा गांव में कार्रवाई के दौरान तीन अग अलग ठिकानों पर टीम ने धावा बोला। सुकुलकारी में आबकारी टीम ने तिलकराम महिलांगे के पास से 8 लीटर हथभट्टी शराब बरामद किया है। सुकुलकारी में ही छोटेलाल के पास से 10 लीटर हथभट्टी शराब जब्त किया गया है। ग्राम मनवा शिवनाथ नदी किनारे भारी मात्रा में लावारिश लेकिन छिपाकर रखी गयी 80 लीटर महुआ शराब को जब्त किया गया है।

# परासी रोड में मरम्मत के नाम पर लीपापोती युकां ने जताई आपत्ति



**बिलासपुर।** मरवाही में लोक निर्माण विभाग द्वारा चलचली से परासी होते हुए चंगेरी तक रोड का मरम्मत किया जा रहा है। पर यह कार्य गुणवत्ताहीन होने से स्थानीय नागरिकों ने एवं युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आपत्ति अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से की है पर अभी तक इसमें कोई कार्रवाई नही हुई है। इस रोड के मरम्मत के बारे में स्थानीय नागरिक पारस नाथ का कहना है कि जैसा मरम्मत विभाग द्वारा कराया जा रहा है उससे तो अच्छा होता कि रोड ना बनाते तो ज्यादा अच्छा होता। वहीं युवक कांग्रेस के अनिल केवट का कहना है कि जिस हिसाब से जगह-जगह छोड़कर जो मरम्मत की जा रही है । उससे रोड आने वाले बरसात में फिर उखड़ जाएगी। जानकारी के अनुसार मरवाही डिवीजन में लगभग 50 लाख रुपए मरम्मत कार्य के लिए राशि आई है। जिसे अधिकारी अपने चहेते ठेकेदारों से काम करवाकर गड़बड़ी कर देते हैं। क्योंकि इन सभी कार्यों में तकनीकी बचाव बहुत होते है जिसमे सबसे पहले की इनका इस्टीमेट एवं टेंडर नही होता इसमे रोड की गारंटी की कोई बात नही होती।

# अब बरमकेला महाविद्यालय डॉ. शक्राजीत नायक शासकीय महाविद्यालय के नाम से जाना जाएगा

## रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल का जताया आभार




पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के बरमकेला में संचालित शासकीय महाविद्यालय अब पूर्व मंत्री स्व.डॉ. शक्राजीत नायक शासकीय महाविद्यालय के नाम से जाना जाएगा। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कल यह आदेश जारी किया गया है। रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक व परिवार ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल का आभार व्यक्त किया है । विधायक ने कहा कि उनके पिता शिक्षाविद थे और उनके मंशा अनुरूप इस महाविद्यालय का नामकरण उनके नाम से किया गया जो मेरे और परिवार के लिए बेहद खुशी व गर्व की बात है । बरमकेला क्षेत्रवासियों द्वारा इसकी माँग की जा रही थी जिसका सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री महोदय ने उनकी बातों को ध्यान रखते हुए बरमकेला शासकीय महाविद्यालय का नामकरण पूर्व मंत्री स्व. डॉ. शक्राजीत नायक के नाम पर रखे जाने की अनुमति प्रदान की। मैं इसके लिए पूरे बरमकेला क्षेत्रवासियों की ओर से भी मुख्यमंत्री महोदय का आभार व्यक्त करता हूं।

## श्रीबालाजी इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के चेयरमैन डॉ देवेन्द्र नायक ने भी जताया आभार



बरमकेला शासकीय महाविद्यालय का नामकरण स्व. डॉ. शक्राजीत नायक शासकीय महाविद्यालय किये जाने पर श्रीबालाजी इन्स्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक ने भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया है। आपको बता दें डॉ. देवेन्द्र नायक पूर्व मंत्री स्व. शक्राजीत नायक के भतीजे हैं। डॉ. नायक ने छत्तीसगढ ही नही बल्कि पूरे मध्य भारत में चिकित्सा के क्षेत्र मे अपनी एक पहचान बनाने में सफल हुये हैं ।

# दुष्कर्म-सामूहिक दुष्कर्म की वारदातें सरकार के लिए शर्म का विषय : कौशिक

## नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा- प्रदेश सरकार के निकम्मेपन के चलते अपराधियों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा, प्रदेश में असुरक्षा के चलते चहुंओर बदहवासी का माहौल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा है कि प्रदेश में दुष्कर्म-सामूहिक दुष्कर्म की लगातार हो रही वारदातें प्रदेश सरकार के लिए शर्म का विषय है, लेकिन बजाय इन पर सख़्त कार्रवाई के प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत तमाम कांग्रेस नेता अन्य प्रदेशों में झूठ फैलाकर सियासी लफ़्फ़ाजी करने में मशगूल हैं। कौशिक ने कहा कि जबसे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी है, प्रदेश में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नजर ही नहीं आ रही है और प्रदेश सरकार स्मार्ट पुलिसिंग के नाम पर जुमलेबाजी करने से बाज नहीं आ रही है।

नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि कानून-व्यवस्था की बेहाली और अपराधों में इजाफे के बावजूद प्रदेश सरकार अपने धत्कर्मों के लिए खुद की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने के निर्लज्ज राजनीतिक चरित्र के प्रदर्शन में लगी है। बिलासपुर के तोरवा के महमन्द क्षेत्र में मंदिर का प्रसाद लेकर घर लौट रही एक 13 वर्षीया बच्ची के साथ 4 युवकों द्वारा गैंगरेप करने और अम्बिकापुर के लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के लमगाँव में एक युवक द्वारा एक मूक-बधिर युवती का अपहरण कर दुष्कर्म करने की वारदातों का ज़िक्र करते हुए कौशिक ने कहा कि नारी सशक्तिकरण और महिलाओं की सुरक्षा के ढोल पीटने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार हैवानियत और दरिंदगी से भरी इन वारदातों के बाद भी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा कर रही है। अपराधियों में क़ानून के राज का खौफ तो रह ही नहीं गया है जिसके चलते अब मासूम बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाएँ तक का घर से बाहर निकलना दूभर हो चला है। अपराधी अब मूक-बधिर युवतियों तक को अपनी दरिंदगी का शिकार बना रहे हैं और प्रदेश सरकार मूक-बधिर बनी बैठकर क़ानून-व्यवस्था की बेहतरी और अपराधों में कमी का दावा किस मुँह से कर रही है? कौशिक ने कहा कि प्रदेश सरकार के निकम्मेपन के चलते प्रदेशभर में अपराधियों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है और प्रदेश में असुरक्षा के चलते चहुंओर बदहवासी का माहौल व्याप्त है। कौशिक ने कहा कि जो सरकार अपने राज्य की बच्चियों, युवतियों, महिलाओं और दिव्यांग युवतियों तक को सुरक्षा का भरोसा नहीं दे पा रही है, वह छत्तीसगढ़ के लिए बोझ बन चुकी है और इसे अब सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार ही नहीं है।

# प्रभारी मंत्री टीएस सिंहदेव की अनुशंसा पर कबीरधाम जिले में 30.73 लाख रूपए के निर्माण कार्य स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रभारी मंत्री टी.एस. सिंहदेव की अनुशंसा पर कबीरधाम जिले में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 30 लाख 73 हजार रूपए मंजूर किए गए हैं। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा द्वारा प्रभारी मंत्री मद के तहत कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत कवर्धा, सहसपुर लोहारा तथा पंडरिया के अंतर्गत कई गांवों में सी.सी. रोड और सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए इस राशि की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। पंडरिया विकासखंड के झिरियाकला ग्राम पंचायत के पुतकीखुर्द में गुरू घासीदास मंदिर के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए दो लाख 20 हजार रूपए मंजूर किए गए हैं। वहीं ग्राम सोमनापुर (पुराना) में सीसी रोड निर्माण के लिए तीन लाख रूपए, ग्राम नेउरगांव में सीसी रोड निर्माण के लिए तीन लाख 99 हजार रूपए और ग्राम पंचायत नानापुरी में सीसी रोड के लिए तीन लाख 99 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रभारी मंत्री सिंहदेव की अनुशंसा पर जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के विभिन्न गांवों में सी.सी. रोड निर्माण के लिए 14 लाख 96 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इनमें ग्राम खैरझिटी में सीसी रोड निर्माण के लिए दो लाख 99 हजार 100 रूपए, ग्राम पंचायत हरदी के रगरा में दो लाख 99 हजार 600 रूपए, ग्राम पंचायत हथलेवा के लिए दो लाख 99 हजार 900 रूपए, ग्राम पंचायत कोहडिया में दो लाख 99 हजार रूपए और ग्राम पंचायत सिंगारपुर के दैहानडीह में सीसी रोड निर्माण के लिए दो लाख 98 हजार 700 रूपए की राशि शामिल है।

# मोदी सरकार डिजिटल इंडिया को डिजिटल डकैतों से बचाने में नाकाम

■ कोविड पीड़ितों का व्यक्ति गत डाटा चोरी होना और नीलामी के वेब साइट में रखा जाना दुर्भाग्यजनक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रेड फोरम की वेबसाइट पर हजारों भारतीयों का कोविड-19 डाटा को चोरी कर नीलामी करने की खबर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार डिजिटल इंडिया का नारा तो लगती है बड़े-बड़े दावा करती है जोर शोर से जनता को सभी कार्यो को डिजिटल माध्यम से करने प्रोत्साहित करती है दबाव बनाती है लेकिन डिजिटल प्लेटफॉर्म को डिजिटल डकैतों से बचाने में अब तक नाकाम रही है। दुर्भाग्य की बात है कोविड-19 के दौरान देशभर के नागरिक जो कोविड-19 संक्रमण के दायरे में थे और जो वैक्सीनेशन कराने के लिए कोविन पोर्टल में अपनी व्यक्तिगत जानकारियों को आधार कार्ड के नंबर के साथ लिंक किए हैं उनकी व्यक्तिगत जानकारी को मोदी सरकार साईबर चोरों से बचाने में असफल रही है। रेड फोरम के वेबसाइट में कोविड के दौरान भारतीयों के द्वारा दिये गये व्यक्तिगत जानकारी की चोरी कर डाटा नीलामी करने रखे जाने की खबर गंभीर है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि डिजिटल इंडिया का नारा बेहद जोर शोर से लगाया तो जाता है लेकिन उनके सुरक्षा के उपाय के संबंध में ठोस उपाय नहीं कर पाई है। मोदी सरकार का आईटी मंत्रालय जनता को डिजिटल प्लेटफार्म की सुरक्षा की गारंटी देने में अभी तक नाकाम रही है। जब देश के प्रधानमंत्री जी का ट्विटर अकाउंट भी हैकरों ने हैक कर लिया था। ऐसे में आम लोगों की डाटा चोरी होने की पूरी गुंजाइश है। आम लोगों की बैंक अकाउंट से राशि चोरी हो जाना, उनके कंप्यूटर का हैक हो जाना, उनकी निजी जानकारी लीक होना आम बात हो गई। सरकारी दफ्तरों, रेल्वे, विमानन कंपनी, बैंक सहित अन्य सरकारी विभागों के वेब साइट पर भी कई बार साइबर क्राइम अटैक हो चुके है। देशभर के नागरिकों ने वैक्सीन लगाने के लिए अपने डाटा को कोविन ऐप में अपलोड करवाएं हैं अब आशंका है अगर साइबर क्राइम वालों ने सभी के डाटा को चोरी कर लिए होंगे तो निश्चित तौर पर आम लोगों की निजी जानकारी अब सुरक्षित नहीं है उन पर साइबर क्राइम वालों का नियंत्रण है।

# गौठानों को किसानों ने दिया 7 लाख 32 हजार 886 क्विंटल पैरा दान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील पर राज्य के किसान भाईयों ने गौठानों में गोधन के चारे की व्यवस्था के लिए अब तक 7 लाख 32 हजार 886 क्विंटल पैरा दान किया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के किसान भाईयों से बीते दिनों गौठानों को पैरादान करने और खेतों में पराली न जलाने की अपील की थी। उन्होंने किसानों के नाम जारी अपील में कहा था कि पशुधन के लिए गौठानों में सूखे चारे का पर्याप्त प्रबंध हो सके, इसके लिए धान की कटाई के बाद खेतों में पैरा को जलाने की बजाय अपने गांव की गौठान समिति को पैरा-दान करें। इससे गोधन के लिए चारे का इंतजाम करने में समितियों को आसानी होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील पर गोधन के चारे के लिए किसानों द्वारा पैरा दान किया जा रहा है। अब तक 7 लाख 32 हजार 886 क्विंटल से अधिक पैरा गौठानों में दान के माध्यम से संग्रहित किया गया है। जिसका मूल्य 200 रूपए प्रति क्विंटल के मान से लगभग 20 करोड़ रूपए है।




## प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर।** कोटा इलाके के बड़ा भवानी नगर के सामने रेल पटरी में नाबालिग प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दी है। नाबालिग प्रेमी और प्रेमिका रायपुर के कोटा इलाके के ही रहने वाले हैं। इनके बीच पिछले 3-4 सालों से जान पहचान और प्रेम संबंध था। अब नाबालिग प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। नाबालिग प्रेमिका की उम्र 16 तो वहीं प्रेमी की उम्र 17 साल बताई जा रही है। शव का मर्ग कायम कर कबीर नगर थाना पुलिस जांच में जुटी है।


# महिला आयोग अध्यक्ष ने 5 महिलाओं को सम्मानित किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग ने वार्ड 20 के आत्मनिर्भर वार्ड क्षेत्र मारुती लाइफ स्टाइल परिसर में जनजागरण अभियान चलाया गया। महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में श्रेष्ठ रेंकिंग लाने के लिए शुभकामनायें देते हुए श्रेष्ठ सफाई कार्य के लिए 5 महिलाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक-8 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन के तहत आने वाले रामकृष्ण परमहंस वार्ड नम्बर 20 में आत्मनिर्भर वार्ड के क्षेत्र मारुती लाइफ स्टाइल आवासीय परिसर में रहवासियों के सामने स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर जनजागरूकता अभियान महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं की उपस्थिति में चलाया गया। मारुती लाइफ स्टाइल आवासीय परिसर में रहने वाले सभी रहवासियों द्वारा अपने घर से निकलने वाले प्रतिदिन के सूखे एवं गीले कचरे को परिसर में नियुक्त सफाई मित्रों के माध्यम से पृथकीकरण करके कंपोस्टिंग मशीन की सहायता से गीले कचरे को खाद में परिवर्तित किया जाकर उसका सदुपयोग मारुती लाइफस्टाइल परिसर में स्थित घरों के गमलों एवं परिसर एवं घरों के लान को हरा-भरा रखने हेतु किया जा रहा है।

# जनजाति विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में आयोजित हुआ प्रेरणा कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक के समाज कार्य विभाग द्वारा 17 से 22 जनवरी तक विभाग के 6वें बैच के नवीन छात्रों हेतु प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन विभाग की विभागाध्यक्ष एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो रंजू हाशमी साहू ने किया। यह कार्यक्रम विभाग द्वारा छात्रों को पाठ्यक्रम से परिचित कराने का एक अनूठा प्रयास है जोकि विभाग की स्थापना के बाद से आयोजित किया जा रहा है। छात्रों को सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण देने के लिए सप्ताह भर चलने वाले इस कार्यक्रम के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और विकास क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया । केरल की डॉ. अंजू सोसन जॉर्ज, अमेरिका की टेक्सास यूनिवर्सिटी से डॉ. राम शेफर्ड भीनावेनी, केकेएचएसओयू असम से डॉ. मृदुस्मिता दुआरा, स्वाति मुरली, हकदारश एम्पावरमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड बैंगलोर से, डाल्टन, फिल्म समीक्षक दिल्ली, डॉ वी सई कुमार, परामर्श चिकित्सक, चेन्नई से, डॉ श्रीनी केआर पयागरी इनोवेशन सॉल्यूशंस, आईआईटी मद्रास, डॉ जितेंद्र सिंह एनसीसी अधिकारी- इगाँराजविवि और गुड्डू, इगाँराजविवि से कार्यक्रम में वक्ता के रूप में मौजूद रहे। वक्ताओं ने कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर वक्तव्य प्रस्तुत किये, जिसमें सॉफ्ट स्किल्स, रिसर्च, फील्ड वर्क, सोशल वर्क विधि, एनसीसी, एनएसएस आदि शामिल हैं। छात्रों ने विभिन्न कौशल हासिल किए, जिनमें सॉफ्ट स्किल्स, शोध के तरीके, सामुदायिक विकास में सामाज कार्य की भूमिका और सामुदायिक संवेदीकरण, पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका शामिल हैं। सीनियर ने जूनियर स्टूडेंट्स के साथ अपने अनुभव साझा किए। सत्र का उद्घाटन करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. रंजू हसीनी साहू ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्य है जहां नए प्रवेशित छात्रों ने कई पहलुओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403